रांची, सोमवार । 05 अक्टूबर 2026 । वर्ष-27, अंक-243, पृष्ठ-12 । www.rastriyanaveenmail.com

आश्विन कृष्ण पक्ष 10 संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर । हर पक्ष पर नजर



मुख्यमंत्री से एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की झारखंड की खिलाड़ियों ने की मुलाकात

## बोले सीएम

1. खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और अदम्य जज्बे से बढ़ाया है देश का गौरव
2. इस शानदार उपलब्धि से राज्य के खेल इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया
3. इस गौरवमयी उपलब्धि से राज्य की बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी
4. झारखंड में खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयत्नशील है

**सीएम का खिलाड़ियों के प्रति व्यवहार आत्मीय और एक अभिभावक जैसा रहा**

# झारखंडी बेटियों की स्वर्णिम सफलता देश व राज्य के लिए गौरव की बात : हेमंत सोरेन

- **मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई मिठाई खिलाकर किया उत्सावर्धन, अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्णिम इतिहास रचने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की झारखंडी खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इन खिलाड़ियों में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग एवं दीपिका सोरेंग शामिल थीं। खिलाड़ियों से विधायक कल्पना सोरेन ने भी मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी खिलाड़ियों से उनके शानदार प्रदर्शन की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली और उनके अनुभव के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को मिठाई खिला कर इस शानदार उपलब्धि के लिए उनकी हौसला अफजाई की और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता अर्जित करने में झारखंड की खिलाड़ियों का योगदान राज्य व देश के लिए गौरव व सम्मान की बात है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और अदम्य जज्बे से देश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से राज्य के खेल इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। इन उपलब्धियों से झारखंड के साथ-साथ देश की युवा पीढ़ी, खिलाड़ियों एवं विशेषकर राज्य की बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को आगे भी इसी उत्साह, लगन, परिश्रम व समर्पण के साथ देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

शेष पेज 11 पर



## कल्पना सोरेन ने मां की तरह किया खिलाड़ियों का स्वागत

गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने भी चारों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने सबसे पहले सभी खिलाड़ियों को नारियल पानी पिलाया और उनके लंबे सफर के बाद स्वास्थ्य एवं थकान के बारे में जानकारी ली। कल्पना सोरेन ने खिलाड़ियों से बेहद घरेलू और आत्मीय अंदाज में बातचीत की। उन्होंने पूछा कि झारखंड के लोगों को जहां पारंपरिक भोजन पसंद है, वहीं खिलाड़ी स्वयं क्या खाना पसंद करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी पसंद-नापसंद, खेल यात्राओं और विभिन्न देशों में खेलने के अनुभवों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों से पूछा कि वे अब तक किन-किन देशों में खेल चुकी हैं और वहां का अनुभव कैसा रहा। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने खेल से जुड़े अनुभव भी साझा किए और बताया कि उन्हें स्वयं भी खेलों में रुचि रही है। उन्होंने कहा कि आज देश और राज्य का नाम रोशन करने वाली इन स्टार खिलाड़ियों के साथ समय बिताना उनके लिए खुशी और सम्मान की बात है। कल्पना सोरेन ने चारों खिलाड़ियों के पदकों को भी देखा और उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। शेष पेज 11 पर

### जापान में झारखंड की चार बेटियों ने रचा इतिहास

जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को फाइनल में 1-0 से हराकर 44 वर्षों बाद एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक टीम की कप्तानी झारखंड की बेटी सलीमा टेटे ने की। टीम में झारखंड की निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग भी शामिल रहीं। इस ऐतिहासिक स्वर्णिम उपलब्धि के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए भी सीधे क्वालीफाई कर लिया है।

# जमशेदपुर के मानगो में ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ हत्या, अपहरण, लूट जैसे मामले हैं दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के मानगो थाने की पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित पानी टंकी के पास छापेमारी कर एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 71 पुड़िया में रखा 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ और 200 रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान जवाहर नगर रोड नंबर 9 निवासी 19 वर्षीय समशाद खान के रूप में हुई है। मानगो थाना प्रभारी बीरेंद्र कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि जवाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित पानी टंकी के आसपास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस टीम ने सशस्त्र बल के साथ इलाके में छापेमारी की। शेष पेज 11 पर




## जिउतिया विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से किशोर की हुई मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव के गुलहरिया तालाब में जिउतिया विसर्जन और नहाने के दौरान तालाब में डूबने से एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची हुई है। जिउतिया पर्व की खुशियां मातम में बदल गई है। जिउतिया पर्व संतान की दीर्घायु के लिए किया जाता है। लेकिन, पर्व करने के बाद हादसा होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृत बच्चे की पहचान खाटीन गांव के रहने वाले उपेंद्र गुप्ता के 13 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार

शेष पेज 11 पर

# साहिबगंज में मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति की गला रेतकर की गई हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले एक व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना राधानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर चौक के पास मुख्य सड़क की है। मृतक की पहचान मोहनपुर गांव निवासी गौर चंद्र बागती के रूप में हुई है। सड़क किनारे खून से लथपथ शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, गौर चंद्र बागती रोज सुबह टहलने के लिए घर से निकलते थे। चंद्र बागती रविवार सुबह अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान मोहनपुर चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने धारदार हथियार से उनके गले पर वार किया। गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सुबह सड़क से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस तथा ग्रामीणों को दी। शेष पेज 11 पर

**आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस**



## आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विधायक सत्येंद्र तिवारी पर प्राथमिकी

**रंका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को लेकर गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कथित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। श्रवण सिंह खरवार की शिकायत पर पुलिस ने विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रंका थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार, श्रवण सिंह खरवार द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सत्येंद्र नाथ तिवारी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शेष पेज 11 पर

**मौसम**

## 8 अक्टूबर तक कई जिलों में स्थिति खराब रहने की संभावना

# 10 जिलों में आज वज्रपात-तेज हवा का अलर्ट

- **सबसे कम तापमान लातेहार में 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के 10 जिलों में सोमवार (5 अक्टूबर) को आकाशीय बिजली गिरने (वज्रपात) और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, उनमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, हजारीबाग, कोडरमा और चतरा शामिल हैं। विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों के लिए आठ अक्टूबर तक 'येलो अलर्ट' जारी किया है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 36.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम तापमान 35.4 और न्यूनतम 22.0 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.2 और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



### रांची : साफ रहा मौसम

रांची और आसपास के इलाकों में रविवार को सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। दिन में धूप के कारण हल्की गर्मी और उमस महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 30.6 और न्यूनतम 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चुनाव आयोग के आईटी सिस्टम पर पूर्व सांसद ने थाने में की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने चुनाव आयोग के आईटी सिस्टम को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए गोलमुरी थाने में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने चुनाव आयोग की डीजी (आईटी) डॉ सीमा खन्ना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में चुनाव आयोग के तकनीकी तंत्र में कथित अनियमितता, बाहरी आईटी वेंडर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की भूमिका और मतदाता सूची से बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने का आरोप लगाया गया है। डॉ अजय कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि ईसीआइनेट और ईआरओनेट जैसे चुनावी सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर देश के चुनावी डेटाबेस को कथित तौर पर एक जगह केंद्रीकृत किया गया। उनका दावा है कि सॉफ्टवेयर लॉक और तकनीकी नियंत्रण के माध्यम से स्थानीय निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) के अधिकारों को सीमित किया गया, जिससे मतदाता सूची के स्थानीय स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने टीसीएस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि निजी आईटी वेंडर के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रियाओं को दरकिनार कर ऑनलाइन फॉर्म-6 सहित मतदाता पंजीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों में कथित बदलाव किए गए। शेष पेज 11 पर



**पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अजय कुमार ने चुनाव आयोग की डीजी आईटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को रामगढ़ स्थित जिमखाना क्लब जाकर आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज द्वारा प्रस्तुत श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया।

# सेल के एमटीआई में अधिकारियों और कर्मियों ने किया श्रमदान

नवीन मेल संवाददाता



रांची। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई), रांची में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यपालक निदेशक (एमटीआई एवं एसएसओ) संजय धर ने अधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक कर की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाना जरूरी है। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मियों ने एमटीआई परिसर और आसपास स्थित श्यामली कॉलोनी में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर एमटीआई के मुख्य महाप्रबंधक श्रीमंत मल्लिक ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपने कार्यस्थल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एमटीआई के अधिकारियों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर समारोह को आयोजन

# माता-पिता को वृद्धाश्रम नहीं, परिवार में दें सम्मान : राधाकृष्ण किशोर

नवीन मेल संवाददाता

- वित्त मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर बुजुर्गों की सेवा को बताया संतान का कर्तव्य
- नगड़ी के ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित, अनाथ बच्चों को भी मिला स्नेह



रांची। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि माता-पिता की सेवा करना संतान का कर्तव्य है। वृद्धावस्था में उन्हें वृद्धाश्रम भेजने के बजाय परिवार में सम्मान के साथ रखने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने यह बात रविवार को नगड़ी स्थित बिहार समाज कल्याण संस्थान के ओल्ड एज होम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मां-बाप जीवन के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। उनके लालन-पालन, संस्कार और मार्गदर्शन से ही संतान जीवन में आगे बढ़ती है। सभ्य समाज में वृद्धाश्रम की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। संयुक्त परिवार के टूटने और बिखरने से वृद्धाश्रम की जरूरत पैदा होती है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में माता-पिता की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से अपनी संस्कृति को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में हम सभी भी वृद्धावस्था में पहुंचेंगे, इसलिए बुजुर्गों की पीड़ा और जरूरतों को समझना जरूरी है।

मंत्री ने संस्थान की ओर से बुजुर्गों की सेवा को सराहनीय बताया। कहा कि रांची के उपायुक्त सहित प्रशासनिक अधिकारी भी समय निकालकर वृद्धाश्रम पहुंचते हैं और बुजुर्गों की सेवा करते हैं। जब अधिकारी बुजुर्गों के लिए समय निकाल सकते हैं तो संतान अपने माता-पिता की सेवा क्यों नहीं कर सकती। समारोह में नगड़ी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने झारखंडी रीति-रिवाज से अतिथियों का स्वागत किया। वित्त मंत्री ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। अनगड़ा प्रखंड के सेहदा गांव से पहुंचे महर्षि वाल्मीकि पब्लिक स्कूल के अनाथ बच्चों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण अमोल चक्रवर्ती, संचालन प्रकाश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुंदन कुमार, प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, रांची ग्रामीण दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी तपेश्वर केसरी, संस्थान के सचिव पंकज कुमार सिन्हा, हाजी शाकिर अहमद, लक्ष्मी नारायण सिंह, प्रदीप सिंह, रामकुमार केशरी, पूनम कुमारी सहित आश्रम के सभी बुजुर्ग मौजूद थे।

# एसआईआर, एमएमडीआर व ओबीसी कॉलम के मुद्दे पर राजद ने फूंका पुतला



नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल की ओर से एसआईआर, एमएमडीआर विधेयक और जातीय जनगणना के प्रारूप से ओबीसी कॉलम हटाए जाने के विरोध में पुतला दहन किया गया। धुर्वा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम में राजद प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव, महासचिव मनोज पांडेय, रामकुमार यादव, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो और ऊषा यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम की घोषणा पार्टी ने पहले ही की थी। राजद प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि एमएमडीआर विधेयक लागू होने से झारखंड सरकार को प्रतिवर्ष करीब 13 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इससे मईंयां सम्मान योजना समेत राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार राज्यों के अधिकारों का हनन कर रही है। एसआईआर को लेकर यादव ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने तथा बिहार, पश्चिम बंगाल समेत एसआईआर के कारण प्रभावित राज्यों में दोबारा मतदान कराने की मांग की। एसआईआर को लेकर देशभर में राजनीतिक विवाद जारी है और चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्धारित प्रक्रियाओं के तहत किया जा रहा है। यादव ने जातीय जनगणना के प्रारूप से ओबीसी कॉलम हटाए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद केंद्र सरकार जातीय जनगणना के लिए तैयार हुई, लेकिन ओबीसी कॉलम हटाना जनहित में उचित नहीं है। राजद ने घोषणा की कि इन मुद्दों को लेकर 8 अक्टूबर को धुर्वा बस स्टैंड से जेपी मार्केट होते हुए एचईसी नगर क्षेत्र में पदमार्च और मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

# बाबूलाल मरांडी ने शासन व्यवस्था में सुधार की दी सलाह



रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को शासन व्यवस्था में सुधार और अपने कार्यकाल की परिस्थितियों पर गंभीरता से चिंतन करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती और जनहित में व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री को अपने कार्यकाल से जुड़े विभिन्न मामलों और उनसे उत्पन्न परिस्थितियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने जमीन घोटाला, ईडी अधिकारियों से जुड़े मामले, शराब नीति, पत्थर घोटाला और पेपर लीक प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मामलों में अदालतों में विभिन्न स्तर पर गंभीर बातें सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने विश्वस्त लोगों और अधिकारियों को भ्रष्टाचार से रोक सकते थे। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसा प्रभावी तरीके से क्यों नहीं किया गया।

# भाजपा की सह प्रभारी निवेदिता सिंह का स्वागत, जताया आभार



नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा झारखंड प्रदेश की नव नियुक्त सह-प्रभारी एवं बिहार विधान परिषद की सदस्य निवेदिता सिंह के झारखंड आगमन पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने उनका शॉल ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के द्वारा उनका स्वागत करते हुए उन्हें नए दायित्व की बधाई देते हुए उनके सफल एवं मंगलमय प्रवास हेतु शुभकामनाएं दी गई। वहीं निवेदिता सिंह ने स्वागत के लिए पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, प्रदेश मंत्री शालिनी बैसिखियार, मनीर उरांव, शैलेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक विरंची नारायण, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, सीमा सिंह, सूरज शाहदेव, रमेश सिंह, वरुण साहू, माया सिंह सिसोदिया, निशि जायसवाल, राजू सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुनील साहू, ऋषिकेश राणा, देवराज सिंह, दिनेश साहू, रंजीता सिंह, यश परमार सहित सैकड़ों की संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया।

# बीआईटी मेसरा के 300 छात्रों ने 24 घंटे में सुलझाई एआई चुनौतियां

> एड्रोसोनिक बिल्ड में 21 टीमों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

## डीपफेक और बीमा धोखाधड़ी पर छात्रों ने तैयार किए एआई समाधान

नवीन मेल संवाददाता




रांची। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक और बीमा क्षेत्र से जुड़ी तकनीकी चुनौतियों के समाधान के लिए बीआईटी मेसरा के 300 से अधिक छात्र 24 घंटे की तकनीकी प्रतियोगिता 'एड्रोसोनिक बिल्ड' में शामिल हुए। एड्रोसोनिक की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने जनरेटिव एआई, धोखाधड़ी की पहचान और बीमा विश्लेषण से जुड़ी वास्तविक उद्योग समस्याओं के समाधान तैयार किए।

प्रतियोगिता के लिए 106 से अधिक टीमों ने पंजीकरण कराया था। प्रत्येक टीम में करीब तीन छात्र थे। इनमें से 21 टीमों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया। 3 अक्टूबर से शुरू हुए 24 घंटे के निर्माण चरण में चयनित टीमों ने निर्धारित विषयों पर समाधान तैयार किए और उनका प्रदर्शन किया। 4 अक्टूबर को विजेता टीमों की घोषणा की गई।

प्रतियोगिता के तहत छात्रों ने जनरेटिव एआई के लिए अधिक सटीक सूचना खोज प्रणाली, कृत्रिम पहचान और डीपफेक के जरिए किए जाने वाले बीमा दावों में धोखाधड़ी की पहचान तथा बीमा कंपनियों के लिए एआई आधारित स्टेटमेंट ऑफ वैल्यूज विश्लेषण प्रणाली जैसे विषयों पर काम किया। एड्रोसोनिक और बीआईटी मेसरा के बीच उद्योग-शिक्षा सहयोग 2022 से जारी है। इसी क्रम में 2024 में बीआईटी मेसरा में डिजिटल इनोवेशन लैब स्थापित की गई, जिस पर करीब पांच करोड़ रुपये का निवेश किया गया। प्रयोगशाला में छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, बड़े भाषा मॉडल और डेटा साइंस जैसी तकनीकों पर काम करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

डिजिटल इनोवेशन लैब के प्रमुख एवं क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डेटा साइंस विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष कुमार पांडेय ने कहा कि चुनौती केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि उसे वास्तविक और जटिल परिस्थितियों में लागू करने की है। वहीं एड्रोसोनिक के नवाचार प्रमुख कमलेश यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक समस्याओं पर परखने का अवसर मिलता है। इससे टीमवर्क, समस्या समाधान और समाधान को लागू करने की क्षमता विकसित होती है। 'एड्रोसोनिक बिल्ड' का उद्घाटन 2 अक्टूबर को प्रो. विशाल एच. शाह, डॉ. मनीष कुमार पांडेय और डॉ. किशोर कुमार सिनापति की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर एड्रोसोनिक के नेतृत्वकर्ता और बीआईटी मेसरा के शिक्षक भी उपस्थित थे।

## खेलकूद

## राज्य स्तरीय खेलो झारखंड में एथलेटिक्स में हजारीबाग और लातेहार का दबदबा

# हॉकी के बालक व बालिका दोनों वर्गों में सिमडेगा बना चैंपियन

- राज्य स्तरीय अंडर-17 प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से रांची के खेलगांव अभ्यास मैदान एवं मोरहाबादी स्थित हॉकी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड 2026-27 की दो दिवसीय अंडर-17 एथलेटिक्स एवं हॉकी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स के बालिका वर्ग में हजारीबाग और बालक वर्ग में लातेहार ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, हॉकी के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में सिमडेगा की टीम विजेता बनी।

अंडर-17 बालिका एथलेटिक्स में हजारीबाग ने प्रथम, रांची ने द्वितीय और पश्चिमी सिंहभूम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में लातेहार ने पहला, साहिबगंज ने दूसरा और खूंटी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अंडर-17 हॉकी बालिका वर्ग में सिमडेगा ने विजेता का खिताब जीता। रांची दूसरे और हजारीबाग तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में सिमडेगा की बर्टिला केरकेट्टा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, संदीपा कुमारी को प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा रांची की प्रीति बारला को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। बालक वर्ग में भी सिमडेगा प्रथम, खूंटी द्वितीय और गुमला तृतीय स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में हजारीबाग के रितेश टोपनो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सिमडेगा के अनुकेत केरकेट्टा को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सिमडेगा के ऋषभ कुल्लू को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया।

मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि राज्य स्तरीय खेलो झारखंड का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं आयोजित करना नहीं, बल्कि विभिन्न जिलों में छिपी स्कूली खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें बेहतर मंच, प्रशिक्षण और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। एथलेटिक्स और हॉकी में खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा। सभी विजेता एवं उपविजेता जिलों की समग्र विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार एवं सम्मान राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग, झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ के महासचिव शिवकुमार पांडेय, हॉकी संघ के विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार ने प्रदान किए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी मनोज कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग सहित राज्य खेल कोषांग के सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## दृष्टिपात

### एमएमडीआर संशोधन कानून राज्यों के अधिकारों पर हमला : लाल किशोर नाथ



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने एमएमडीआर (खान एवं खनिज विकास और विनियमन) संशोधन कानून को संघीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार एक साजिश के तहत झारखंड की मंईयां सम्मान योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाओं को बंद कराना चाहती है। शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एमएमडीआर कानून में किए गए संशोधन राज्यों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। झारखंड जैसे खनिज संपदा से समृद्ध राज्य का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन केंद्र की नीतियों के कारण राज्य अपने जायज अधिकार और राजस्व से वंचित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार खनन क्षेत्रों का केंद्रीकरण कर राज्य सरकारों के अधिकार और नियंत्रण को कमजोर कर रही है। इससे संघीय ढांचा प्रभावित हो रहा है। संशोधन का उद्देश्य स्थानीय लोगों और जल-जंगल-जमीन की रक्षा करने के बजाय चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों और उद्योग घरानों को लाभ पहुंचाना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि स्थानीय सहमति और पर्यावरणीय प्रभावों की पर्याप्त चिंता किए बिना कोयला और खनिज ब्लॉकों की नीलामी से आदिवासियों और मूलवासियों के विस्थापन का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों पर राज्य का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रॉयल्टी बकाया है, लेकिन इसका भुगतान करने में आनाकानी की जा रही है। शाहदेव ने कहा कि भाजपा के झारखंड के नेता इस कानून के खिलाफ आवाज उठाने के बजाय दिल्ली में बैठे अपने नेताओं को खुश करने में लगे हैं। कांग्रेस झारखंड के संसाधनों की लूट और आदिवासी-मूलवासी अधिकारों के हनन के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी तथा केंद्र की खनन नीतियों का विरोध करेगी।

### सरकारी अस्पतालों में दवा खरीद पर अजय साह ने उठाए सवाल



रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड के सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जिन दवाओं की खरीद कम कीमत पर हो रही है, उन्हीं दवाओं के लिए झारखंड सरकार कई गुना अधिक राशि खर्च कर रही है। अजय साह ने उदाहरण देते हुए कहा कि एमोक्सिसिलिन 500 एमजी की खरीद बिहार में करीब 1.15 रुपये की दर से हो रही है, जबकि झारखंड में इसी दवा के लिए करीब 3.50 रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसी तरह 21 ग्राम ओआरएस की कीमत झारखंड में करीब 8.50 रुपये बताई जा रही है, जबकि अन्य राज्यों में इसकी खरीद कम दर पर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले भी सरकारी अस्पतालों की टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठा चुकी है। आरोप है कि झारखंड के 11 सदर अस्पतालों के 11 टेंडर रांची के एक ही परिवार से जुड़ी फर्मों को दिए गए। इन टेंडरों में बाजार दर से कई गुना अधिक कीमत पर खरीद किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। एक ओर एम्बुलेंस व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए जरूरी दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले भी एक्सपायरी दवाओं और दवाओं के नष्ट किए जाने से संबंधित मामले सामने आते रहे हैं। अजय साह ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं की राजनीतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने टेंडर, एम्बुलेंस, मोतियाबिंद ऑपरेशन और दवा खरीद से जुड़े मामलों की जांच की मांग करते हुए मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए।

### भाजपा नेताओं के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है। श्री शाहदेव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी पर बीजेपी आदतन हमलावर रहती है । लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के बयानों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के पास न तो कोई ठोस मुद्दा बचा है और न ही वे तथ्यों की सही जानकारी रखते हैं। वे केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए मीडिया में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव लाल किशोर नाथ शाहदेव झारखंड में दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की खरीद पूरी तरह से पारदर्शी और निर्धारित नियमों के तहत होती है। किसी भी दवा की दरें गुणवत्ता, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और डिलीवरी शर्तों के आधार पर तय की जाती हैं। भाजपा शासित राज्यों के केवल चुनिंदा उदाहरणों को तोड़-मरोड़ कर पेश करना पूरी तरह से हास्यास्पद है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा की आदत बन चुकी है कि जब भी उनके पास विकास और काम के नाम पर बोलने को कुछ नहीं होता, तो वे टेंडर और प्रक्रियाओं में भी धार्मिक और सांप्रदायिक कोण ढूंढने लगते हैं। किसी फर्म या परिवार के नाम पर अनर्गल आरोप लगाना उनकी नकारात्मक मानसिकता को दर्शाता है।

### कांग्रेस ने जिलों में व्यापक जनभागीदारी के साथ मार्च निकालने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ दूरदृश्य माध्यम से बैठक की। बैठक में पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान को झारखंड में व्यापक एवं प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सभी जिलों में 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रत्येक जिले में 'वोट बचाओ–देश बचाओ मार्च' निकालने को कहा गया। जिला कांग्रेस अध्यक्षों एवं प्रभारियों को मार्च में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मार्च डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा अथवा जिला समाहरणालय तक निकाला जाएगा। निर्धारित स्थल पर पहुंचने के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। इसके बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक रूप से वाचन होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन का भी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सभी जिला कांग्रेस कमिटियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और लोकतंत्र एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। सभी जिलों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित कर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है।

### श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण



रांची। पुंदाग स्थित राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में 286वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर में श्री राधा रानी जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार आकर्षक आभूषणों एवं मनोहारी पुष्पों से किया गया, दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी,लीची जूस, एवं आलू चिप्स का पैकेट का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।

## एक्सपो टैंक एवं डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# जेसीआई एक्सपो उत्सव में संडे बना फन डे

- प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई (जूनियर चैंबर इंटरनेशनल) के बहुप्रतीक्षित और भव्य आयोजन 'एक्सपो उत्सव 2026' की शुरुआत हो गई है। यह मेला दिनांक 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इस बहुप्रतीक्षित व्यापार मेले की 29वीं वर्षगांठ मना रही है। इस मेले में देश-विदेश के कई स्टॉल लगते है ।
रविवार को मेले की शोभा बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सुमित अग्रवाल, जमशेदपुर रॉयल्स मौजूद थे। टीके अग्रवाल, सीए विवेक अग्रवाल ने रांची आकर एक्सपो मेले का भ्रमण किया। उन्होंने जेसीआई के सभी युवा सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी सदस्यों में प्रतिभा एवं विचारों की कमी नहीं है। ऐसे भव्य आयोजन के लिए कठोर परिश्रम की आवश्यकता है, जो इस मेले में दिखाई हो रहा है। उन्होंने सभी को ढेरों शुभकामनाएं दी। अतिथियों को एक शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जेसीआई द्वारा सेवा प्रकल्प हेतु नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया, जिसमे लगभग 100 से अधिक लोगो ने निशुल्क जांच कराया। जेसीआई एक्सपो उत्सव संडे को फन डे बन गया। एक्सपो परिसर में रविवार (4 अक्टूबर) को एक्सपो टैंक एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। एक्सपो टैंक में कुल 13 टीम के 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन के निर्णायक समिति में रांची के जेसी जय प्रकाश सिंघानिया, व्यवसायी अवध पोद्दार, अभिनव शाह एवं मोना मेहता, जो रांची के प्रतिष्ठित उद्यमी है। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट खुशी पाटोदिया, जेसीरेट स्वाति चौधरी एवं जेसीरेट पायल अग्रवाल थीं। एक्सपो टैंक के पश्चात डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे कुल 75 बच्चो ने भाग लिया। निर्णायक समिति में रांची के दीपक सिंह एवं आकांक्षा सिंह थीं। इसके सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट भावना राठौड़, जेसीरेट स्वाति खोवाल, जेसीरेट प्रेमा जालान, जेसीरेट अदिति राठौड़ एवं जेसीरेट सौम्या अग्रवाल थीं।
'एक्सपो उत्सव 2026' के इस संस्करण के प्रिंसिपल स्पांसर पंचरत्न स्काईलाइन है। इसके साथ ही टैंगो, अल्पाइन और गृहस्थी द्वारा पावर्ड है। एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने बताया कि सात दिनों के इस उत्सव में कुल 400 स्टॉल्स देश के विभिन्न शहरो से लग रहे हैं। सभी स्टॉल्स वातानुकूलित हैं। एक्सपो में बड़े ब्रांड्स, स्टार्ट अप्स, ऑटोमोबाइल्स, ड्राई फ्रूट्स इत्यादि स्टॉल्स लगेंगे। औरतो के लिए एक समर्पित पिंक हैंगर लगा है, जिसमे सिर्फ महिला उद्यमियों को स्टाल्स दिया गया है। बच्चो के लिए एम्यूजमेंट पार्क है, जिसमें तरह-तरह के झूले लगे हुए हैं।
इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर के कई बड़े ब्रांड्स सहयोगी के रूप में जुड़े हैं। इनमें होटल चाणक्य (हॉस्पिटैलिटी पार्टनर), मोशन (एजुकेशन पार्टनर), बुद्धा टोयोटा (ऑटोमोबाइल पार्टनर), श्री अलंकार (ज्वेलरी पार्टनर), श्नाइडर इलेक्ट्रिक (इलेक्ट्रिक पार्टनर), प्रभुजी (फ़ूड पार्टनर), वॉव डिटेलिंग (डिटेलिंग पार्टनर), बागला (सिक्योरिटी पार्टनर) बलीफिया (फोटोग्राफी पार्टनर), NTPC (माइनिंग पार्टनर), आराध्या (ट्रैवल पार्टनर), अपना मार्ट (ग्रोसरी पार्टनर), मी & मॉम्स (लाइफस्टइल पार्टनर), एटीसी (स्वच्छ पार्टनर), कैफीनेटर्स (बेवरेज पार्टनर) और रेडियो धूम (रेडियो पार्टनर) है। संस्था के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर्स जेसी सौरभ जालान, जेसी राहुल टिबरेवाल एवं जेसी सौरव नारेड़ी, जेसी सीए दीपक पटेल (एक्सपो ट्रेजरर), जेसी ऋषभ जालान (डायरेक्टर बिजनेस), जेसी अनिमेश निखिल (उपाध्यक्ष-बिजनेस), जेसीरेट तृष्णा अग्रवाल (चेयरमैन, एक्सपो, लेडीज विंग), लेडीज विंग की अध्यक्ष जेसीरेट खुशबु सिंघानिया तथा सचिव जेसीरेट नलिनी जैन शामिल थीं। यह जानकारी एक्सपो के मीडिया प्रभारी जेसी वरुण जालान ने दी।

### आज योग प्रतियोगिता एवं बुटिक्स एक्सपो फैशन शो का आयोजन

सोमवार (5 अक्टूबर) को योग प्रतियोगिता एवं बुटिक्स एक्सपो फैशन शो का आयोजन होगा। इसमे रांची के गण्यमान्य डिजाइनर अपने अपने परिधान का प्रदर्शनी करेंगे। 6 अक्टूबर 2026 को भजन जैमिंग का आयोजन होगा, जिसमे बाहर से आये कलाकार मधुर भजन प्रस्तुत करेंगे। इस बार क्यूआर कोड की मदद से एक्सपो के दौरान जो इवेंट्स हो रहे है, उसमे रजिस्टर कराया जा सकता है एवं एंट्री टिकट भी बुक कराया जा सकता है।

---

## चेन छिनतई गिरोह के खिलाफ रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ओरमांझी में कोढ़ा गैंग से मुठभेड़, गिरोह के मुखिया को लगी गोली, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में लगातार महिलाओं को निशाना बना रहे चेन छिनतई गिरोह के खिलाफ रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को ओरमांझी थाना क्षेत्र के चुट्टू गांव के पास पुलिस और कोढ़ा गैंग के अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कार्रवाई के दौरान गिरोह का मुखिया आकाश उर्फ रंगीला पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मौके से उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा के अनुसार, राजधानी में लगातार हो रही चेन छिनतई की घटनाओं की जांच के दौरान इस गिरोह के बारे में अहम सुराग मिले थे। इसके बाद विशेष टीम आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। रविवार को सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य रिंग रोड से सटे चुट्टू इलाके में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान रंगीला ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की सर्विस पिस्टल छीन ली और भागने लगा। पुलिस के अनुसार, पीछा किए जाने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। खतरा देखते हुए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें उसके पैर में गोली लगी। गोली लगने के बाद वह मौके पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।
मुठभेड़ के दौरान गिरोह के दो अन्य सदस्य मौके से निकलने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को भी पकड़ लिया। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब गिरोह के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपियों ने राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई चेन छिनतई की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस को आशंका है कि इसी गिरोह ने लालपुर, बरियातू, डोरंडा समेत कई इलाकों में महिलाओं को निशाना बनाया है। गिरफ्तार आरोपियों से अब यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि छिनतई के बाद सोने की चेन और अन्य सामान किसके जरिए खपाया जाता था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हथियार, 10 से ज्यादा लूटी गई चेन और अन्य सामान की बरामदगी भी की है।



- मुखिया रंगीला को अस्पताल में कराया गया भर्ती
- आरोपियों की निशानदेही पर हथियार व चेन बरामद

### बिहार के कटिहार से जुड़ा है कोढ़ा गिरोह का नेटवर्क

**रांची।** राजधानी में चेन छिनतई की दर्जन भर वारदातों के पीछे कोढ़ा गिरोह का हाथ था। बिहार के कटिहार से जुड़े इस गिरोह का नेटवर्क सिर्फ एक शहर तक सीमित नहीं है। पुलिस की जांच में इसके सदस्यों के बिहार और झारखंड के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय होने की बात सामने आई है। गिरोह के गिरफ्तार सदस्य आकाश उर्फ रंगीला के आपराधिक इतिहास ने काफी बड़ा है। रांची पुलिस के साथ एनकाउंटर में रविवार को रंगीला घायल हुआ है जबकि उसके अन्य साथी पकड़े गए हैं। पुलिस के अनुसार, रंगीला के खिलाफ दोनों राज्यों में करीब दो दर्जन कांड दर्ज हैं। रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि आकाश उर्फ रंगीला के खिलाफ बिहार के शेखपुरा, समस्तीपुर, सहरसा समेत कई जिलों में छिनतई, लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले दर्ज हैं। झारखंड में भी गिरोह के सदस्यों के खिलाफ छिनतई की घटनाओं की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब अलग-अलग जिलों से आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड जुटा रही है। यानी, कोढ़ा गिरोह के लिए शहर बदलना और वारदात करना कोई नई बात नहीं है। एक जगह घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे इलाके में सक्रिय होना इस नेटवर्क की कार्यशैली का हिस्सा माना जा रहा है। रांची पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने राजधानी में सात से दस चेन छिनतई की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसके अलावा हाल के दिनों में हुई पांच से छह चेन छिनतई की घटनाओं के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी गई है। आरोपियों की निशानदेही पर कुछ चेन बरामद की जा चुकी हैं, जबकि कई अन्य घटनाओं से जुड़े सामान की बरामदगी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। इससे पुलिस को आशंका है कि शहर में दर्ज कई पुरानी छिनतई की घटनाओं की कड़ी भी इसी गिरोह से जुड़ सकती है। कोढ़ा गिरोह की गंभीरता सिर्फ चेन छिनतई तक सीमित नहीं है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने हथियार छिपाकर रखने की जानकारी भी दी थी। हथियार बरामद करने के दौरान ही आरोपी रंगीला ने पुलिसकर्मी का पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की थी।

**रंगीला पर दो राज्यों में दर्ज हैं दर्जनों कांड**

---

## भारत-वेस्टइंडीज टी-20 से पहले रांची में सुरक्षा का कड़ा घेरा

# मुकाबले से पहले रांची में तैयार किया जा रहा सुरक्षा का बहुस्तरीय घेरा : डीसी

- आज से शुरू होगी मैच के टिकटों की बिक्री, टिकट की कालाबाजारी पर रहेगी पुलिस की नजर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 9 अक्टूबर 2026 को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे टी-20 मुकाबले को लेकर रांची में सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है। रविवार को जेएससीए स्टेडियम में जिला प्रशासन, रांची पुलिस और जेएससीए प्रबंधन के अधिकारियों की अहम बैठक हुई। बैठक में खिलाड़ियों की सुरक्षा, दर्शकों की भीड़, ट्रैफिक व्यवस्था, टिकटों की बिक्री और साइबर ठगी समेत तमाम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने मैच के दौरान किसी भी स्तर पर चूक न हो, इसके लिए जिम्मेदारियां तय कीं। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मैच को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और जेएससीए प्रबंधन के बीच लगातार समन्वय किया जा रहा है। सुरक्षा, ट्रैफिक, भीड़ नियंत्रण और दर्शकों की सुविधा से जुड़े सभी बिंदुओं पर तैयारी की जा रही है। कुल मिलाकर 9 अक्टूबर के भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मुकाबले से पहले रांची में सुरक्षा का बहुस्तरीय घेरा तैयार किया जा रहा है। खिलाड़ियों के एयरपोर्ट पहुंचने से लेकर होटल, प्रैक्टिस और मैच के दिन स्टेडियम तक उनकी सुरक्षा के साथ दर्शकों की भीड़, टिकटों की कालाबाजारी, साइबर फ्रॉड और ट्रैफिक व्यवस्था पर पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पुख्ता किया जा रहा है। खिलाड़ियों के रांची पहुंचने से लेकर एयरपोर्ट से होटल और होटल से जेएससीए स्टेडियम तक आने-जाने के लिए विशेष रूट निर्धारित किए गए हैं। इन सभी रूटों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी रहेगी। प्रैक्टिस से लेकर मैच के दिन खिलाड़ियों के स्टेडियम आने-जाने तक सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी। स्टेडियम के अंदर और बाहर भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। बिना वैध टिकट या अधिकृत पास के किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। पुलिस मुख्यालय के द्वारा क्रिकेट मैच को लेकर अतिरिक्त बल भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।
मैच के टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरू होगी। टिकट काउंटरों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। किसी तरह की अव्यवस्था रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। पुलिस की नजर टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर भी रहेगी। इसके अलावा, टिकट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी को लेकर भी पुलिस और जेएससीए प्रबंधन अलर्ट है।

### साइबर फ्रॉड से रहें सावधान

जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि बड़े अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान टिकट के नाम पर साइबर ठगी की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में दर्शकों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ठगी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

---

## आज कल




---

## रांची डीसी और एसएसपी ने दुर्गा पूजा समिति की बैठक में कहा

# पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए

**नवीन मेल संवाददाता**



बैठक में 35 दुर्गा समितियों ने लिया भाग

**रांची।** रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन रविवार को धुर्वा स्थित मेफेयर बैंकेट हॉल में जगन्नाथ नगरीय दुर्गा पूजा समिति, धुर्वा की ओर से आयोजित बैठक में सम्मिलित हुए। इस बैठक में 35 दुर्गा समितियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में दुर्गा पूजा के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सभी दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के संबंध में जारी किए गए समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूजा समितियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, अग्नि सुरक्षा उपायों, विद्युत व्यवस्था की जांच, भीड़ नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी सभी नियमों का कड़ाई से पालन करने को कहा। साथ ही, दोनों अधिकारियों ने सभी दुर्गा पूजा समितियों से अपील की कि वे जिला प्रशासन के साथ पूर्ण समन्वय बनाए रखें तथा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि दुर्गा पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण, भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

---

# कचहरी चौक के एक होटल में पुलिस की छापेमारी, सेक्स रैकेट का खुलासा

- आधा दर्जन से अधिक युवतियां और कई युवक हिरासत में
- मोबाइल व होटल रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस, कई अहम साक्ष्य मिले

**नवीन मेल संवाददाता**



- रांची में देर रात चला बड़ा अभियान

**रांची।** राजधानी रांची में होटल और बार की आड़ में चल रहे कथित देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने शनिवार की देर रात बड़ा अभियान चलाया। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर कोतवाली और लालपुर इलाके में पुलिस की विशेष टीमों ने आधा दर्जन से अधिक होटल और बार में छापेमारी की। इसी दौरान कचहरी चौक के पास स्थित होटल क्वारेंटीन में कथित सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ। पुलिस ने होटल के कमरों से आधा दर्जन से अधिक युवतियों को पकड़ा। वहीं, कई युवकों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, होटल में कमरे बुक कर कथित तौर पर अनैतिक गतिविधियां संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने अचानक होटल में दबिश दी। टीम ने रिसेप्शन से लेकर कमरों तक की जांच की और होटल में ठहरे लोगों का रिकॉर्ड खंगाला। कार्रवाई के दौरान पुलिस को कई अहम साक्ष्य मिले हैं।

### दूसरे होटल-बार भी पुलिस के रडार पर

होटल क्वारेंटीन पर कार्रवाई के साथ पुलिस ने शहर के दूसरे होटल और बार को भी जांच के दायरे में लिया है। लालपुर इलाके में भी कई बार की जांच की गई और संदिग्ध युवक-युवतियों से पूछताछ हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य होटल और बार की आड़ में चल रही संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाना है। जांच पूरी होने के बाद ही कथित नेटवर्क में शामिल लोगों और उनकी भूमिका की पूरी तस्वीर साफ होगी।

---

## अग्रवाल सभा | अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का हुआ था आयोजन

# 15 प्रतियोगिताओं के विजेता 250 बच्चे हुए पुरस्कृत

- दो चरणों में किया गया पुरस्कार वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के 50वें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन में किया गया। इसमें लगभग 250 बच्चे पुरस्कृत हुए। सभा द्वारा अग्रवाल बच्चों के लिए लगभग 15 प्रतियोगिताएं विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई थीं।
पुरस्कार वितरण दो चरणों में किया गया था। पहले चरण में अग्रवंशी बच्चों को सम्मानित किया गया । पहले चरण के मुख्य अतिथि प्रतीक मोर थे । अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने आए हुए सभी महानुभावों का स्वागत किया। संयोजक सज्जन पाडिया ने जयंती कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं मंत्री निर्मल बुधिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।
दूसरे चरण की प्रतियोगिताओं के मुख्य अतिथि विजय कुमार बहादुर थे। दूसरे चरण में अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता एवं डॉ राम मनोहर लोहिया जस्ट ए मिनिट भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर 2026 को मारवाड़ी भवन हरमू में हुआ था। इसमें शहर के लगभग 160 स्कूलों के 1600 बच्चों ने भाग लिया था। आज उनमें से 91 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सभी विजयी बच्चों को विजय बहादुर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं जीवन उपयोगी अनेकों बातें बच्चों को बताई कि आप अपने जीवन में कैसे अच्छा कर सकते हैं ।इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र केडिया, अशोक नारसरिया, कमल केडिया, रामाशंकर बगड़िया, प्रभाकर अग्रवाल, प्रमोद बगड़िया, अमर अग्रवाल, सुनील पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, विनोद टीबड़ेवाल, श्रवण अग्रवाल, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अशोक लाठ, नरेश बंका, हनुमान बेड़िया, आकाश अग्रवाल, प्रकाश खेतावत, आदर्श, गुलशन, इशांत, शिवम, गौरव आदि सदस्य उपस्थित थे।

---

# अंगिका समाज ने आदिम जाति सेवा मंडल अनाथालय में बच्चों को दी भोजन सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंगिका समाज के सदस्य झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के सौजन्य से चलाए जा रहे सेवा कार्यक्रम के तहत बच्चों के सेवार्थ रविवार को आदिम जाति सेवा मंडल अनाथालय, निवारणपुर, रांची पहुंचे। यहां रह रहे एवं अध्यनरत बच्चों के लिए अंगिका समाज की ओर से चावल, दाल, चूड़ा, गुड़, आलू, सरसों तेल, नमक आदि उपलब्ध कराया गया। अनाथालय के सभी बच्चों की उपस्थिति में संस्थान के अधीक्षक, अजय श्रीवास्तव के सहयोग से सोमर मुंडा, लेखपाल ने इसे ग्रहण किया। इस अवसर पर महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह ने बच्चों को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी के प्रेरक प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उंचा लक्ष्य सामने रखकर लगन से पढ़ाई करने के लिए उत्साहवर्धन किया। साथ ही, बच्चों को अपना हौसला मजबूत रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बच्चों ने भी इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सोमर मुंडा ने भी संस्था धन्यवाद दिया।

## बुढ़मू के साठीतारी टोला हत्याकांड का खुलासा, आरोपी हुआ गिरफ्तार



**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के चायां साठीतारी टोला में वृद्ध महिला की धारदार हथियार से हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी अभिराम नायक (45), पिता स्व. चंदन नायक, निवासी चायां, बुढ़मू को गिरफ्तार किया है। डीएसपी खलारी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष जांच टीम ने मानवीय सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त करीब ढाई फीट लंबा खून से सना लोहे का दाबी और खून लगा गमछा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, साठीतारी टोला में वृद्ध महिला की धारदार हथियार से हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## टूर एंड ट्रेवल एजेंसी के कार्यालय का उद्घाटन



**चान्हो।** मदरसा चौक, बालसोकरा में शनिवार को मदनी टूर एंड ट्रेवल एजेंसी के नए कार्यालय का उद्घाटन उलेमा-ए-कराम की मौजूदगी और दुआ के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उलेमा ने एजेंसी की कामयाबी, तरक्की और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने के लिए दुआ की। एजेंसी के प्रोपराइटर मौलाना गाजी सलाहुद्दीन कासमी ने कहा कि लोगों को हज और उमरा यात्रा के लिए दूर नहीं जाना पड़े, इसी उद्देश्य से कार्यालय शुरू किया गया है। यहां हज-उमरा बुकिंग के साथ आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। देशभर के विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए टूर पैकेज भी मिलेंगे। उन्होंने बताया कि सुनह स्टोर में इस्लामिक किताबें, धार्मिक सामग्री और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध होंगे। उद्घाटन में मौलाना अब्दुल कय्यूम, मुफ्ती सलमान कासमी सहित बड़ी संख्या में उलेमा व लोग उपस्थित थे।

## मांडर के मालटोटी गांव में पक्की नाली निर्माण का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



**मांडर।** प्रखंड क्षेत्र के मालटोटी गांव में रविवार को 15वें वित्त आयोग मद से प्रस्तावित पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा ने किया। ग्रामीणों की मौजूदगी में उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। प्रस्तावित नाली का निर्माण मालटोटी में शारदा उपाध्याय के घर से विष्णु उरांव के घर तक कराया जाएगा। इसके अलावा बरगड़ी गांव में भी पक्की नाली का निर्माण कराया जाना है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा ने कहा कि क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को देखते हुए ग्रामीण लंबे समय से पक्की नाली निर्माण की मांग कर रहे थे। नाली निर्माण पूरा होने के बाद बारिश के दिनों में सड़क और घरों के आसपास होने वाले जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, नाली, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने और किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर इसकी जानकारी देने की अपील की। कार्यक्रम में मुखिया फूलमनी कुमारी, लक्ष्मण उरांव, जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रबुल अंसारी, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, ग्राम प्रधान बहादुर पाहन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## खुटी टोली में जलमीनार योजना का शिलान्यास ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर पेयजल सुविधा



**चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को सॉंस पंचायत के खुटी टोली में जलमीनार योजना का शिलान्यास किया गया। योजना 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत हुई है। इसकी स्वीकृति जिला परिषद सदस्य मो. आदिल अजीम की अनुशंसा पर हुई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जलमीनार योजना शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने कहा कि योजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर होने की उम्मीद है और लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मो. आदिल अजीम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है। उनका प्रयास है कि पंचायत क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध हों और विकास योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए जरूरत के अनुसार विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जलमीनार योजना के लिए जिला परिषद सदस्य के प्रयास की सराहना की। ग्रामीणों ने सड़क, नाली, पेयजल समेत अन्य जरूरी विकास योजनाओं को भी प्राथमिकता देने की मांग की।

## रांची वेटरनरी कॉलेज के विद्यार्थियों ने वन्यजीव सप्ताह वॉकथॉन में भाग लिया



**रांची।** वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रविवार 4 अक्टूबर को आयोजित 10 किमी वॉकथॉन में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वाकाथन प्रातः 6:30 बजे वन भवन, डोरंडा, रांची से प्रारंभ हुआ और कडरू, अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू होते हुए वापस वन भवन लौटकर समाप्त हुआ । कॉलेज की ओर से सहायक प्राध्यापक डॉ अबसार अहमद ने इस आयोजन में नोडल अधिकारी के रूप में भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

# उद्घाटन के तीन माह बाद भी खलारी पार्क पर लटका है ताला

- दो करोड़ से अधिक की लागत से बना नमो पार्क अब तक नहीं हुआ हैंडओवर
- डीडीसी के निर्देश के बावजूद नहीं शुरू हुआ संचालन, सफाई और मरम्मत का काम भी अधूरा



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित खलारी का बहुप्रतीक्षित खलारी पार्क उद्घाटन के तीन माह बाद भी आम लोगों के लिए नहीं खुल सका है। गत 2 जुलाई को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने खलारी पंचायत स्थित खलारी पार्क का उद्घाटन किया था और इसे नमो पार्क का नाम दिया था। उद्घाटन के बाद पार्क के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सीसीएल एनके एरिया को दिए जाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक पार्क का मुख्य द्वार बंद है। पार्क का निर्माण बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए मनोरंजन एवं सैर-सपाटे की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्घाटन के बाद भी पार्क का नियमित संचालन नहीं होने से इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। बंद रहने के बावजूद बच्चे और अन्य लोग किसी तरह पार्क के अंदर चले जाते हैं। इधर, 12 सितंबर को डीएमएफटी मद से पूर्ण एवं निर्माणाधीन योजनाओं का जायजा लेने खलारी पहुंचे उप विकास आयुक्त संजयकुमार भगत ने जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी और अधिकारियों के साथ पार्क का निरीक्षण किया था। डीडीसी ने बताया था कि पार्क का निर्माण पूरा होने के बावजूद इसके आम लोगों के लिए नहीं खोले जाने की शिकायत मिली थी। उन्होंने संवेदक और विभागीय अधिकारियों को संचालन से संबंधित सभी लंबित कार्य शीघ्र पूरा कर पार्क को नियमित रूप से आम लोगों के लिए खोलने का निर्देश दिया था। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने पार्क में उगी घास और झाड़ियों की सफाई कराने के साथ टूटी बेंच और मूर्तियों की मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया था। बावजूद इसके पार्क के नियमित संचालन का इंतजार बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन से निर्देशों पर शीघ्र अमल कर पार्क को आम लोगों के लिए खोलने की मांग की है।

### क्षत्रिय समाज की दशा व दिशा पर चिंतन मनन

# समाज को विकसित बनाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत : राजू सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में झारखंड क्षत्रिय महासंघ के बैनर तले बेड़ो पंचायत स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर प्रांगण के विवाह मंडप में बेडो.प्रखंड क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई। बेड़ो सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के राजपूत क्षत्रिय समाज के लोगों बैठक में हिस्सा लेकर क्षत्रिय समाज की दशा एवं दिशा पर चिंतन मनन किया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी राजेश्वर सिंह एवं मंच संचालन समाजसेवी सह पत्रकार रवि सिंह ने किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से बेडो. पंचायत राजपूत क्षत्रिय समाज का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजू सिंह को बेड़ो पंचायत कमिटी का अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं ज्वाला सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सोनू सिंह, संदीप सिंह, राहुल सिंह,अमन सिंह और विवेक सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं दूसरी ओर सर्वसम्मति से रवि सिंह को सचिव तथा राजेश्वर सिंह को सह सचिव बनाया गया। प्रदीप सिंह को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया। इस मौके पर बिहारी सिंह, नंदलाल सिंह, अशोक सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह को सर्वसम्मति से संरक्षक चुन लिया गया। समंदर सिंह, रघुनंदन सिंह, सिकंदर सिंह, समीर सिंह, लाल सिंह, गणेश सिंह,सनी सिंह,ऋषभ सिंह, जगदीश सिंह, राधेश्याम सिंह, राम भजन सिंह,रंजीत सिंह, को कार्यसमिति के सदस्य के रूप में चयन किया गया। इस मौके पर नवचयनित अध्यक्ष राजू सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को सुदृढ़, सुसंस्कृत, शिक्षित एवं समाज को विकसित बनाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। वहीं नवनिर्वाचित सचिव रवि सिंह ने कहा कि हम महाराणा प्रताप के वंशज हैं जिन्होंने मुगलों को अनेकों बार धूल चटवाया था। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को एकजुट बनाए रखने और समाज में व्याप्त अनेक भ्रांतियों तथा बुराईयों से मुक्ति दिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब हम एकजूट होंगे तभी हमारी शक्ति की पहचान भी बनेगी। बैठक के दौरान क्षत्रिय समाज के अगुआ लाल संजय नाथ शाहदेव, जितेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## मालटोटी में कल लगेगा ऐतिहासिक जिउतिया जतरा

**मांडर।** मालटोटी में जिउतिया जतरा समिति की बैठक शनिवार को बहादुर पाहन की अध्यक्षता में जतरा टांड में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अक्तूबर, मंगलवार को ऐतिहासिक जिउतिया जतरा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जतरा में 21 पड़हा समेत आसपास के कई गांवों के खोड़हा धारियों को आमंत्रित किया गया है। समिति के सदस्यों ने जतरा में शामिल होने वाले सभी खोड़हा धारियों से झारखंडी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप शामिल होने की अपील की है। जतरा को लेकर सोमवार को झंडा गाड़ी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन मंगलवार को जिउतिया जतरा लगेगा। बैठक का संचालन लोकनाथ उरांव ने किया। मौके पर शिवनाथ उरांव, अजय उरांव, नंदू उरांव, कार्तिक उरांव, मुकेश पाहन, अशोक उरांव, दिलीप उरांव, अनिल उरांव, सोमरा उरांव, बैला उरांव, चमरा उरांव, महादेव उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा के प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह आज जाएंगे उलीहातू

**खूंटी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल का 5 अक्टूबर को खूंटी आगमन होगा। वे सुबह 8:30 बजे खूंटी पहुंचेंगे। जिला भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक एवं भगत सिंह चौक पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान गजेंद्र सिंह पटेल नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। इसके बाद वे भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातु पहुंचकर धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उलीहातु से लौटने के बाद प्रदेश प्रभारी भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगे, जहां वे जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संवाद करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने खूंटी जिले के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

## पल्लव ने 70वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया क्वालीफाई



**पिठोरिया।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, कांके, रांची के छात्र पल्लव कुमार महतो ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। पल्लव कुमार महतो ने 70वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। पल्लव ने 100 मीटर दौड़ में 11.35 सेकंड का उत्कृष्ट समय दर्ज करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं समस्त विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण उत्पन्न कर दिया है। विद्यालय की ओर से पल्लव कुमार महतो को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय की प्राचार्या *किरण यादव ने छात्र की मेहनत, अनुशासन, लगन और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। पल्लव की इस सफलता में उनके नियमित अभ्यास, दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 100 मीटर दौड़ में 11.35 सेकंड का प्रदर्शन उनकी उत्कृष्ट गति एवं खेल-कौशल को दर्शाता है। विद्यालय परिवार ने पल्लव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और रांची का नाम रोशन करेंगे। नीरजा सहाय डीएवी परिवार की ओर से पल्लव कुमार महतो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई है।

## गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्र की तैयारियों पर चर्चा, सभी ट्रस्टी और सदस्यों की गोष्ठी



**खलारी।** खलारी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ सह गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्र के आयोजन को लेकर सभी ट्रस्टी व सदस्यों की गोष्ठी हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता सहायक प्रबंध ट्रस्टी दिनेश पांडेय ने की। मुख्य ट्रस्टी रामदेवप्रसाद अग्रवाल के निर्देश पर आयोजित गोष्ठी में नवरात्र के दौरान होने वाले कलश स्थापना, हवन-पूजन सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंदिर के परिव्राजक ललन सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्र का संकल्प और कलश स्थापना 11 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि 20 अक्टूबर को पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर नवकन्या पूजन के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर-पूड़ी का वितरण किया जाएगा। गोष्ठी में नवरात्र पूजन एवं हवन कार्यक्रम में सभी ट्रस्टी, सदस्य और क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में गायत्री मंदिर के भव्य नवनिर्माण को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी में सहायक प्रबंध ट्रस्टी दिनेश पांडेय, ट्रस्टी रेणुका सिंह, यशवर्द्धन साहू, अजय सिंह, अरुण चौरसिया, लक्ष्मण साह, मनोज प्रसाद, अवधेश वर्मा और कौशल्या देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी 'इंसानियत के दुश्मन' की शूटिंग

- 26 एपिसोड की सीरीज में भ्रष्टाचार और अपराध पर होगा प्रहार
- दीपक पराशर समेत कई कलाकार निभाएंगे अहम भूमिका

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म (वेब्स ओटीटी) के लिए निर्माणाधीन 26 कड़ियों की वेब सीरीज 'इंसानियत के दुश्मन' के दूसरे चरण की शूटिंग अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में रांची में शुरू होगी। इससे पहले सीरीज के पहले चरण की 10 दिवसीय शूटिंग रांची के विभिन्न लोकेशनों पर की जा चुकी है। इसकी जानकारी विनोद कुमार प्रभात ने दी। सुधा सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही इस वेब सीरीज की निर्माता शबनम राज हैं। सीरीज में रांची के अलावा मुंबई, कोलकाता, पटना, लखनऊ, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो और हजारीबाग के कलाकार अभिनय कर रहे हैं। सीरीज के सभी 26 एपिसोड करीब 45-45 मिनट के होंगे। इसमें छह गीत भी शामिल किए गए हैं। इसका प्रसारण जल्द ही दिल्ली दूरदर्शन के वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

### प्रभात राज के निर्देशन में बन रही सीरीज

वेब सीरीज की कहानी, पटकथा, संवाद, गीत और निर्देशन प्रभात राज का है। डीओपी संदीप गुप्ता, सह-निर्देशक संतोष सावन, मेकअप मोहन कुमार एवं मधु, फाइट डायरेक्टर विमल नाग और प्रोडक्शन कंट्रोलर एमएस मेहदी एवं अविनाश पासवान हैं। कोरियोग्राफी की जिम्मेदारी मुंबई के श्रवण ठाकुर को दी गई है। संगीतकार अपूर्वा चटर्जी हैं। सीरीज का पोस्ट प्रोडक्शन कार्य मुंबई में किया जाएगा।

'इंसानियत के दुश्मन' सस्पेंस, ड्रामा और सामाजिक संदेश पर आधारित है। इसकी कहानी समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अपराध और गिरते नैतिक मूल्यों को केंद्र में रखी गई है। सीरीज में दिखाया गया है कि किस तरह कुछ रसूखदार लोग आम जनता का शोषण करते हैं और अंत में कानून एवं इंसाफ की जीत होती है। निर्माता शबनम राज इससे पहले कई वृत्तचित्रों का निर्माण कर चुकी हैं, जिनका प्रसारण दूरदर्शन पर हो चुका है। उन्होंने झारखंड और रांची का पहला हिंदी धारावाहिक 'ये बेरंग सपने' (2001), 'कहानी किस्मत की' (2009) और टेलीफिल्म 'आकांक्षा' (1998) का भी निर्माण किया है।

सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता और 'निकाह' फेम दीपक पराशर के अलावा रीना सहाय, देवेश खान, राहुल सिंह, वर्षा ऋतु, श्रीदीपा, प्रभात राज, मधु सिंह, नवीन मोहंती, ऋषभ कुमार, मुरारी लाल गुप्ता, उत्कर्ष बाजपेयी, जनार्दन झा, गुरशरण सिंह, उमा बड़ाईक, राहुल खन्ना, रामबाबू, करुणा सिंह, संजय शर्मा, लोकृति गुप्ता, अरुण हाजरा और एमएस मेहदी समेत कई कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## दृष्टिपात

### दुर्गा पूजा को लेकर चान्हो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**चान्हो।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को चान्हो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी आरएन चौधरी एवं थाना प्रभारी टिंकू रजक ने संयुक्त रूप से की। बैठक में चान्हो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों के अध्यक्ष एवं पूजा समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द कायम रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पूजा समितियों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की। डीएसपी आर.एन. चौधरी ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी टिंकू रजक ने पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही। बैठक में समाजसेवी अजीत सिंह, दिलीप सिंह, विजय कुमार महतो, उपप्रमुख शिवचरण उरांव, सूर्य किशोर मुंडा, सुनील उरांव, मोजीबुल्लाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**मांडर।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर रविवार को मांडर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंचला कुमारी अंचलाधिकारी मांडर ने की ।बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। खेलारी डी एस पी रामनारायण चौधरी ने शराबबंदी, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था पर विशेष दुर्गा पूजा के दौरान पूर्ण रूप से शराबबंदी सभी पूजा पंडाल समितियों से साउंड सिस्टम पर नियंत्रण रखने, भड़काऊ या असामाजिक गाने नहीं बजाने तथा पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर तैनात रखने की अपील की। उन्होंने असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर विशेष नजर रखने पूजा पंडालों की सुरक्षा, आने-जाने के रास्ते को सुचारु रखने तथा विसर्जन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का,इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा, थाना प्रभारी मनोज करमाली, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उराव,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामबालक ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, शैलवाहन कुमार, वेह्मानंद सेन गुप्ता, मांडर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश केशरी, बाबू पाठक, बजरंग लोहरा, छेदी प्रसाद साहू, उपेंद्र महली, अर्जुन महतो, बसंत सिंह, संतोष सेन गुप्ता, राजीव घोष, मो इस्माइल, मुरारी सिंह, आबिद अंसारी, नारु उराव, अशोक साहू सहित अन्य उपस्थित थे ।

### सत्यारी सरना स्थल की भूमि का विवाद सुलझा : बंधु तिर्की



**मांडर।** पिस्का मोड़ स्थित सत्यारी सरना स्थल की भूमि का वर्षों पुराना विवाद सुलझा लिया गया। रविवार को भूमि पूजा कर स्थल की चारदीवारी निर्माण का शुभारंभ किया गया। पहान सोमरा मुंडा, योगेंद्र मुंडा और भिना मुंडा ने पूजा-अर्चना कराई। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की और गीताश्री उरांव ने नींव में पहली ईंट रखी। बंधु तिर्की ने कहा कि 40-45 वर्षों से चले आ रहे विवाद को विश्वनाथ शिव मंदिर ट्रस्ट और हेसल सरना समिति के बीच लिखित समझौते से सुलझाया गया है। 62 डिसमिल भूमि को दोनों पक्षों में बराबर बांटा गया है। गीताश्री उरांव ने इसे भाईचारे की मिसाल बताया। कार्यक्रम में शिवा कच्छप, जितू तिर्की, गौतम उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### खलारी में कवड़ा जिउतिया जतरा सात अक्टूबर को, तैयारियों पर हुई चर्चा



**खलारी।** आनंद शीला स्थित कवड़ा जिउतिया जतराटांड़ में रविवार को कवड़ा जिउतिया जतरा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र उरांव ने की। बैठक में आगामी 7 अक्टूबर, बुधवार को कवड़ा जिउतिया जतरा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जतरा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इस दौरान जतरा की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में चामा पंचायत मुखिया विश्वनाथ भगत, कलेश्वर गंझू, धर्मेन्द्र उरांव, सूरजदेव मुंडा, रंजीत भगत, गुलाब गंझू, प्रकाश मुंडा, रामचंद्र गंझू, लखन उरांव, तुलसी गंझू, बिगल पाहन, बंधन पाहन, जगन गंझू, गणेश लोहरा, कृष्णा उरांव, राजकुमार मुंडा, आकाश लोहरा, पंकज गंझू, परमा उरांव, विजय मुंडा, दीपक कुमार मुंडा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मांडर।** चचकोपी रेलवे फाटक के समीप रविवार की सुबह दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत लताकेस निवासी जलील मियां, पिता जहीर मियां के रूप में हुई है। बताया गया कि जलील मियां का पैतृक गांव मांडर थाना क्षेत्र का परयागो है। जानकारी के अनुसार, जलील मियां एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य के सिलसिले में अपने पैतृक गांव परयागो आए हुए थे। रविवार की सुबह उन्होंने परिजनों से रांची जाने की बात कही और घर से निकल गए। इसी दौरान चचकोपी रेलवे फाटक के समीप लोहरदगा से रांची की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि जलील मियां की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में मातम छा गया। वहीं गांव में भी शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे फाटक के आसपास अक्सर लोगों की आवाजाही रहती है।

### सरकारी उपक्रमों की समिति ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की



**खूंटी।** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने शनिवार को खूंटी जिले का दौरा किया। उपायुक्त मो. जावेद हुसैन और पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने पौधा भेंट कर समिति के सभापति निरल पूर्ती सहित अन्य सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद परिसदन, खूंटी के सभागार में समिति के सभापति निरल पूर्ती की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विभागों और सरकारी उपक्रमों की व्यापारिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान जिले के खनन क्षेत्रों, बालू घाटों और उनके संचालन से संबंधित जानकारी ली गई। कृषि एवं आत्मा विभाग की समीक्षा में बीज वितरण तथा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने की स्थिति की जानकारी ली गई।

# पारंपरिक रीति-रिवाज से मनाया गया जितिया पर्व, झूमर में दिखी लोक संस्कृति की झलक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत में जितिया पूजा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और पूजा-अर्चना की और मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय पूजा समिति एवं स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज से आत्मीय स्वागत किया। पूजा स्थल पर पहुंचकर सांसद मनीष जायसवाल ने विधिवत नमन करते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान स्थानीय आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक झूमर प्रस्तुत किया। झूमर में शामिल होकर अतिथियों ने स्थानीय लोक संस्कृति और परंपरा का आनंद लिया।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि लोक परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत समाज की पहचान हैं। इन्हें संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। बेस पंचायत के लोगों से मिले आत्मीय स्वागत और उत्साह को उन्होंने अविस्मरणीय बताया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष विमल प्रसाद गुप्ता, कटकमदाग सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव, मुखिया दीपक यादव, पूर्व सरपंच तिलेसर गंझू, जितिया पूजा समिति अध्यक्ष नागेश्वर भोक्ता, उपाध्यक्ष ज्ञानी गंझू, सचिव राहुल ऋषि, उप सचिव राजू राम, कोषाध्यक्ष जादव गंझू, उपकोषाध्यक्ष शंभु राणा सहित महेंद्र, राजेंद्र यादव, कृष्णा यादव, प्रवीण महतो, उमेश कुमार, सुबोध कुमार, सामर साव, विशेश्वर राम, विनोद, मुराली एवं मनोज समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया जितिया पर्व, माताओं ने रखा निर्जला व्रत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में मातृशक्ति के अगाध प्रेम का प्रतीक जीउतिया का पर्व श्रद्धा,भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संतान की लंबी उम्र, आरोग्य, सुख-समृद्धि,बल और यश की कामना के लिए माताओं ने 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखकर भगवान भास्कर और जीमूतवाहन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने नहाय-खाय के दिन विशेष रूप से सतपुतिया (तोरई) की सब्जी खाकर निर्जला व्रत की शुरुआत की, जिसे वंश वृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और संतान की सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पूजा के दौरान व्रतियों ने चील और सियारिन की लोककथा तथा राजा जीमूतवाहन की पौराणिक कथा का श्रवण किया। बरकट्ठा के विभिन्न गांवों एवं पूजा स्थलों में पारंपरिक गीतों और मंत्रोच्चार 'के बीच माताओं ने पूरी निष्ठा के साथ अनुष्ठान पूर्ण किए। व्रत संपन्न होने के पश्चात माताओं ने भगवान जीमूतवाहन से अपने बच्चों के दीर्घायु होने, उनके जीवन पर आने वाले सभी संकटों के निवारण तथा परिवार के निरंतर फलने-फूलने की मंगल कामना करते हुए पारण किया।

# जेएलकेएम अल्पसंख्यक मोर्चा का सम्मान समारोह

### संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम ) अल्पसंख्यक मोर्चा रामगढ़ जिला के तत्वावधान में रविवार को पटेल छात्रावास, रामगढ़ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष मेहताब अंसारी ने जबकि मंच संचालन गुड्डू खान ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएलकेएम अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष एकबाल हुसैन अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में जल्द ही अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रखंड स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो के विचारों, सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा पूरी तरह संकल्पित है। रामगढ़ जिले में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पार्टी से जोड़ते हुए संगठन का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी सुधीर कुमार अकेला, संतोष चौधरी, केंद्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, विजय साहू, बिहारी महतो, अनवर अंसारी, लक्ष्मण महतो, लीलावती महतो, अरुण हेंब्रम, पार्टी जिला अध्यक्ष देवानंद महतो, अबू शम्मा अंसारी, सुरेंद्र महतो, सल्लू खान, रामचंद्र कु,नंदकिशोर कुमार सहित सैकड़ों अल्पसंख्यक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज ने सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि

# पति के सपने को पूरा करूंगी : श्वेता

- झारखंड को पर्यटन प्रिय राज्य बनाना सुदिव्य कुमार सोनू का सपना था : विकास

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कमेटी के द्वारा पूर्व मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 4 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को स्थानीय पुराना विधानसभा सभागार, राँची में आयोजित किया गया । श्रद्धांजलि सभा में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की धर्मपत्नी श्वेता शर्मा एवं सुपुत्री सृष्टि शर्मा उपस्थित हुई । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता झारखंडप्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा मंच संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा ने किया । इस कार्यक्रम में झारखंडप्रदेश विश्वकर्मा समाज के सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य 24 जिला के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला कोषाध्यक्ष सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए । श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए विशेष आमंत्रित अतिथि पूर्व मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की धर्मपत्नी श्वेता शर्मा ने कहा कि स्व सुदिव्य कुमार सोनू के जैसा ही आप सभी के साथ जुड़कर कार्य करुँगी उनके द्वारा किये गए अधूरे कार्य को पूरा करुँगी । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए अपने सम्बोधन में विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पूर्व मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू जी अपने जीवन में बहुत संघर्ष करके झारखंडकी राजनीति में खुद को स्थापित किया और सभी के दिल में अपनी जगह बना ली । सुदिव्य कुमार सोनू झारखंडके विकास के प्रति बहुत ही गंभीर थे और झारखंडको पर्यटक स्थल बनाना उनका सपना था । प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोग उनके बताये हुए रास्ते में चलें और राजनीति में आगे आयें, झारखंडमें होने वाले पंचायत चुनाव में विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों को चुनाव जिताकर लाना होगा ।

प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को मजबूती प्रदान करने में पूर्व मंत्री स्व सुदिव्य कुमार सोनू जी की भूमिका को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डोमन राणा, शंकर विश्वकर्मा, संजय शर्मा, दिलीप शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, धनेश्वर राणा, राजेश शर्मा, यदु राणा, सुजीत कुमार शर्मा, रामविलाश शर्मा, शर्मा, बृजलाल राणा, देवकी राणा, मनोज शर्मा, गणेश राणा, सुभाष शर्मा, अरुण शर्मा, सुनील राणा, कृष्णा शर्मा, अरविन्द कुमार शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, सन्दीप कुमार, गौतम कुमार, विनय कुमार राणा, संजीत शर्मा, सुमन शंकर शर्मा, सुखदेव शर्मा, शंकर कुमार शर्मा, संदीप कुमार विश्वकर्मा, विशाल शर्मा, रामसकल शर्मा, रामानन्द शर्मा, वकील राणा, रामजतन शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में पुरे झारखंडसे विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि भाग लिए। धन्यवाद ज्ञापन राँची जिला कमेटी के शंकर कुमार शर्मा ने किया।

## दृष्टिपात

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति आस्था और संस्कृति की पहचान : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर बड़ा बाजार क्षेत्र में उत्साह और तैयारियां चरम पर हैं। इसी क्रम में बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से बड़ा बाजार चौक पर स्थापित लकी ड्रॉ स्टॉल का रविवार को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में महासमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष अजमेरा का स्वागत किया। इसके बाद हर्ष अजमेरा ने लकी ड्रॉ का कूपन खरीदकर इसकी औपचारिक शुरुआत की। शुभारंभ के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। लकी ड्रॉ स्टॉल पूजा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कूपन की कीमत 100 रुपए निर्धारित की गई है। लकी ड्रॉ में श्रद्धालुओं के लिए कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी, तृतीय पुरस्कार में टेलीविजन, चतुर्थ पुरस्कार में सोफा, पंचम में फ्रिज, छठे में वाशिंग मशीन तथा सातवें पुरस्कार के रूप में आरओ प्यूरीफायर दिया जाएगा।

### सेवा संकल्प अभियान में बच्चों ने बनाई पीएम की तस्वीर



**रामगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेत्री छाया तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र एवं कमल फूल की आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया।मौके पर मुख्य रूप से भाजपा रामगढ़ जिला प्रभारी सुरेंद्र महतो, जिला महामंत्री जागेश्वर प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, विद्यालय सचिव राजेश कुमार नागी एवं प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रंगोली निर्माण में विशेष रूप से आदिति राज नगी, शुभम उरांव एवं रिया कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके बीच कॉपी, कलम, चॉकलेट एवं बिस्किट का वितरण किया गया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा : पुलिस



**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के समीप स्थित तालाब में रविवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बरसोत गांव निवासी 50 वर्षीय प्रभु ठाकुर, पिता थानु ठाकुर, के रूप में हुई है। वह अनुमंडल परिसर के समीप एक छोटा होटल चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।जानकारी के अनुसार रविवार पूर्वाह्न करीब नौ बजे स्थानीय लोगों ने तालाब में शव तैरता देखा। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की सूचना बरही पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने की आशंका जताई जा रही है।

## सहायक जल वैज्ञानिक के पद पर विनोद बास्के का चयन, लोगों ने दी बधाई



**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बाजूकोला निवासी विनोद बास्के, पिता रामा बास्के का चयन सहायक जल वैज्ञानिक के पद पर होने से परिजनों समेत ग्रामीणों में खुशी का माहौल व्याप्त है। विदित हो कि विनोद शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि का एवं मेहनती छात्र रहा है। बहुत ही कम संसाधनों के बीच इस प्रकार की सफलता पाना सचमुच काबिले तारीफ है ।अपनी पढ़ाई की शुरुआत नव प्राथमिक विद्यालय बाजू कोला एवं मैट्रिक आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह से करने वाले विनोद ने अपनी लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भूगर्भ विज्ञान में प्रथम श्रेणी से स्नातकोत्तर करने के बाद केंद्रीय भूजल बोर्ड (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा में सहायक जल वैज्ञानिक (असिस्टेंट हाइड्रोलॉजिस्ट) के पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ। इस सफलता का श्रेय विनोद ने अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम एवं बड़े भाई तालों मांझी को दिया है। उन्होंने कहा कि सही दिशा में मेहनत एवं लगातार प्रयासरत रहने से कोई भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। विदित हो कि यूपीएससी कंबाइंड जिओ साइंटिस्ट के लिए परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाती है। जिसमें प्रारंभिक परीक्षा ,मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार पास करना आवश्यक होता है। वहीं इस शानदार उपलब्धि से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है तथा सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

# झारखंड आंदोलन के अमर सेनानी थे शहीद जयबीर महतो : संजीव बेदिया

### 33वें शहादत दिवस पर चरही में जुटे झामुमो कार्यकर्ता, दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा झारखंड आंदोलन के शहीद सेनानी जयबीर महतो का 33वां शहादत दिवस रविवार को चरही स्थित शहीद स्थल 45 कांटा के समीप श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झामुमो पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी ने शहीद जयबीर महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि शहीद जयबीर महतो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन की जीवंत चेतना थे। वे गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचित समाज की आवाज बनकर संघर्ष करते रहे। अलग झारखंड राज्य के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज झारखंड जिन शहीदों और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत अस्तित्व में है, उनमें जयबीर महतो का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि शहीद जयबीर महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल थे। जब भी अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन, सभा या जनसंगठन का कार्यक्रम होता था, वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ उसमें भाग लेते थे। उन्होंने झारखंडी अस्मिता, अधिकार और पहचान की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया। उनका बलिदान झारखंड के इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर दुकानदारों को किया गया जागरूक



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न अंचलों में तंबाकू नियंत्रण को लेकर जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थानों पर स्थित दुकानों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान दुकानदारों को विशेष रूप से धारा 6ए 6बी एवं धारा 5 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही तंबाकू उत्पादों के प्रचार-प्रसार, विज्ञापन तथा प्रतिबंधित स्थानों पर बिक्री नहीं करने की स्पष्ट हिदायत दी गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोटपा 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई एवं अर्थदंड लगाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जिले में तंबाकू उत्पादों की अनधिकृत बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम लोगों, विशेषकर युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाना है।

# मोबाइल की दुनिया से निकलकर खेल मैदान में दिखाएं हुनर : सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के होहद (खत्रीमारा), सिकनी में आयोजित होहेद प्रीमियर लीग-2026 सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रवक्ता व मिडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, एकता और खेल भावना को मजबूत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने तथा मोबाइल की दुनिया से निकलकर खेल के मैदान में आगे बढ़ने की अपील की। साथ ही आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष सनावर अंसारी, खेल प्रभारी दिगंबर चौधरी, खेल संयोजक रंजीत कुमार सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## गौरिया करमा में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# खेल युवाओं को अनुशासन और सकारात्मक दिशा देता है : मनोज यादव

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** यूथ क्लब गौरिया करमा के तत्वावधान में फॉर्म फील्ड में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को बरही विधायक सह झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने किया। यह प्रतियोगिता 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर विधायक श्री यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का पाठ पढ़ाता है तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। टूर्नामेंट के उद्घाटन दिन दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला कटियोन (मनीष-11) और हथिया की टीम के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मैच बेलहरा और पुरहरा के बीच आयोजित हुआ। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने खेल का भरपूर आनंद लिया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, गुलाब यादव, भूपेंद्र यादव, बिनोद दास सहित कई गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

- करियातपुर गांव की घटना, शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच

**बरही।** करियातपुर गांव में रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, करीब तीन वर्ष पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 50 हजार रुपये उधार दिए गए थे। आरोप है कि राशि वापस मांगने पर लगातार टालमटोल की जाती रही। 2 अक्टूबर की शाम बकाया रुपये मांगने के लिए संबंधित व्यक्ति के घर जाने पर विवाद हो गया। महिला का कहना है कि इस दौरान कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। बाद में उसका इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद एक व्यक्ति तलवार लेकर उसके घर के पास पहुंचा और परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। वहीं, ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि मामला आपसी लेन-देन और विवाद से जुड़ा है। दूसरे पक्ष का आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आयोजन | 140 युवाओं ने सीखी चरित्र निर्माण की कला

# विवेकानंद युवा महामंडल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** युवाओं में नैतिक मूल्यों का सिंचन और स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल ने 'एक दिवसीय युवा प्रशिक्षण शिविर' का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर का मुख्य ध्येय युवाओं के आत्म-विकास, मन की एकाग्रता और एक सशक्त एवं सुंदर चरित्र का निर्माण करना था।

विशेष प्रशिक्षण शिविर में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए महामंडल की केंद्रीय समिति, कोलकाता से विशेष रूप से प्रमोद रंजन दास, अनूप दत्ता एवं अन्य गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के प्रारंभिक सत्र को डॉ सजल मुखर्जी, डॉ राजकुमार चौबे, धर्मेंद्र सिंह एवं अपूर्वा दास ने संबोधित किया और युवाओं को स्वामी जी के 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के संदेश को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। दिनभर चले इस ज्ञानवर्धक शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मुख्य रूप से मन की एकाग्रता, सुंदर जीवन का गठन, चरित्र निर्माण की विधि, चरित्र के उत्कृष्ट गुण और स्वामी विवेकानंद का प्रेरक जीवनवृत्त जैसे अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर गहन और प्रेरणादायी कक्षाएं ली गईं।




### छात्रों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

इस शिविर में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों के कुल 140 ऊर्जावान प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तर और अनुभव-साझा सत्र के दौरान युवाओं ने अत्यंत उत्साह और उत्सुकता के साथ अपनी जिज्ञासाएं रखीं और शिविर के दौरान मिली सीख को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन अत्यंत पवित्र वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और राष्ट्र-कल्याण की प्रार्थना के साथ पूर्ण हुआ।

## बरकट्ठा पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना पुलिस ने कांड संख्या 46/25 के फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने रविवार को ग्राम बसारिया निवासी अक्षय प्रसाद पिता भोला प्रसाद को गिरफ्तार किया।

# सिमडेगा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर दिखा रहे हैं जलवा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पकरटांड़ में आयोजित केला कोपटा हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल में पकरटांड़ की टीम ने पिथरा सारूटोली की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में डोभाबनी की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है प्रतिभाओं को बेहतर मंच और उचित अवसर देने की। फुटबॉल जैसे खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। ग्रामीण खेल आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है।मौके पर पिथरा सारूटोली के खिलाड़ी अमृत बाड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार भी पिथरा की टीम के खिलाड़ी को मिला। मौके पर विधायक ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



## न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के आलोक में फरार आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में फरार अभियुक्तों एवं न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंटों के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के निष्पादन के लिए गठित पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार वारंटी की पहचान बुधु घांसी उर्फ बुधु नायक उर्फ बाबा संगमासी, पिता फिरू घांसी, निवासी कपलास, कंसबाहल, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, बांसजोर ओपी कांड से संबंधित एसटी संख्या 104(A)/93 में धारा 307, 325, 341 एवं 34 भादवि के तहत न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट निर्गत किया गया था।तकनीकी अनुसंधान एवं प्राप्त मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार अभियुक्तों एवं न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नए थाना प्रभारी से मिले भाजपा नेता, क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** केरसई थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रदीप कुमार से भाजपा नेताओं ने शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, आम लोगों की सुरक्षा और स्थानीय समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी को केरसई क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद से क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है।थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री व दुर्गा पूजा केंद्रीय समन्वय समिति के उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, दुर्गा पूजा समिति केरसई अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, भाजपा केरसई मंडल अध्यक्ष विकास कुमार, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के आंदोलन को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज

**सिमडेगा।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजी यादव ने सभी राजनीतिक दलों से जुड़े पिछड़ा वर्ग के लोगों से आगामी आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष रामजी यादव, सचिव बजरंग प्रसाद सहित अन्य लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से आंदोलन में सहयोग की अपील की। मोर्चा के अनुसार, 5 अक्तूबर को जुलूस एवं पुतला दहन, 6 अक्तूबर को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने तथा 7 अक्तूबर को एक दिवसीय सांकेतिक धरना आयोजित किया जाएगा।

## एसआईआर की विसंगतियों और अनमैपिंग को लेकर कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षणके दौरान सामने आ रही विसंगतियों एवं अनमैपिंग से संबंधित मामलों की पंचायतवार समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने सभी पंचायत अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्र के बीएलए से संपर्क कर संबंधित बीएलओ से रिपोर्ट प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एलआईआर से जुड़ी विसंगतियों और अनमैपिंग की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि संबंधित मामलों का समय पर समाधान हो सके। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं की जानकारी जुटाने और कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। मौके पर जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसफ सोरेंग, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष तजमुल अहमद, प्रखंड महासचिव एरेन केरकेट्टा, बन्दरचुवा पंचायत अध्यक्ष रोशन केरकेट्टा, नवाटोली पंचायत अध्यक्ष नीरज कुल्लू, टूटीकेल पंचायत अध्यक्ष संजय डांग, रैसिया पंचायत महासचिव अरुण बागे, बरसलोया पंचायत महासचिव सुखमणि बागे, शाहपुर पंचायत बीएलए सुनीता सोरेंग सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बानो थाने में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता नव पदस्थापित थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम, जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, मुखिया एवं दोनों पूजा समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम ने पूजा समितियों को लाइसेंस की शर्तों का पालन करने तथा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन उपकरण, पर्याप्त रोशनी और प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कार्यों से बचने तथा विसर्जन के लिए निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करने की बात कही।जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। विसर्जन के दौरान वॉलेंटियरों को सतर्क रहने, बच्चों को तालाब एवं विसर्जन स्थल से दूर रखने तथा पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने को कहा गया।

थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने पूजा समितियों से पदाधिकारियों एवं वॉलेंटियरों की सूची मोबाइल नंबर सहित थाना और प्रखंड प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।वाहन चालकों को सावधानी से वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई।

साथ ही अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की जानकारी दी गई। बैठक में बिजली, साफ-सफाई, प्रकाश, विसर्जन मार्ग एवं विधि-व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## कुरडेग में पूजा समितियों को निर्देश लाइसेंस लेकर ही करें दुर्गा पूजा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को कुरडेग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनय कुमार ने की। इस दौरान बीडीओ नैमन कुजूर सहित पूजा समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।बैठक में थाना प्रभारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी पूजा समितियों को दी। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन पूजा समितियों के पास पूर्व का लाइसेंस है, वे आवेदन देकर उसका नवीनीकरण करा लें।थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था एवं परंपरा से जुड़ा पर्व है। इसे शांति, अनुशासन और आपसी सद्भाव के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान हुड़दंग, अशांति या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बीडीओ नैमन कुजूर ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचना दें। सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक पोस्ट करने वालों पर भी प्रशासन की नजर रहेगी।बैठक में ग्रामीणों एवं पूजा समितियों ने शांतिपूर्ण आयोजन का भरोसा दिलाते हुए पुलिस-प्रशासन को पूरा सहयोग देने की बात कही।इस अवसर पर एसआई अज्येन्द्र कुमार, खिंडा मुखिया जगेश्वर प्रधान, हेठमा मुखिया सुनीता देवी, बड़की बिउरा मुखिया अंजन निमन खलखो, सूरज बीसी, उमेश जायसवाल, अनुज गुप्ता, सफार अली, ग्राम प्रधान ह्यूम अंसारी, मनोज जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान सहित शांति समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर केरसई थाने में हुई शांति समिति की बैठक

## सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर पुलिस ने की ग्रामीणों से अपील

नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर केरसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर ग्रामीणों, पूजा समितियों एवं गणमान्य लोगों के साथ विस्तार से चर्चा की।थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था एवं सामाजिक सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या आपत्तिजनक गतिविधि से बचें। उन्होंने पूजा समितियों से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा पूजा पंडाल एवं विसर्जन के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही।बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पूजा पंडालों में भीड़ नियंत्रण, विसर्जन जुलूस तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। पुलिस प्रशासन ने दुर्गा पूजा के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने भी शांतिपूर्ण आयोजन में पुलिस-प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही।बैठक में सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, दुर्गा पूजा समिति केरसई के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, संरक्षक गौतम कुमार, बिहाबाइल पूजा समिति के अध्यक्ष परशुराम प्रधान, ठेसुतोली पूजा समिति के मनोज कुमार, रूशु पूजा समिति के संयोजक सुरेंद्र प्रसाद, महासचिव उपेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मुन्स खेस, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार,राहुल तिग्गा, शशि प्रसाद, प्रणव कुमार, बसारत अंसारी, दिवाकर प्रसाद एवं राजेश प्रसाद सहित केरसई, रूशु, ठेसुतोली एवं बिहाबाइल पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा पुलिसकर्मियों, शांति समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बैठक में भाग लिया।



**धर्म-कर्म**

### ठेठईटांगर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# सुरक्षा के लिए पंडालों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर ठेठईटांगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने की। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।थाना प्रभारी ने दोनों दुर्गा पूजा समितियों को भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करने का निर्देश दिया। साथ ही पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्र लगाने तथा मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी और तालाब में सुरक्षा के लिए वालंटियर तैनात करने को कहा। बैठक में ठेठईटांगर दुर्गा पूजा समिति ने बताया कि 11 अक्टूबर को शिव मंदिर परिसर में कलश स्थापना, सप्तमी से पूजा पंडाल में मां दुर्गा की विधिवत पूजा तथा 21 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया जाएगा। वहीं सलगापोश दुर्गा पूजा समिति ने 11 अक्टूबर को कलश स्थापना और 20 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ विसर्जन की जानकारी दी।दोनों समितियों ने पेड़ की डालियों की छंटाई, तालाब की सफाई, सड़क किनारे गड्ढों की मोरम से भराई, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पेयजल एवं सुगम यातायात व्यवस्था की मांग रखी।

## गांधी मैदान में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**सिमडेगा।** गांधी मैदान में आगामी दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर नव दुर्गा पूजा समिति, गांधी मैदान, सिमडेगा द्वारा माता रानी की प्रतिमा स्थापना एवं भव्य पूजा पंडाल निर्माण के लिए विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन किया गया।भूमि पूजन की शुभ शुरुआत रामरेखा बाबा उमाकांत जी महाराज के कर-कमलों से हुई। वहीं पुरोहित सुब्रत पांडा ने मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। पूजा आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों में उत्साह है और तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।इस पावन अवसर पर सत्यनारायण प्रसाद, विनोद साहू, मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह, रंधीर रंजन, शंकर कुमार सिंह, विकास वर्मा, सुमन कुमार राय, मनीष कुमार मिश्रा, जयप्रकाश लामा, मिथुन कुमार सिंह, सुब्रत पांडा, श्रीकांत श्रीवास्तव, सत्यम केशरी, रंजीत केशरी, प्रदीप केशरी, श्याम शाह, राजू सोनी एवं स्वदेश रंजन राहुल वर्मा, प्रशांत केशरी, रोहन केशरी, गोलू वर्मा,अभिषेक केशरी,सहित समिति के अन्य पदाधिकारी, संरक्षक, कार्यकारिणी सदस्य एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।समिति के सदस्यों ने बताया कि गांधी मैदान में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य, सुंदर एवं श्रद्धापूर्ण तरीके से कराने की तैयारी की जा रही है।

## दृष्टिपात

### दुर्गा पूजा पंडालों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश



**कोलेबिरा।** दुर्गा पूजा को लेकर कोलेबिरा थाना क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने कोलेबिरा खास के तीन, लचरागढ़ के दो पूजा पंडालों के अलावा कंजोगा और लसिया में बन रहे पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से तैयारियों, श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने पूजा समितियों को प्रशासन एवं सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा। उन्होंने पंडाल परिसर में प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग द्वार, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, बिजली के तारों की सुरक्षित व्यवस्था तथा अग्नि सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। पूजा समितियों ने थाना प्रभारी को तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने के लिए प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा।निरीक्षण के दौरान एएसआई मनीष कुमार सिंह, लचरागढ़ टीओपी प्रभारी एएसआई जितेंद्र सिंह सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

### तिलिंगबेड़ा पहार टोली जंगल में पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला एक व्यक्ति का शव



**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के तिलिंगबेड़ा पहार टोली के जंगल में रविवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ से फंदे के सहारे झूलता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृत व्यक्ति का पहचान गिरीडीह जिले के खुखरा निवासी लाल मोहम्मद के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों ने जंगल में शव को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बानो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया। इधर घटना की जानकारी होने पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना,बड़कादुइल मुखिया अनिल लुगुन,उकौली मुखिया कृपा हेमरोम घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों के अनुसार, जंगल के पास सड़क पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली थी। पुलिस ने मोटरसाइकिल की जांच की तो उसमें आरसी बुक बरामद हुई। आरसी बुक के अनुसार मोटरसाइकिल के मालिक का नाम लाल मोहम्मद, निवासी खुखरा, पीरटांड़, जिला गिरिडीह दर्ज है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**सिमडेगा।** सिमडेगा थाना क्षेत्र निवासी करीब 25 वर्षीय महिला की लिखित शिकायत के आधार पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने एवं अन्य आरोपियों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 43/2026, दिनांक 17 मार्च 2026 को बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने अनुसंधान के क्रम में फरार अभियुक्त ललित कुमार यादव (19 वर्ष), पिता सुन्दर यादव, निवासी बसुआरी, थाना घोघरडीहा, जिला मधुबनी को उसके वर्तमान ठिकाने सरोजा कोनी वार्ड-12, थाना सुपौल नदी, जिला सुपौल से विधिवत गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त को 4 अक्टूबर 2026 को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### बानो में फरार अभियुक्त अल्तमस कुरैशी के खिलाफ इश्तिहार का तामिला



**बानो।** बानो थाना कांड संख्या 24/2026,दिनांक 02 अगस्त 2026 के अभियुक्त अल्तमस कुरैशी, पिता सहजार कुरैशी, निवासी बानो थाना क्षेत्र, जिला सिमडेगा के फरार रहने की स्थिति में व्यवहार न्यायालय सिमडेगा द्वारा निर्गत इश्तिहार उनके घर पर चश्पा किया गया।बानो थाना के एस आई अजित कुमार सिंह के नेतृत्व में बानो पुलिस के द्वारा उनके विरुद्ध विधिवत इश्तिहार का तामिला किया गया. घटना के बाद से ही आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के लगातार फरार रहने के कारण नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इश्तिहार चस्पा/तामिला किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई जारी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार आरोपियों को समुचित सूचना देने के लिए उनके घरों पर इश्तिहार चस्पा किया गया है।यदि निर्धारित समयावधि में आरोपी न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।पुलिस ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि फरार आरोपियों के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत बानो पुलिस को उपलब्ध कराएं।

### कुरडेग में सड़क हादसा एक की मौत दो घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खालीजोर बाजारडांड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई । और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया बाइक में बैठी महिला को हल्की चोट लगी । मृतक की पहचान ओमारू साय उम्र 37 वर्ष पिता सुखदिल साय बड़कीबिउरा गांव के निवासी के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार ओमारू साय शनिवार रात जितिया त्योहार में डीजे बजाने खालीजोर बस्ती गया था। रविवार सुबह बाईक से अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान खालीजोर बाजारडांड़ के पास बैघमा की ओर से आ रहे टीवीएस के साथ टक्कर हो गई,जिससे ओमारू को गंभीर चोट लगी । वहीं टीभीएस में सवार जोन खेस्स पिता अंजलूस खेस निवासी केरसई सिरघाघ टोलीको गंभीर चोट लगी । टी भी एस में बैठी कंचन लकड़ा को भी हल्की चोट लगी। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी कुरडेग पहूंचाया गया,जहाँ डॉक्टर ने ओमारू साय को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप रूप से घायल जोन खेस्स को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। कुरडेग पुलिस शव अपने कब्जे में कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्ट के लिए सिमडेगा भेज दिया।

## खूंटी टोली में दुर्गा पूजा समिति का गठन, रितेश कश्यप बने अध्यक्ष



● 1985 से चली आ रही परंपरा, इस बार विशेष स्वचालित झांकी होगी आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तोरपा रोड स्थित खूंटी टोली में पूजा समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में पूजा को श्रद्धा, उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रितेश कुमार कश्यप को अध्यक्ष, मनोज गोप और सौरान मांझी को उपाध्यक्ष, अभीश कुमार मांझी को सचिव तथा कमलेश महतो और प्रकाश अधिकारी को सह सचिव बनाया गया। वहीं बसंत महतो और संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। समिति में सुरेंद्र सिंह, अनिल कच्छप, सोमरा लोहार, रमेश मांझी, गौतम कुंडू, बसंत राम, बहाल सिंह और लालकमल लोहार सहित कई लोगों को संरक्षक बनाया गया है। समिति के कमलेश महतो ने बताया कि खूंटी टोली में दुर्गा पूजा का आयोजन वर्ष 1985 से होता आ रहा है। पूजा की शुरुआत स्व. शालिग्राम सिंह, स्व. महेंद्र मांझी, स्व. लाल जगरनाथ शाहदेव, स्व. चंद्रा साव और स्व. अमर दास अधिकारी सहित अन्य लोगों के प्रयास से हुई थी। तब से यहां लगातार पूजा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूजा के दौरान विशेष स्वचालित झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 20 किलो सड़े रसगुल्ले बरामद

● मथुरा स्वीट्स समेत पांच प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस, एक्सपायरी खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर शहर में रविवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों में व्यापक जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम और दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और किराना प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, रखरखाव, भंडारण और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

जांच के दौरान मथुरा स्वीट्स में करीब 20 किलोग्राम खराब और सड़े हुए रसगुल्ले बरामद किए गए। इसके अलावा दुकान से एक्सपायरी हो चुके पास्ता स्नैक्स भी मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बरामद खराब और एक्सपायरी खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करा दिया।

अभियान के दौरान शहर के अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में भी खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति सामने आई। कुछ रेस्टोरेंट में पैकेटबंद पनीर का इस्तेमाल पाया गया। वहीं, कई प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और खाद्य सामग्री के रखरखाव की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। कुछ दुकानदारों के पास खाद्य कारोबार से संबंधित आवश्यक वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं पाए गए। अधिकारियों ने संचालकों को खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और खाद्य सामग्री के भंडारण एवं बिक्री में निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने मथुरा स्वीट्स, क्यूज़ीन फैमिली रेस्टोरेंट, संतुष्ट क्यूज़ीन रेस्टोरेंट, शंकर मिष्ठान भंडार और छप्पन भोग को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों से नियमों के उल्लंघन को लेकर जवाब मांगा गया है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य कारोबारियों की जिम्मेदारी है कि वे ग्राहकों को बिक्री से पहले खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और उसकी वैधता सुनिश्चित करें। विशेष रूप से पैकेटबंद खाद्य सामग्री की खरीद और बिक्री के दौरान एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट की जांच करना जरूरी है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कारोबारियों को चेतावनी दी कि खराब, सड़ी-गली या एक्सपायरी खाद्य सामग्री की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सदानों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का भी ध्यान रखे केंद्र : राजेंद्र




● जातीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम हो : रामटहल चौधरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जातीय जनगणना और आगामी परिसीमन को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ने केंद्र सरकार के समक्ष झारखंड में जनसंख्या, सामाजिक संरचना और क्षेत्रीय वास्तविकता के अनुरूप संतुलित राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद एवं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने रविवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया । मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन केवल सीटों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि झारखंड के सभी सामाजिक वर्गों को लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का न्यायसंगत अवसर देने का माध्यम होना चाहिए। राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से झारखंड में न्यायसंगत एवं संतुलित राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आगामी परिसीमन तथा जातीय जनगणना से जुड़े विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पत्र भेजकर अपनी मांगों से अवगत कराया है।

पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि जातीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग एवं स्पष्ट कॉलम होना चाहिए, ताकि देश और झारखंड में ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या का सही आंकड़ा सामने आ सके। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, सांसदों और विधायकों से जाति-धर्म से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर एकजुट होने की अपील की। संवाददाता सम्मेलन में विशाल कुमार सिंह, प्रो. अरविंद प्रसाद, डॉ आशीष कुमार महतो, डॉ साबिर आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव जरूरी : सरयू




नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डीबीएमएस हाई स्कूल के कलाकृति प्रेक्षागृह में आयोजित 'शिक्षकों का सम्मान, शिक्षक का उत्थान' कार्यक्रम में झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों पर गंभीर मंथन हुआ। उद्घाटन सत्र में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बुनियादी व्यवस्था को मजबूत किए बिना नई शिक्षा नीति का अपेक्षित लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के 21 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में कंप्यूटर, 41 प्रतिशत में पुस्तकालय, 60 प्रतिशत के पास जमीन, 33 प्रतिशत में बाउंड्री और 75 प्रतिशत स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड की सुविधा नहीं है। कई विद्यालयों में शौचालय, बेंच-डेस्क और पर्याप्त शिक्षक भी उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाने पर भी उन्होंने चिंता जताई। मौके पर कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने शिक्षा को देश के विकास की आधारशिला बताते हुए शिक्षकों को तकनीक, एआई और मशीन लर्निंग से जुड़ने की सलाह दी। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने गुरु-शिष्य संवाद मजबूत करने पर जोर दिया। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक गौतम सूत्रधर ने शिक्षा को रोजगार से जोड़ने और आधुनिक प्रयोगशालाएं विकसित करने की बात कही। सोनादेवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने शिक्षा को विद्यार्थी केंद्रित बनाने की जरूरत बताई। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्रभूषण शर्मा ने शिक्षकों की कमी और समय पर वेतन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार सिंह, शशि भूषण दुबे, अंजनी कुमार, मनोज कुमार, डॉ. अमर कुमार सिंह सहित अन्य ने भी विचार रखे।

## शहीद जय मंगल पांडेय की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलाकारों ने बांधा समां




● गणेश वंदना, देशभक्ति गीत और मिमिक्री से दर्शकों का किया मनोरंजन

**हजारीबाग/बरही।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद जय मंगल पांडेय के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एचओ एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में देशभक्ति, नृत्य, संगीत और मिमिक्री के माध्यम से शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ऐशिका रॉय की मनमोहक गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद रागे श्री म्यूजिकल बैंड ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।वहीं, टीम के सदस्य मनोज पांडेय ने मिमिक्री के माध्यम से विभिन्न लोकप्रिय कलाकारों की आवाज और अंदाज की शानदार नकल पेश कर दर्शकों को खूब हंसाया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। टीम के निर्देशक रोहित वर्मा ने कहा कि शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवा कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना टीम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए भविष्य में भी ऐसी प्रस्तुतियां जारी रहेंगी। कार्यक्रम में टीम के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बना दिया।

## कांके चैंपियन ट्रॉफी 2026 का सुकुरहुटू में भव्य आगाज, पहले मैच में दीपक ब्रदर बुढ़मू की जीत

नवीन मेल संवाददाता



**पिठोरिया।** रविवार को कांके सुकुरहुट्टू गौशाला मैदान, में कांके चैंपियन ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया, टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अथिति के रूप मे पहुँचे कांके प्रखंड उप प्रमुख अजय बैठा ने फुटबॉल पर किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया, टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में दीपक ब्रदर बुढ़मू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुंजला एफसी को 2-0 से पराजित कर जीत के साथ ही टूर्नामेंट मे अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर ली है, समीर मुर्मू ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की ओर से दोनों गोल दागे। मौके पर मुख्य अथिति उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्र मे फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों में काफी उत्साह रहता है। मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि, ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान कर खेल के प्रति प्रोत्साहित करना साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें आगे ले जाना ही मेरा उद्देश्य रहा है,वहीं टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल मुंडा ने बताया की कांके टूर्नामेंट में आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कारः 6 लाख रूपये नगद, द्वितीय पुरस्कारः चार लाख रूपये नगद, तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपए नगद, चतुर्थ पुरस्कारः एक लाख रूपये नगद है, उद्घाटन मैच मे मुख्य रूप से सुकुरहुट्टू महावीर मंडल के अध्यक्ष राजकुमार महतो, रामलखन मुंडा, प्रभात भूषण, शत्रुधन महतो, मुकेश साहू, अभिषेक राज हेरेंज, सुरेंद्र लिंडा, आकाश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## गोदरमाना में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** 'वडनगर से वाराणसी' तक की सेवा यात्रा के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का रविवार को गढ़वा के गोदरमाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संजय सेठ ने कहा कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही इस यात्रा का हिस्सा बनना गर्व का विषय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह और उमंग की सराहना करते हुए कहा कि संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता भाजपा की शक्ति को और मजबूत करती है।

कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व सांसद घूरन राम, जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सम्मेलन** 'वाराणसी डेक्लेरेशन' लैंसेट में प्रकाशित, सीकेएम सिंड्रोम पर भारत-विशिष्ट नीति का दिया प्रारूप

# डॉ आशुतोष मिश्र कार्डयाबकॉन ओरेशन से सम्मानित

● द लैंसेट में प्रकाशित शोध के आधार पर हृदय, गुर्दे और मेटाबॉलिक बीमारियों के एकीकृत उपचार पर जोर

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक चिकित्सीय सम्मेलन कार्डयाबकॉन-2026 में वाराणसी के सुप्रसिद्ध मेटाबॉलिक सिंड्रोम विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष मिश्र को प्रतिष्ठित कार्डयाबकॉन ओरेशन से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, पदक और शॉल प्रदान किया गया। सम्मेलन में डॉ. मिश्र ने हृदय, गुर्दे और चयापचय से जुड़े कार्डियोवैस्कुलर-किडनी-मेटाबॉलिक (सीकेएम) सिंड्रोम पर भारत-विशिष्ट नीति और उपचार की रूपरेखा पर व्याख्यान दिया।डॉ. मिश्र के नेतृत्व में भारतीय परिप्रेक्ष्य में सीकेएम सिंड्रोम पर किए गए शोध को प्रतिष्ठित चिकित्सा पत्रिका द लैंसेट में प्रकाशित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, यह एशिया से इस विषय पर प्रकाशित महत्वपूर्ण शोध कार्यों में शामिल है। 'वाराणसी डेक्लेरेशन 2026' के तहत सीकेएम सिंड्रोम के लिए एकीकृत सहमति-आधारित नीति ढांचा तैयार किया गया है। इसमें देश के 50 से अधिक चिकित्सकों का योगदान रहा है। वाराणसी की डॉ. पल्लवी मिश्र और रांची के डॉ. वीके जगनाणी भी इसके योगदानकर्ताओं में शामिल हैं।सम्मेलन में बताया गया कि हृदय रोग, क्रॉनिक किडनी डिजीज और मेटाबॉलिक विकारों को अब अलग-अलग बीमारियों के बजाय एक-दूसरे से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और इंसुलिन रेजिस्टेंस सीकेएम सिंड्रोम के प्रमुख जोखिम कारक हैं। समय पर जांच और उपचार से इससे जुड़ी गंभीर जटिलताओं को कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने सीकेएम सिंड्रोम की पहचान के लिए रक्तचाप, ब्लड शुगर, एचबीए1सी, बीएमआई, लिपिड प्रोफाइल, ईजीएफआर और यूएसीआर जैसी जांचों को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, वजन नियंत्रण और चिकित्सकीय परामर्श पर जोर दिया गया। सम्मेलन में गर्भावस्था के दौरान हृदय स्वास्थ्य, मधुमेह, मोटापा, क्रॉनिक किडनी डिजीज, हृदय विफलता, एमएएसएलडी और हृदयाघात से बचाव जैसे विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। डॉ. ममता ने गर्भावस्था में हृदय स्वास्थ्य के लिए श्रीअन्न के उपयोग पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सोनिया शरण ने स्वस्थ हृदय के लिए संतुलित जीवनशैली और नियमित व्यायाम को जरूरी बताया। डॉ. वीके जगनाणी ने हृदय रोग के उपचार में दवाओं के बीच संभावित अंतःक्रिया और सावधानियों पर जानकारी दी। डॉ. उत्कर्ष मिश्र ने मधुमेह के उपचार में एसजीएलटी-2 इनहिबिटर्स के नए शोध और क्रॉनिक किडनी डिजीज से बचाव में उनकी भूमिका पर चर्चा की। रांची के डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने लिपोप्रोटीन-ए को हृदयाघात के महत्वपूर्ण जोखिम कारकों में बताया। कार्डयाबकॉन-2026 में देश के विभिन्न हिस्सों से आए चिकित्सकों ने नवीन उपचार पद्धतियों और शोध पर विचार साझा किए। सम्मेलन के संयोजक सचिव डॉ. वीके जगनाणी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से चिकित्सकों को नवीनतम शोध और उपचार पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिसका लाभ झारखंड के मरीजों को भी मिलेगा।

## दृष्टिपात

### बीसीआइ प्लेटिनम की नई टीम गठित, राजीव शर्मा बने अध्यक्ष



**रांची।** बीसीआइ प्लेटिनम के नए अध्यक्ष राजीव शर्मा चुने गए हैं। वहीं सुबोध कुमार वर्मा को सचिव, आनंद प्रकाश गुप्ता को उपाध्यक्ष, डॉ अनामिका धुरिया को संयुक्त सचिव, रिशव चौधरी को कोषाध्यक्ष और विकास नाहटा को संयुक्त कोषाध्यक्ष बनाया गया। सुजीत कुमार को चैप्टर का सलाहकार बनाया गया है। रविवार को करमटोली स्थित सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित चैप्टर की 50वीं बैठक में नये पदधारियों का चयन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने नयी टीम को बधाई दी और संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि चैप्टर के सभी सदस्यों को साथ लेकर काम किया जायेगा। आपसी सहयोग, कारोबार विस्तार और बेहतर नेटवर्किंग को बढ़ावा देना नयी टीम की प्राथमिकता होगी। मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि कारोबार बढ़ाने में आपसी सहयोग और रेफरल की महत्वपूर्ण भूमिका है। सदस्य एक-दूसरे के कारोबार को बढ़ाने के लिए सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं। रेफरल के माध्यम से सदस्यों के कारोबार को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपसी नेटवर्किंग और विश्वास के साथ काम करने से कारोबार विस्तार के बेहतर अवसर मिलते हैं। बैठक में रेफरल देने वाले सदस्यों के प्रति आभार जताया गया। साथ ही बेहतर कार्य करने वाले कई सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक में बीसीआइ के एमडी धीरज ग्रोवर, निदेशक अजय कुमार, शिव कुमार, रमेश कुमार, सुनील कालरा, डॉ. अरविंद आर्या, अमित पाठक, राजीव शर्मा, सोनाली चौधरी, प्रवीण मग्गू, मिहिर अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### वन्यजीव संरक्षण के संदेश के साथ रांची में निकला वॉकथॉन, 3 हजार लोगों ने लिया हिस्सा



**रांची।** वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आज वन्यजीव सप्ताह के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें करीब 2,500 से 3,000 विद्यार्थियों, युवाओं, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों और प्रकृति प्रेमियों ने हिस्सा लिया। वॉकथॉन का शुभारंभ वन भवन, रांची में गुब्बारे उड़ाकर और हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं हेड ऑफ फोर्स संजीव कुमार (आईएफएस) ने कहा कि वन्यजीव जंगलों, प्रकृति के संतुलन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण आधार हैं। इनके संरक्षण का सीधा संबंध वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। वॉकथॉन जैसे आयोजनों से युवाओं और विद्यार्थियों को प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण से जोड़ने का अवसर मिलता है। इसके बाद पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ एवं मुख्य वाइल्डलाइफ वार्डन रवि रंजन (आईएफएस) ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की समृद्ध वन संपदा और जैव-विविधता राज्य की अमूल्य प्राकृतिक विरासत है। वन, प्रकृति और वन्यजीव एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वॉकथॉन वन भवन से शुरू होकर अरगोड़ा, बिरसा चौक और हिनू होते हुए निर्धारित मार्ग से वापस वन भवन पहुंचा। इस दौरान प्रतिभागियों ने वन्यजीव संरक्षण, जैव-विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अधिकारियों ने नागरिकों से वन्यजीवों, वनों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझने तथा पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

### प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर आज लगेगा प्रपत्र-6 डिजिटलीकरण विशेष कैंप



**बरही ।** मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्र-6 के डिजिटलीकरण के लिए आज प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कैंप के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर प्राप्त प्रपत्र-6 को बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटलाइज करेंगे। बीडीओ जयपाल महतो ने संबंधित कर्मियों को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन मतदान केंद्रों पर नेटवर्क की समस्या है, वहां के बीएलओ को प्रपत्र-6 के साथ पंचायत भवन या प्रखंड कार्यालय में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। सुपरवाइजरों को ऐसे क्षेत्रों में आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सभी सुपरवाइजरों को कैंप की फोटो और प्रतिवेदन उसी दिन शाम 4 बजे तक संबंधित पदाधिकारी को भेजना अनिवार्य किया गया है। बीडीओ ने विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया हैं।

### 1600 मीटर दौड़ में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के अभ्यर्थियों ने जीते 40 मेडल



**पिपरवार।** सिद्धू-कान्हू स्टेडियम, रामगढ़ में रविवार को अंकित रनर अकादमी की ओर से आयोजित 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के होमगार्ड अभ्यर्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 40 मेडल अपने नाम किए। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों एवं क्लबों के दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के दौरान अभ्यर्थियों को 100-100 के ग्रुप में दौड़ाया गया। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के अभ्यर्थियों ने निर्धारित 1600 मीटर की दौड़ 6 मिनट 35 सेकेंड से लेकर 7 मिनट के अंदर पूरी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन के आधार पर 40 अभ्यर्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिवारी महतो उपस्थित रहे। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अभ्यर्थियों में प्रतिमा कुमारी, करिश्मा कुमारी, हेमा कुमारी, उषा कुमारी, सीमा कुमारी, देवंती कुमारी, अंजू कुमारी, नीलू कुमारी, रेशमी कुमारी, अनीता कुमारी, पुष्पा कुमारी, रीना कुमारी, पार्वती कुमारी, गीता कुमारी, आरती कुमारी, सोनी कुमारी, ललिता कुमारी, बबीता कुमारी, तारा कुमारी, पूनम कुमारी, बिंदु कुमारी, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी, मनिता कुमारी, यशोदा कुमारी, बिमला कुमारी, शिखा कुमारी, रेखा कुमारी, शांता कुमारी, सीता कुमारी, मीना कुमारी एवं पूजा कुमारी सहित अन्य अभ्यर्थी शामिल हैं। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो एवं एएफआई प्री-लेवल-1 कोच किरण कुमारी ने सभी विजेता अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर अभ्यर्थी आने वाली प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय नवीन मेल

## विमान क्रैश से बचाने वाले पर चुप्पी

अभी लगभग पूरी दुनिया में फ्लाईदुबई के विमान को क्रैश कराने के प्रयास और भारतीय पायलट की बहादुरी के किस्से राजनीति से लेकर सोशल मीडिया में छाए हुए हैं साथ ही दुनिया भर में अपनी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र के लिए पहचाने जाने वाले इजरायल की अपनी ही सुरक्षा व्यवस्था की एक बड़ी खामी अब सवालों के घेरे में है। उड़ान के दौरान ओमानी सह-पायलट ने भारतीय कप्तान स्मित मच्छार पर हमला किया और विमान को अपने नियंत्रण में लेकर उसे गिराने की कोशिश की। विमान कुछ ही सेकंड में हजारों मीटर नीचे आ गया। घायल कप्तान ने किसी तरह कॉकपिट का दरवाजा खोला, जिसके बाद 174 यात्रियों में से कुछ साहसी लोगों और विमान में मौजूद अन्य पायलटों ने हमलावर को काबू किया। 2020 के अब्राहम समझौते के बाद बनाए गए इजरायली सुरक्षा नियमों में उन देशों के पायलटों को इजरायल आने वाली उड़ानें संचालित करने से रोकने का प्रावधान था, जिनके इजरायल से राजनयिक संबंध नहीं हैं। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान के कॉकपिट में हुए घटनाक्रम ने यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि जब इजरायल के नियम ऐसे देशों के पायलटों को उसके यहां उड़ान संचालित करने की इजाजत ही नहीं देते, जिनके साथ उसके राजनयिक संबंध नहीं हैं, तो फिर ओमान का पायलट हमाम अल हमामी आखिर इजरायल जाने वाली उड़ान को उड़ाता हुआ तेल अवीव तक पहुंच कैसे गया? ओमान का इजरायल से राजनयिक संबंध नहीं है। इसके बावजूद रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में दर्जनों ओमानी पायलट फ्लाईदुबई जैसी विदेशी एयरलाइनों के साथ इजरायल आ चुके थे। रिपोर्ट के अनुसार, शिन बेट ने विदेशी एयरलाइनों के पायलटों की राष्ट्रीयता और पृष्ठभूमि की स्वतंत्र जांच करने की बजाय एयरलाइनों पर भरोसा किया कि वे ऐसे पायलटों को इजरायल न लाएं। यानी जिस व्यवस्था को अंतिम सुरक्षा दीवार होना चाहिए था, वहां भरोसा जांच का विकल्प बन गया। अब यह भी जांच के घेरे में है कि विमानन सुरक्षा संचालन केंद्र और परिवहन मंत्रालय ने विदेशी एयरलाइनों के चालक दल की निगरानी कैसे की? दिलचस्प बात यह भी है कि राज्य नियंत्रक कार्यालय ने 2024 में ही हवाई यात्रा से जुड़ी सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा की सिफारिश की थी। सवाल केवल राष्ट्रीयता का नहीं है आरोपी ओमानी सह-पायलट को कथित तौर पर ओमान में उड़ान से पहले सुरक्षा जोखिम माना गया था और उसे कट्टरपंथ संबंधी चिंताओं के कारण विमानन प्रशिक्षण से हटाया गया था। इसके बावजूद बाद में उसे फ्लाईदुबई में नौकरी मिली। इस घटना ने इजरायल की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी असहज सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों एजेंसियां शिन बेट और मोसाद अब जांच में शामिल हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल अलग-अलग स्तर पर जांच कर रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात के संघीय अभियोजक ने अब इस घटना को संभावित आतंकी कृत्य मानकर जांच शुरू की है और यह पता लगाया जा रहा है कि हमला पहले से योजनाबद्ध था या किसी बाहरी संगठन अथवा व्यक्ति के निर्देश पर किया गया ।वहीं इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि आरोपी ने कथित तौर पर इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर प्रशिक्षण पाया था और वह विमान गिराने के इरादे से आगे बढ़ा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच में यह पता लगाया जाएगा कि उसके पीछे कोई सहयोगी था या ईरान की कोई भूमिका थी। हालांकि ईरानी संलिप्तता का अब तक कोई पुष्ट प्रमाण सामने नहीं आया है और जांच जारी है। इस पूरी घटना में भारतीय कप्तान स्मित मच्छार और यात्रियों की भूमिका निर्णायक रही। घायल होने के बावजूद कप्तान ने कॉकपिट खोलने में सफलता पाई, जबकि यात्रियों और विमान में मौजूद अतिरिक्त पायलटों ने हमलावर को दबोचकर विमान को बचाने में मदद कर एक सराहनीय कार्य किया है। एक पायलट कॉकपिट में हथियार या शीशा तोड़ने के औजार से हमला करे, विमान को हजारों फुट नीचे ले जाए और यात्रियों को खुद अपनी जान बचाने के लिए कॉकपिट में घुसना पड़े, यह सामान्य चेतावनी नहीं, बल्कि लाल अलार्म है। क्योंकि हवाई यात्रा सबसे सुरक्षित बनाई जाती है जिसमें यदि जाति, धर्म राष्ट्रीयता जैसी बातों के आधार पर यदि चयन किया जाएगा तो क्या होगा? 4 अगस्त 2026 को फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट अचानक हवा में करीब 300 फीट नीचे गोता लगा गई थी, जिससे 17 से अधिक यात्री और क्रू मेंबर घायल हो गए थे। पायलट के डोप (ड्रग) टेस्ट में मारिजुआना (गांजा) की मौजूदगी पाई गई। एयर इंडिया ने उस मुख्य पायलट को तुरंत प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया। यहां जान पर खेलकर विमान को क्रैश होने से बचाने वाले को पीएम मोदी बधाई दे रहे हैं और विपक्ष चुप है। साहित्यिक पृष्ठभूमि वाली एक वरिष्ठ पत्रकार घटना पर ही संदेह व्यक्त कर रहीं हैं। स्मित मच्छार को जाति के आधार पर समर्थन देने वाले भी हैं।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

---

**विचार प्रवाह**

मैं यह पवित्र शपथ लेता हूं: हे प्रभु! मेरे प्रेम की तेजोमय दृष्टि, कभी भी आपके विचार के क्षितिज से नीचे नहीं उतरेगी। मैं अपने नेत्रों की उर्ध्व-दृष्टि को आपके सिवा किसी अन्य वस्तु पर नहीं डालूंगा। मैं कभी भी ऐसा कुछ नहीं करूंगा जो मुझे आपका स्मरण न कराए। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी व भारत के विकास का अगला चरण

आज की बात



निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री

विकसित भारत बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो । पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट - जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थी: कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना । दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूँ। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8% की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है।

यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6% अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15% की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाज़ारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग, निवेश तथा रोज़गार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7% की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं: परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाज़ार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोज़गार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता है; और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15% अधिक हैं। अप्रैल-जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर- 3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6% अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैं: नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए।



इनपुट टैक्स क्रेडिट की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है।

राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16% की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। इस प्रकार, ये लाभ एक-दूसरे को सशक्त बनाते हैं: परिवारों को मिलने वाली राहत मांग को बढ़ावा देती है, उद्यम आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करते हैं, और सार्वजनिक राजस्व विकास को निरंतर बनाए रखने में सहायक होता है। यह अनुभव भविष्य में किए जाने वाले कार्यों को भी रेखांकित करता है। एक विकासशील प्रणाली को इस बात के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए कि छोटे प्रतिभागियों पर इसका कितना आर्थिक व समय संबंधी भार पड़ता है। उनका समय और संसाधन सीमित होते हैं। रिटर्न दाखिल करने, क्रेडिट या रिफंड की व्यवस्था में प्रत्येक सुधार से ऐसे संसाधनों की अधिक से अधिक बचत होनी चाहिए, ताकि उनका उपयोग व्यवसाय के संचालन और विस्तार में किया जा सके।

7 अक्टूबर को जीएसटी परिषद के समक्ष रखे जाने वाले प्रस्ताव राज्यों के साथ निरंतर विचार-विमर्श और समन्वय के माध्यम से तैयार किए गए हैं। ये प्रस्ताव अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करने के उद्देश्य से पंजीकरण, रिटर्न, रिफंड, विवादों के निपटारे और इनपुट टैक्स क्रेडिट के सुगम प्रवाह से जुड़े हैं । करदाताओं का अनुभव ही इसके क्रियान्वयन का मुख्य मार्गदर्शक बना रहना चाहिए। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है। स्पष्टता, निश्चितता और करदाता के प्रति सम्मान की यही प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष करों से जुड़े हमारे कार्य को भी दिशा देती है। एक भरोसेमंद कर प्रणाली उद्यमों को अपने तात्कालिक दायित्वों से आगे बढ़कर योजना बनाने तथा ऐसे अवसरों में निवेश करने में सक्षम बनाती है जिनके फलने-फूलने में समय लगता है। वे चाहे कहीं भी कार्य कर रहे हों, उन्हें यह भरोसा दिलाना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप एक 'विकसित भारत' की आर्थिक शक्ति के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।

---

## छंद के व्याकरण को सहजता से समझाती है पुस्तक 'सीपी छंदालय : लेखनी छंद की ओर'

पुस्तक समीक्षा



संगीता यादव

आज के दौर में जबकि ज्यादातर कविताएं गद्यात्मक ही लिखी जा रही हैं, अतुकांत कविताओं का बाहुल्य है, ऐसे में खुशबू बरनवाल सीपी रचित 'सीपी छन्दालयः लेखनी छंद की ओर' पुस्तक का आना एक सुखद एहसास है। छंदों के व्याकरण को समझाती यह पुस्तक 'श्वेत वर्ण प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित है जिसका आवरण पृष्ठ स्वयं खुशबू जी की सुपुत्री देशना खुशराज द्वारा चित्रित है जो बेहद ही आकर्षक बन पड़ा है। पेपर बैक कवर में उपलब्ध इस पुस्तक का मूल्य मात्र 249 रुपए है। 'सीपी छन्दालय : लेखनी छंद की ओर' खुशबू बरनवाल जी की चौथी पुस्तक है। इससे पहले उनकी तीन पुस्तक - 'कविताओं की खुशबू ', 'सीपी मुक्तावली' एवं 'सुगंधित सोपान' प्रकाशित हो चुकी हैं जिसमें से प्रथम दो उनकी छंद मुक्त कविताओं का संग्रह है। तीसरी पुस्तक 'सुगंधित सोपान' छन्दबद्ध




काव्य- संग्रह है जिसे लिखने में उन्हें (उनके शब्दों में) काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा क्योंकि छंदबद्ध कविता ऐसी होती है जिसमें तुकबंदी और लय के नियमों का पालन वर्णों और मात्राओं के प्रयोग द्वारा की जाती है जो विधान आधारित होती है। छंदों की रचना में निश्चित चरण, गति, लय, वर्ण, मात्रा, यति, तुक और गण का ध्यान रखना पड़ता है। छंद की विभिन्न विधाओं-श्लोक, दोहे, चौपाई, सवैया, कुंडलियां आदि की संरचना के अनुसार उसके अंदर विशेष मात्राओं और वर्णों का पालन करना होता है जिससे कविता में लयबद्धता और संगीतात्मकता उत्पन्न हो सके। इन नियमों को सीखना और पालन करना अत्यंत कठिन कार्य प्रतीत होता है परंतु 'सीपी छन्दालय' छंद की विविध विधाओं और उनके व्याकरण को बेहद आसान शब्दों में समझाने में सक्षम है। हर विधा को समझाने के लिए खुशबू जी ने स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की हैं जो पुस्तक को और भी रोचक बनाती हैं। छंद लिखने में उनकी दक्षता ऐसी की पुस्तक शुरू से अंत तक छंदों में ही प्रस्तुत और समर्पित है। गुरुजनों को समर्पण हो, इनका जीवन- वृत अथवा जीवन में उनकी उपलब्धियां, सबको छंद में रच कर इन्होंने पुस्तक में प्रस्तुत किया है। कमियों की बात करें तो कहीं भी कोई कमी नहीं मिली। कुछ एक प्रिंटिंग की गलतियां हैं, इसके अतिरिक्त कहीं कुछ भी नहीं। जो भी छंद में लिखना चाहते हैं, ऐसे रचनाकारों और अध्येताओं के लिए यह पुस्तक अवश्य संग्रहणीय एवं पठनीय है। आशा है खुशबू जी की इस पुस्तक को पाठकों का भरपूर स्नेह मिलेगा और उनकी लेखनी ऐसे ही और ऊंचाइयों को छुए,नित नए सोपान गढ़े और चढ़े; ऐसी शुभकामना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

आपकी बात

## जिंदगी के साथ ही या जिंदगी के बाद भी



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया

जीवन बीमा का नाम सुनते ही मन में एक भरोसा पैदा होता है, अगर कल मैं नहीं रहा, तो मेरे परिवार का क्या होगा? यही चिंता किसी व्यक्ति को अपनी आज की कमाई में से कुछ हिस्सा काटकर बीमा की किस्त भरने के लिए प्रेरित करती है। बीमा दरअसल भविष्य की अनिश्चितता के सामने परिवार के लिए खड़ी की गई आर्थिक दीवार है। लेकिन हाल में सामने आए आंकड़े इस दीवार की मजबूती से ज्यादा एक असहज सवाल खड़ा करते हैं, क्या जीवन बीमा वास्तव में जीवन की सुरक्षा पर केंद्रित है, या वह धीरे-धीरे एक बिक्री-केंद्रित वित्तीय उत्पाद बनता जा रहा है? आईआरडीएआई के हालिया कंसल्टेशन पेपर में दिए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में जीवन बीमा कंपनियों ने कुल 6.3 लाख करोड़ रुपए के लाभ/भुगतान किए। इसमें 37 प्रतिशत यानी करीब 2.33 लाख करोड़ रुपए सरेंडर/पॉलिसी बीच में छोड़ने वालों को गए, जबकि मृत्यु दावों का हिस्सा केवल 7 प्रतिशत यानी करीब 47 हजार करोड़ रुपये रहा। मैच्योरिटी भुगतान का हिस्सा 35 प्रतिशत और एन्युटी/पेंशन तथा अन्य भुगतान का करीब 20 प्रतिशत रहा। यह आंकड़ा अपने आप में बीमा कंपनियों को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि जीवन बीमा केवल मृत्यु-लाभ वाला उत्पाद नहीं है। इसमें बचत, पेंशन और परिपक्वता जैसे उत्पाद भी शामिल हैं। लेकिन 37 प्रतिशत सरेंडर और केवल 7 प्रतिशत मृत्यु दावा एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक सवाल जरूर पूछते हैं, लोग पॉलिसियां आखिर इतनी बड़ी संख्या में बीच में क्यों छोड़ रहे हैं? और यहीं दूसरा आंकड़ा और अधिक चिंता पैदा करता है। आईआरडीएआई के अनुसार, जीवन बीमा पॉलिसियों की 61वें महीने की persistency केवल 48 प्रतिशत है। यानी पांच साल के आसपास पहुंचने तक आधे से ज्यादा पॉलिसीधारक अपनी पॉलिसियां जारी नहीं रख पा रहे हैं। इसके विपरीत, सीधे ऑनलाइन खरीदी गई पॉलिसियों में यही persistency लगभग 71 प्रतिशत बताई गई है। कुछ कंपनियों में दसवें वर्ष तक चालू रहने वाली पॉलिसियों का अनुपात केवल 8 प्रतिशत तक रह जाता है। यह अंतर केवल एक संख्या नहीं है; यह बीमा बेचने के तरीके पर सवाल है। जब कोई परिवार अपनी मेहनत की कमाई से पॉलिसी खरीदता है, तो उसे केवल एक दस्तावेज नहीं मिलता, उसे भरोसा मिलता है। उसे लगता है कि उसने अपने परिवार के भविष्य को थोड़ा सुरक्षित कर लिया है। लेकिन यदि कुछ वर्षों बाद वही परिवार पॉलिसी छोड़ने के लिए मजबूर हो जाए और उसे अपनी जमा रकम का पूरा लाभ भी न मिले, तो सवाल ग्राहक की समझ पर ही नहीं, उसे पॉलिसी समझाने वाले तंत्र पर भी उठना चाहिए।

---

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

### आधुनिक जगत है ज्ञान की विजय का युग



श्रीअरविंद

श्रीअरविन्द अपनी पूरी आध्यात्मिक प्रभावशीलता से भारतीय समाज की इस कमज़ोरी को न केवल उजागर करते हैं बल्कि आध्यात्मिक रूप से उसका उपचार भी करना चाहते हैं। भारत की आंतरिक कमजोरियों पर मंथन करते हुए उन्होंने एक सबसे बड़ी कमज़ोरी जिस पर प्रकाश डाला वह यह है कि भारत के लोग थॉट फोबिया यानी विचार करने की अक्षमता से ग्रसित हैं। उन्हें जीवन में नवीनता के आगमन से भय लगता है। वे खुशी खुशी से पीढ़ियों की रूढ़ियों को ढोने में आत्मतुष्ट हैं। जबकि प्रगति का स्वर्णिम सूत्र है नित्य नवीनता का स्वागत करना और हमेशा कुछ नया करने, पाने, होने, रचने, पढ़ने और गढ़ने के लिए तैयार रहना। अपने अनुज और महान क्रांतिकारी बारीन्द्र कुमार घोष को लिखी एक लंबी चिट्ठी में श्रीअरविन्द भारतीय समाज की इस कमज़ोरी को इस तरह सामने रखते हैं -- मेरी यह धारणा है कि भारत की दुर्बलता का प्रधान कारण पराधीनता नहीं, दरिद्रता नहीं, आध्यात्मिकता या धर्म का अभाव नहीं है बल्कि इसका कारण है चिंतनशक्ति का हास-- ज्ञान की जन्मभूमि में अज्ञान की व्यापकता। मैं भारत में सर्वत्र विचार की अक्षमता और अनिच्छा अथवा थॉट फ़ोबिया देखता हूं... आधुनिक जगत है ज्ञान की विजय का युग। जो जितना अधिक विचार करता है, अन्वेषण करता है, परिश्रम कर विश्व के सत्य को गहराई में पैठ जान सकता है, उतनी ही उसकी शक्ति बढ़ती है। यूरोप को देखोगे तो तुम दो चीजें पाओगे -- अनंत विशाल चिंतन का समुद्र और प्रकांड वेगवती पर सुश्रृंखल शक्ति का खेल... फिर देखो भारत की तरफ़। कुछ इक्का दुक्का प्रतिभाशाली महापुरुषों के अतिरिक्त सर्वत्र ही सीधे-सरल मनुष्य हैं। औसत मनुष्य जो विचार करना नहीं चाहते, विचार ही नहीं सकते और जिनमें सिवाय क्षणिक उतेजना के बिंदु मात्र भी शक्ति नहीं है। श्रीअरविन्द का एक-एक शब्द सत्य की सुवास से भरा हुआ है।

**-पूर्णयोगेश्वर श्रीअरविंद से साभार**

---

**आज का दोहा**

जादूगर करने लगा, नित-नित नए प्रयोग।
परेशान वे लोग हैं, जिनके छूटे भोग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

---

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




---

## आदिवाणी : वंचितों के लिए तकनीक

देश की बात



रंजना चोपड़ा
सचिव-जनजातीय कार्य मंत्रालय

भारत 700 से अधिक जनजातीय समुदायों और 100 से भी ज़्यादा विशिष्ट जनजातीय भाषाओं और बोलियों का घर है, फिर भी इनमें से बहुत कम के पास अपनी लिपि, शब्दकोश या ऑनलाइन उपस्थिति है। स्वास्थ्य संबंधी किसी सरकारी परामर्श को पढ़ने की कोशिश कर रहे गोंडी भाषी किसान के लिए या पाठ्यपुस्तक में किसी शब्द को खोज रहे संथाली छात्र के लिए डिजिटल दुनिया ने अब तक उनकी भाषा में बात नहीं की थी। 'आदिवाणी' एक-एक वाक्य, एक-एक रिकॉर्डिंग और एक-एक अनूदित पृष्ठ के माध्यम से इस स्थिति को बदल रही है। आदिवाणी एक एआई-आधारित अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी मंच है, जिसे जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आईआईटी दिल्ली द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीधा और स्पष्ट है: ऐसे उपकरण तैयार करना जो अंग्रेजी और हिंदी को जनजातीय भाषाओं के साथ संवाद करने में सक्षम बनाएं, और जनजातीय भाषाओं को भी लिखित और मौखिक दोनों माध्यमों में उनका उत्तर देने की सुविधा दें। आदिवाणी चार भाषाओं-संथाली, मुंडारी, भीली और गोंडी-के साथ लाइव हो चुकी है। इसके ठीक पीछे कुई और गारो भाषाएं हैं, जबकि अगले चरण के लिए कातकरी, कोया, कोकबोरोक, बेट्टा कुरुबा, चोधरी, थाडो कुकी और तांगखुल सहित आठ अन्य भाषाओं को तैयार किया जा रहा है। आदिवाणी केवल एक अनुवादक न होकर एक ही छत के नीचे संपूर्ण टूलकिट उपलब्ध कराती है। यह टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट ट्रांसलेशन की सुविधा देती है, जो अंग्रेजी या हिंदी पाठ को तुरंत जनजातीय भाषा में और जनजातीय भाषा को वापस हिंदी या अंग्रेजी में बदल देता है; स्पीच-टू-टेक्स्ट, जो बोली जाने वाली जनजातीय भाषा को लिखित रूप में परिवर्तित करता है और ऐसी भाषाओं के लिए जीवनरेखा का काम करता है जिनके पास धाराप्रवाह पढ़ने वालों की संख्या बहुत कम या न के बराबर है; टेक्स्ट-टू-स्पीच, जो लिखे हुए पाठ से प्राकृतिक जनजातीय वाणी (ऑडियो) तैयार करता है ताकि निरक्षर व्यक्ति भी सुनकर जानकारी प्राप्त कर सकें; और स्पीच-टू-स्पीच, जो एक ऐसी बहु-चरणीय प्रणाली है जिससे अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले दो लोग लगभग वास्तविक समय में एक-दूसरे की बात समझ सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म में 'ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन' की सुविधा भी है, जो केवल कागजों पर मौजूद पुरानी पाठ्यपुस्तकों, लोक पांडुलिपियों, प्राथमिक पुस्तकों और शब्दकोशों को डिजिटाइज़ करती है-जो अक्सर किसी बोली के अंतिम बचे हुए दस्तावेज़ होते हैं। इसके साथ ही एक सार्वजनिक मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें निरंतर सुधार के लिए शब्दकोश, सीखने के मॉड्यूल और फीडबैक तंत्र मौजूद हैं। दशकों से भारत की जनजातीय भाषाएं देश के डिजिटल और प्रशासनिक जीवन के हाशिए पर रही हैं। मौखिक इतिहास, पारिस्थितिक ज्ञान और सांस्कृतिक स्मृतियों से समृद्ध होने के बावजूद वे इंटरनेट, एआई प्रणालियों और अक्सर नीतियों से लगभग अदृश्य रही हैं। आदिवाणी इस स्थिति को बदल रही है। कल्याणकारी योजनाओं की अधिसूचनाएं, स्वास्थ्य परामर्श या एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के अध्याय जो कभी केवल हिंदी या अंग्रेजी में उपलब्ध थे, अब संथाली या भीली में सटीकता और सम्मान के साथ रूपांतरित किए जा सकते हैं और किसी निरक्षर व्यक्ति को बोलकर सुनाए जा सकते हैं। दूसरी ओर, सरकारी अधिकारी, शिक्षक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी यह समझ सकते हैं कि कोई जनजातीय नागरिक अपनी भाषा में क्या कहना चाह रहा है। यह संवाद दोनों तरफ से होता है और यही इसकी मुख्य विशेषता है: आदिवाणी सिर्फ जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा तक पहुंच प्रदान नहीं कर रही है, बल्कि मुख्यधारा को भी जनजातीय भारत तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। यह परियोजना जनजातीय भाषाओं को एआई के लिए केवल डेटा स्रोत नहीं मानती, बल्कि उन्हें मौखिक परंपरा, कृषि, पारिस्थितिकी और सामुदायिक पहचान से जुड़ी जीवंत ज्ञान प्रणालियों के रूप में देखती है। आदिवाणी का दायरा केवल जनजातीय परिवारों तक ही सीमित नहीं है। शोधकर्ताओं और भाषाविदों को दुनिया की सबसे कम प्रलेखित भाषाओं के लिए एक प्रामाणिक और उपयोगी डेटासेट मिलता है। जनजातीय जिलों में तैनात सिविल सेवकों, डॉक्टरों, शिक्षकों और एनजीओ के फील्ड कार्यकर्ताओं को (जिनमें से अधिकांश स्वयं जनजातीय नहीं हैं) एक रियल-टाइम अनुवादक साथी मिल जाता है, जो असहज और त्रुटिपूर्ण संचार को एक सार्थक संवाद में बदल देता है। भाषाविज्ञान और नृविज्ञान के छात्रों को ऐसी डिजिटाइज़्ड पांडुलिपियां और मौखिक अभिलेखागार मिलते हैं, जो अन्यथा स्थानीय पुस्तकालयों में बिना देखे नष्ट हो जाते। इसके अलावा प्रत्येक भारतीय को डिजिटल रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण सुधार का लाभ मिलता है: जो भाषाएं केवल स्मृति में जीवित रहने के खतरे का सामना कर रही थीं, अब उन्हें ऑनलाइन सर्च करने, बोलने और सिखाने के लिए एक मंच मिल गया है। यही बात आदिवाणी को एक साधारण अनुवाद ऐप से कहीं अधिक बनाती है; यह समावेशन का एक ऐसी सार्वजनिक अवसंरचना है जिसे समुदाय को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, न कि केवल एक प्राप्तकर्ता के रूप में।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अब पलायन नहीं, अपनी माटी में हुनर दिखा रहे कारीगर : योगी

**एजेंसी। भदोही**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में कभी कारीगर और हस्तशिल्पी रोजी-रोजगार के लिए पलायन को मजबूर थे, आज उन्हें अपनी ही माटी में हुनर दिखाने का मंच मिल रहा है। तकनीक, डिजाइन और बाजार के साथ बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षा मिली है। भदोही का कालीन आज दुनिया के बाजार में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को संत रविदास नगर, भदोही के कारपेट एक्सपो मार्ट में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित इंडिया कारपेट एक्सपो के स्वर्ण जयंती संस्करण का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फीता काटकर एक्सपो का शुभारंभ किया और स्टॉलों पर जाकर कारीगरों व हस्तशिल्पियों के उत्पाद देखे। एक्सपो में 227 से अधिक एग्जीबिटर्स और 65 देशों के 450 से अधिक विदेशी बायर्स हिस्सा ले रहे हैं। इनमें ब्रिक्स देशों के 106 बायर्स हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में उपद्रव, कर्फ्यू और दंगा नहीं होते। कोई माफिया खुली जीप में पिस्टल लहराकर किसी को धमका नहीं सकता और बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। 15 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है और साढ़े सात लाख करोड़ रुपए के उद्योग बहुत जल्द धरातल पर उतरने जा रहे हैं।



### भदोही के कालीन का दुनिया में बढ़ा कारोबार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में हताशा और निराशा थी। दंगा, कर्फ्यू, उपद्रव और माफियागिरी के कारण कारोबार का माहौल नहीं था। कारीगर को काम नहीं मिलता था और देशी-विदेशी खरीदार भी नहीं आते थे। सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना में भदोही के कालीन को शामिल कर कारीगरों को तकनीक, डिजाइन और बाजार से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास नगर और सिल्क क्लस्टर से 6,100 करोड़ रुपए का निर्यात हो रहा है। देश के कुल कालीन निर्यात में संत रविदास नगर, मिर्जापुर और वाराणसी के सिल्क क्लस्टर की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। अकेले संत रविदास नगर में 2,500 एमएसएमई यूनिट हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर 10 हजार करोड़ रुपए है। इस उद्योग से पांच लाख से अधिक लोगों को सीधे रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि जनपद में निर्मित 90 प्रतिशत कालीन अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन समेत विभिन्न देशों को निर्यात किए जाते हैं। भदोही के हस्तनिर्मित कालीन को जीआई टैग भी मिला है। कारपेट और टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में तकनीकी शिक्षा, डिजाइनिंग और डाइंग के प्रशिक्षण के लिए भदोही में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कारपेट टेक्नोलॉजी स्थापित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ कालीन उद्योग को मिल रहा है।

## 'मेक इन इंडिया' के नाम पर पैदा हुई तानाशाही को खत्म कर देंगे : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के कामकाज पर सीधा हमला बोला। ठाकरे ने पीएम मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल का जिक्र करते हुए कहा, "जब वे पहली बार प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने 'मेक इन इंडिया' की घोषणा की। हमने उस विजन का समर्थन किया। लेकिन अगर आप 'मेक इन इंडिया' के नाम पर तानाशाही पैदा कर रहे हैं, तो हम आज यहां उस तानाशाही को दफनाने के लिए खड़े हैं। 'मेक इन इंडिया' के तहत बाकी सब ठीक है, लेकिन अगर आप तानाशाह बनने की कोशिश करते हैं, तो समझ लीजिए कि आपकी तानाशाही दफन हो गई है।" शिवसेना (यूबीटी) द्वारा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख (मनसे) राज ठाकरे के साथ मुंबई में आयोजित 'गर्जना मोर्चा' को संबोधित करते हुए, उद्धव ठाकरे ने व्यवस्थित चुनावी धांधली और लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार और ईसीआई पर तीखा हमला किया। उन्होंने इस प्रदर्शन को "भारत के संवैधानिक ढांचे और नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान" के रूप में परिभाषित किया और चेतावनी दी कि यदि संस्थागत अतिक्रमण जारी रहा तो जनता का असंतोष जल्द ही सड़कों पर उतर सकता है। उद्धव ठाकरे ने मतदाता सूची में हेराफेरी को लेकर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि देशभर में 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारी भीड़ से पूछा, "यह आंकड़ा महाराष्ट्र की पूरी आबादी के बराबर है।



### म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने समझाया नया वर्ल्ड ऑर्डर, कहा-

# अब विचार नहीं, साझा हितों से बन रहे गठबंधन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आयोजति म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका-चीन मुकाबले पर कहा कि दुनिया 'गोल्डीलॉक्स सिनेरियो' में है, जहां हालात न ज्यादा गर्म हों न ज्यादा ठंडे। उन्होंने कहा कि उभरती और मध्यम ताकतें अब अपने विकल्प बढ़ाने और जोखिम कम करने पर फोकस कर रही हैं और हितों में सीधा टकराव न होने पर वे आपस में सहयोग को तैयार हैं, जिसका उदाहरण 'क्वाड' है।जयशंकर ने कहा कि खासकर अमेरिका और चीन के बीच मुकाबले के संदर्भ में देखें, तो मुझे लगता है कि हम उस स्थिति की ओर देख रहे हैं जिसे अक्सर 'गोल्डीलॉक्स सिनेरियो' कहा जाता है। यानी आप नहीं चाहते कि हालात बहुत ज्यादा गर्म हों, न ही बहुत ज्यादा ठंडे। आप चाहते हैं कि स्थिति इन दोनों के बीच सही संतुलन में रहे तो ऐसे में उभरती हुई और मध्यम ताकत वाले देशों के लिए क्या स्थिति बनती है? जयशंकर ने कहा कि अब इस तरह के सहयोग के कुछ उदाहरण देखते हैं। एक उदाहरण, जिससे ज्यादातर भारतीय अच्छी तरह परिचित होंगे और राजदूत महोदय, आपने भी हिंद-प्रशांत का जिक्र किया, वह है 'क्वाड'। अगर आज हम समुद्री क्षेत्र और हिंद-प्रशांत को देखें, तो 'क्वाड' एक ऐसा उदाहरण है, जहां उभरती और मध्यम ताकतें एक स्थापित बड़ी ताकत के साथ मिलकर सहयोग कर रही हैं। ऐसे ही आईएमईसी पहल (इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर), इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर या पोलर रूट (नॉर्दर्न सी रूट), ये सभी सहयोग के विषय हो सकते हैं। अगर आप ग्लोबल ऑर्डर में अपनी आवाज को मजबूत करने के नजरिए से देखें, तो 'ब्रिक्स' एक अच्छा उदाहरण है। असल में 'ब्रिक्स' इस बात का उदाहरण है कि आज कई देश महसूस करते हैं कि उनकी सामूहिक आवाज उनकी अलग-अलग आवाजों की तुलना में कहीं ज्यादा मजबूत है। अगर मैं रिसोर्स या टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की बात करें तो 'पैक्स सिलिका' एक नया उदाहरण है। अगर आप ग्लोबल भलाई के नजरिए से बड़े पैमाने पर सोचें, तो इंटरनेशनल सोलर अलायंस या कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजीलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) जैसे उदाहरण हैं। इन दोनों की शुरुआत भारत ने की थी और ये बहुत सफल रहे हैं; जैसे आज आईएसए के 100 से ज्यादा सदस्य हैं।

### अमेरिका-चीन संग सहयोग बढ़ाने की दिशा में देश



जयशंकर ने कहा कि मेरा मानना है कि आज इनमें से ज्यादातर देश हर तरह से अपने विकल्प बढ़ाने और जोखिम कम करने पर ध्यान दे रहे हैं। यह सिर्फ उनकी अर्थव्यवस्था या सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपनी सप्लाई चेन को भी ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कई मायनों में ये देश नई व्यवस्थाएं तैयार कर रहे हैं और अलग-अलग मुद्दों के आधार पर सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उभरती हुई और मध्यम ताकतों के लिए साथ काम करने का आधार एक हद तक विचारों और हितों में समानता होना चाहिए और शायद पहले से ऐसा हो भी रहा है। मुझे लगता है कि वे दिन अब पीछे छूट गए हैं, जब देशों के विचार बिल्कुल एक जैसे होना या उनके हितों में बहुत ज्यादा समानता होना जरूरी माना जाता था। आज के समय में यह उम्मीद कुछ ज्यादा ही है। अगर देशों के बीच सहयोग के लिए पर्याप्त साझा मुद्दे हैं, तो उनके लिए मिलकर काम करने के लिए इतना ही काफी है। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने, विकल्प बढ़ाने और अलग-अलग रास्ते खुले रखने की इस प्रक्रिया में धीरे-धीरे एक नया ढांचा तैयार हो रहा है। अब सवाल यह है कि कौन किसके साथ सहयोग करेगा। उभरती हुई और मध्यम ताकतों के बीच अगर हितों का सीधा टकराव नहीं है, तो स्वाभाविक है कि वे आपस में सहयोग मजबूत करना चाहेंगी। साथ ही, यह भी स्वाभाविक है कि वे अमेरिका के साथ और निश्चित रूप से चीन के साथ भी सहयोग करेंगी।

## एसआईआर रद्द हो और बैलट पेपर पर चुनाव कराए जाएं : राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को मुंबई में गर्जना मोर्चा में महाराष्ट्र में एसआईआर को रद्द किए जाने और सभी चुनाव बैलट पेपर पर कराए जाने की मांग की। इससे पूर्व शिवसेना यूबीटी और मनसे का गर्जना विरोध मार्च मेट्रो सिनेमा से शुरू होकर मुंबई नगरपालिका, आजाद मैदान तक गया। राज ठाकरे आज शिवसेना यूबीटी और मनसे की ओर से आजाद मैदान में आयोजित गर्जना मोर्चा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात आधि उपस्थित थे। मनसे अध्यक्ष राज ने कहा कि 2024 के महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में अचानक 40 से 60 लाख वोटर बढ़ गए। इसके बाद एसआईआर के नाम पर महाराष्ट्र में दो करोड़ और पूरे देश में १ * करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए। सब मनमानी तरीके से हो रहा है। सत्ता में जो बैठे हैं, उनसे कोई नाराजगी नहीं है, लेकिन वे किस तरीके से सत्ता में बैठे हैं, उसे लेकर नाराजगी है।

# सैनिक का पार्थिव शरीर लेकर लौट रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

### पुत्र समेत चार लोगों की मौत

- **एक ही परिवार में जवान की मौत के बाद बेटे समेत तीन अन्य की जान गई, रुद्रपुर में पसरा मातम**

**एजेंसी। देवरिया**

चंडीगढ़ से सेना के जवान सूबेदार सत्यवान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर देवरिया आ रही एंबुलेंस रविवार सुबह सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार जवान के पुत्र राहुल सिंह, रुद्रपुर नगर पंचायत के सभासद राजन चौधरी, उनके छोटे भाई राम सुमित सिंह और चालक जसपाल की मौके पर ही मौत हो गई। एक ही परिवार में पहले जवान की मौत और इसके बाद उनके पुत्र समेत तीन अन्य लोगों की सड़क हादसे में मौत से रुद्रपुर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, देवरिया जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के गहिला-दुधैला गांव निवासी सत्यवान सिंह (50) सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) के पद पर मेरठ में तैनात थे। शुक्रवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए उनका पार्थिव शरीर एंबुलेंस से पैतृक गांव रुद्रपुर लाया जा रहा था। बताया गया कि एंबुलेंस में चालक जसपाल के अलावा सत्यवान सिंह के पुत्र राहुल सिंह, रुद्रपुर नगर पंचायत के सभासद राजन चौधरी और उनके छोटे भाई राम सुमित सिंह सवार थे। रविवार सुबह सुलतानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अचानक एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही परिवार और परिचितों में कोहराम मच गया। जिस परिवार में कुछ ही घंटे पहले सत्यवान सिंह के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी, उसी परिवार को उनके पुत्र राहुल सिंह की मौत की खबर ने झकझोर दिया। परिवार के तीन अन्य सदस्य निजी वाहन से एंबुलेंस के पीछे आ रहे थे। हादसे की जानकारी मिलते ही वे घटनास्थल की ओर रवाना हुए। हादसे में जान गंवाने वाले राम सुमित सिंह रुद्रपुर क्षेत्र के तरसारा डाकघर में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन की खबर मिलते ही डाक विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में शोक छा गया।



## केरल के गृह मंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त से जुड़े 2006 के मामले में जांच के दिए आदेश

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विजिलेंस जांच के नए आदेश दिए। यह जांच राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान लगे आरोपों से जुड़ी है और इसके लिए कांग्रेस नेता मलयिनकीझु वेणुगोपाल ने याचिका दायर की थी। यह मामला मलेशियाई सिविल इंजीनियर लीसी बीन से जुड़ा है, जिन्होंने नवंबर 2006 में केरल से लौटने के बाद कुआलालंपुर में आत्महत्या कर ली थी। वह पीएचीआई-बीईएल कंसोर्टियम से जुड़े थे, जो केरल राज्य परिवहन परियोजना (केएसटीपी) के तहत एमसी रोड को अपग्रेड करने का काम कर रहा था। खबरों के अनुसार, इंजीनियर के कथित सुसाइड नोट में कुमार का नाम था, जो उस समय पीडब्ल्यूडी सचिव के पद पर थे। यह मामला परियोजना से जुड़ी कथित अनियमितताओं और इन दावों से संबंधित है कि बाहरी दबाव के कारण 2006 में की गई शुरुआती विजिलेंस जांच पटरी से उतर गई थी। इन आरोपों पर कार्रवाई करते हुए राज्य के गृह विभाग ने विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो (वीएसीबी) द्वारा पहले की गई जांच से जुड़ी सभी संबंधित फाइलें मांगी हैं।



### लखनऊ में 2,250 रुपए के लिए दोस्त की बिजली का करंट देकर की हत्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने सचिन उर्फ राजा उर्फ रामधीरज की हत्या के मामले में 26 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शराब पीने के बाद बेहोश होने पर सचिन की बिजली के करंट का झटका देकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस के अनुसार, 1 अक्टूबर को लखनऊ के बिजनौर पुलिस स्टेशन इलाके में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि उसके बेटे सचिन की हत्या बिरजू, तेजू और अन्य साथियों ने गला घोंटकर और बिजली का झटका देकर कर दी है।

## पंजाब की हालत के लिए 'आप' जिम्मेदार कांग्रेस एक्सपायर्ड इंजेक्शन : तरुण चुघ

**एजेंसी। गांधीनगर**

भाजपा के राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ ने पंजाब में ड्रग्स की स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "आज पंजाब भयानक स्थिति में है, इसके लिए आम आदमी पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। पूरा पंजाब भय के वातावरण में है। मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल की खुशामद में मस्त हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही पंजाब के अंदर परफॉर्मेंस देने से चूक गई हैं। तरुण चुघ ने आईएएनएस से कहा कि कांग्रेस पार्टी में इस समय रस्साकस्सी चरम पर है। जब-जब कांग्रेस ने चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन किया, तब-तब कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ है। वही हाल परगट सिंह को अध्यक्ष बनाने के बाद भी वहां होने वाला है। आज पंजाब में कांग्रेस एक एक्सपायर्ड इंजेक्शन की तरह है। पंजाब में कांग्रेस पार्टी तीसरे नंबर पर है। बता दें कि कांग्रेस ने 2 अक्टूबर को जालंधर कैंट से विधायक और पूर्व ओलंपियन परगट सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## आज कल




### त्रिपुरा निकाय चुनाव | ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पुरुष मतदाताओं से ज्यादा महिला मतदाता

# ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में महिलाओं का दबदबा

**एजेंसी। अगरतला**

राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा में 21 शहरी स्थानीय निकायों के आगामी चुनावों के लिए जारी मतदाता सूची के ड्राफ्ट में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। 21 शहरी स्थानीय निकायों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार, रजिस्टर्ड वोटर्स की कुल संख्या 6,31,388 है, जिसमें 3,22,360 महिलाएं, 3,08,983 पुरुष और 45 थर्ड-जेंडर वोटर्स शामिल हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में हर 1,000 पुरुषों पर 1,043 महिलाओं का लिंगानुपात दिखता है। एसईसी सचिव अनुराग सेन ने कहा कि 8 अक्टूबर तक ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावों और आपत्तियों को अंतिम रूप देने के बाद 15 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी।अगरतला नगर निगम सहित 21 शहरी नागरिक निकायों में से केवल सिपाहीजाला जिले के बिश्रामगंज नगर पंचायत और मेलाघर नगर परिषद में महिला वोटर्स की तुलना में पुरुष वोटर्स की संख्या ज्यादा, क्रमशः 147 और 119 वोटर्स, हैं। अगरतला नगर निगम में 1,85,099 महिला वोटर्स, 1,77,497 पुरुष और 36 थर्ड-जेंडर वोटर्स हैं। सेन ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने अगरतला नगर निगम सहित 21 शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अगरतला नगर निगम और 20 अन्य शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव इस साल दिसंबर तक कराए जाने हैं।नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में होने वाले आगामी चुनावों से पहले, एसईसी ने पोलिंग स्टेशनों की फाइनल लिस्ट जारी की है। फाइनल लिस्ट में 783 पोलिंग स्टेशन शामिल हैं, जिनमें अगरतला नगर निगम, 13 नगर परिषद और सात नगर पंचायतें आती हैं। अगरतला नगर निगम में सबसे ज्यादा 439 पोलिंग स्टेशन हैं। आठ जिलों में फैले 21 शहरी स्थानीय निकायों में लगभग नौ लाख लोग रहते हैं। इन नौ लाख लोगों में से चार लाख से ज्यादा लोग अगरतला नगर निगम क्षेत्रों में रहते हैं। अगरतला नगर पालिका, जिसका नाम बाद में बदलकर अगरतला नगर निगम कर दिया गया, की स्थापना 1871 में तत्कालीन राजा महाराजा चंद्र माणिक्य (1862-96) के शासनकाल में हुई थी।



## दृष्टिपात

### भारत में दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा उर्दू नहीं

**नई दिल्ली।** जब भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं की बात आती है तो हिंदी आमतौर पर सूची में सबसे ऊपर होते हैं। लेकिन दूसरी भाषा कौन सी है? आम धारणा के उलट वह उर्दू नहीं है। 2011 की आधिकारिक जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक बंगाली भारत की दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। इसके बाद मराठी और तेलुगु का स्थान आता है। यह आंकड़े भारत की बड़ी भाषाई विविधता को भी दर्शाते हैं। यहां लाखों लोग अलग-अलग क्षेत्र और भाषा परिवारों की भाषाएं बोलते हैं। हिंदी पहले स्थान पर आती है और भारत की लगभग 43.63% आबादी इसे अपनी मातृभाषा बताती है। जनगणना में लगभग 528.3 मिलियन मूल वक्ता दर्ज किए गए हैं। जनगणना वर्गीकरण का एक बड़ा पहलू यह है कि हिंदी भाषा श्रेणी के अंतर्गत कई बोलियों और भाषाई रूपों को शामिल किया गया है। इनमें भोजपुरी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी और हिमाचली जैसी 50 से ज्यादा बोलियां शामिल हैं। बांग्ला भारत की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है। यह लगभग 8.03% आबादी द्वारा बोली जाती है। इसके वक्ताओं की संख्या लगभग 97.2 मिलियन है। पश्चिम बंगाल इसका मुख्य केंद्र है। लेकिन बंगाली त्रिपुरा, असम की बराक घाटी और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी बड़े पैमाने पर बोली जाती है। बंगाली को भारत सरकार से शास्त्रीय भाषा का दर्जा भी मिला है।

### नमाज पढ़ी फिर पीछे से जोरदार हमला किया कैप्टन स्मित ने नेतन्याहू को बताई कहानी

**नई दिल्ली।** फ्लाइट के 174 यात्रियों की जान बचाने वाले भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बातचीत की। इस दौरान कैप्टन मच्छर ने उस दिन फ्लाईदुबई विमान के कॉकपिट में हुई पूरी घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैप्टन स्मित मच्छर ने बताया कि उड़ान बिल्कुल सामान्य तरीके से चल रही थी। इसी दौरान को-पायलट ने प्रार्थना यानी नमाज पढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि वहां कई लोग प्रार्थना करते हैं, इसलिए उन्हें यह बात असामान्य नहीं लगी। कैप्टन मच्छर के मुताबिक, को-पायलट जब प्रार्थना कर रहा था, तब सम्मान के तौर पर वह पीछे की ओर नहीं देख रहे थे। करीब 4 से 5 मिनट बाद अचानक उनके सिर के पीछे जोरदार प्रहार हुआ। शुरुआत में उन्हें लगा कि शायद विमान को कोई बड़ा नुकसान हुआ है और कोई गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद एक के बाद एक कई वार किए गए। तभी उन्हें एहसास हुआ कि विमान में तकनीकी खराबी नहीं हुई है, बल्कि कॉकपिट में मौजूद दूसरा व्यक्ति ही उन पर हमला कर रहा है। कैप्टन मच्छर ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बताया कि उस समय उन्हें समझ आ गया था कि स्थिति बेहद गंभीर है। इसके बावजूद उन्होंने विमान को संभालने और उसमें सवार सभी 174 यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा।

### संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना राहुल की आदत, सीईसी पर आरोप राजनीति : अर्जुन

**बीकानेर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर लग रहे आरोपों को लेकर कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार पलटवार किया है। बीकानेर में पत्रकारों से बात करते हुए मेघवाल ने कहा, "सीईसी ने सब कुछ पूरी तरह साफ कर दिया है। यह सब राजनीतिक कारणों से हो रहा है, वे हमारे मुख्य चुनाव आयुक्त पर आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी की आदत बन गई है कि वे भारत की अच्छी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करें जो अच्छा काम कर रही हैं। इसके अलावा, न तो उनका कोई और मकसद है और न ही कोई असली मुद्दा।"उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण को लेकर जो सवाल उठाए हैं, विपक्ष उनका जवाब नहीं दे रहा है। मेघवाल ने कहा, "सीईसी ने पूछा था कि क्या जो वोटर अब जीवित नहीं हैं, यानी जिनका निधन हो चुका है, उन्हें वोटर लिस्ट में बने रहना चाहिए, लेकिन वे इसका जवाब नहीं देते। क्या जो लोग कहीं और चले गए हैं, उन्हें लिस्ट में बने रहना चाहिए? वे इसका भी जवाब नहीं देते। आरोप लगाना, झूठ बोलना और भाग जाना, यही उनकी फितरत बन गई है। दरअसल, विपक्ष लगातार चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और चुनाव में धांधली के आरोप लगा रहा है।

### कर्नाटक : बेलगावी में वोटर लिस्ट से 198 मुस्लिम वोटर्स के नाम हटाने का आरोप

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से नाम हटाने के मामले में सियासी घमासान मचा हुआ है। इस मामले में भाजपा नेता डॉ रवि पाटिल को गिरफ्तारी के डर से राहत मिल गई है। बेलगावी की दूसरी अतिरिक्त जिला और सत्र अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। दरअसल, डॉ रवि पाटिल पर 198 मुस्लिम वोटर्स के नाम एसआईआर के जरिए डिलीट कराने का आरोप लगा था। इस मामले में डॉ रवि पाटिल समेत 20-25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। डॉ रवि बी पाटिल ने वर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बेलगावी उत्तर (बेलगाम उत्तर) निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उनके खिलाफ मार्केट पुलिस स्टेशन में वार्ड 12 के बीएलओ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज होते ही भाजपा नेता डॉ। रवि पाटिल अंडरग्राउंड हो गए थे। मार्केट पुलिस स्टेशन अपराध संख्या 218/2026 के तहत डॉ. रवि पाटिल, विजय हॉस्पिटल के स्टाफ प्रशांत मुंदिनमनी और शंकर नायक समेत 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### साइबर हमलों से बैंकों के ग्राहकों का डेटा लीक, दक्षिण कोरियाई ने दिए जांच के आदेश

**सोल।** दक्षिण कोरिया में हाल में हुए साइबर हमलों में हाना बैंक, केबी कूकमिन बैंक और शिनहान बैंक समेत कई वित्तीय कंपनियों के ग्राहकों की जानकारी लीक होने के मामले सामने आने के बाद रविवार को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने संस्थानों पर हुए लगातार साइबर हमलों की पूरी जांच करने का आदेश दिया। इन हमलों में ग्राहकों की निजी जानकारी लीक हुई है। योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राष्ट्रपति की प्रवक्ता कांग यू-जुंग ने एक प्रेस रिलीज में कहा, "राष्ट्रपति ली को हाल में वित्तीय और सरकारी संस्थानों में हुए डेटा लीक और उनसे निपटने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेने, पूरी जांच करने और समस्या से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है। गुरुवार को शिनहान बैंक ने बताया कि उसके करीब 25 हजार ग्राहकों की निजी जानकारी लीक हुई है। इसमें ग्राहकों के नाम, फोन नंबर और सालाना आय जैसी जानकारियां शामिल थीं। सूत्रों के मुताबिक, बैंक पर हमला करने वाले हैकरों ने एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल किया था।

### सना में सऊदी अरब का बड़ा हवाई हमला हूती समूह के ठिकानों को बनाया निशाना

**रियाद।** यमन में हूती समूह के कब्जे वाली राजधानी सना में शनिवार देर रात कई जोरदार धमाके हुए। हूती के अल-मसीरा टीवी की जानकारी के अनुसार, सऊदी अरब ने शहर पर एक बार फिर हवाई हमले किए हैं। सना के एक निवासी ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि आसमान में लड़ाकू विमानों की आवाज सुनाई दे रही थी और पूरे शहर में जोरदार धमाके हो रहे थे। धमाकों की वजह से खिड़कियां हिलने लगीं और इमारतों में भी कंपन महसूस हुआ। स्थानीय निवासी ने कहा, "धमाके इतने तेज थे कि हमारे पैरों के नीचे जमीन हिलने लगी। ऐसा लगा जैसे भूकंप आया हो। हमारी खिड़कियां कांप रही थीं और बच्चे डरकर जाग गए। स्थानीय लोगों का मानना है कि इन हवाई हमलों में हूती समूह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। फिलहाल इस हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले शनिवार को हूती समूह ने दावा किया था कि उसने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरामको की एक फैसिलिटी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हूती ने कहा कि यह हमला यमन पर सऊदी अरब के तेज हुए हमलों के जवाब में किया गया। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों के दौरान यमन में 60 हवाई और मिसाइल हमले किए गए।

# 277 कराटे खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडेशन, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

- राातू रोड स्थित श्री अरविंदो सोसाइटी कराटे केंद्र में विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर
- फेडरेशन के मुख्य प्रशिक्षक हंसी मानस सिन्हा ने शिविर का नेतृत्व किया
- सफेद से भूरे बेल्ट तक के खिलाड़ियों का परीक्षण व ग्रेडेशन

**रांची।** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रातू रोड स्थित श्री अरविंदो सोसाइटी कराटे केंद्र में एक दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व फेडरेशन के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं मुख्य तकनीकी निदेशक हंसी मानस सिन्हा ने किया। उन्होंने सफेद बेल्ट से भूरे बेल्ट तक के कराटे खिलाड़ियों का परीक्षण कर ग्रेडेशन किया। शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 277 कराटे खिलाड़ियों को ग्रेडेशन में उत्तीर्ण घोषित किया गया और उन्हें औपचारिक रूप से बेल्ट प्रदान किए गए।



## शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजन

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों को श्री अरविंदो सोसाइटी हेसल शाखा के सचिव रमेश भाई ने पदक पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों में अभया श्रेष्ठ, आदित्या राज, अस्तुति कुमारी, अविषा चौधरी, श्लोक कुमार राऊथ, श्रष्ठी कुमारी, सुषमा कुमारी, डॉल्सी प्रिया, अव्यान मिश्रा, इशिता चन्द्रा, राधे राम, अपूर्व वर्मा, पलक गोयंका, श्रेया, महिमा कुमारी, राजेश कुमार, श्रद्धा सोनी, भव्या राज, कनक सिंह, हर्ष कुमार, दीपिका महतो, आशिवि कपूर, अभिनव सिंह, श्रेया चौधरी, आरोही शर्मा, ब्रिजय राज, दीप लक्ष्मी प्रजापती, श्रेया डे और आर्यन कुमार लोहरा शामिल हैं। शिविर के संचालन और बेल्ट ग्रेडेशन में शिहान रीतेश कुमार बॉबी, सेंशी संजय कुमार, शिहान संजय मिश्रा, शिहान राज किशोर, राम कृष्णा साव, उमेश रजक, नंद किशोर महतो, संजीव सिन्हा, मनीष कुमार एवं संदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

# एशियन गेम्स की चैंपियन बेटियों के स्वागत में झूमा झारखंड



## ढोल-नगाड़ों से गूंजा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, सलीमा, निक्की, ब्यूटी और दीपिका का हुआ भव्य अभिनंदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में झारखंड की चार बेटियों का अहम योगदान रहा। स्वर्ण पदक विजेता टीम की कप्तान झारखंड की सलीमा टेटे के साथ ओलंपियन निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और युवा स्टार दीपिका सोरेंग रविवार को अपने गृह राज्य झारखंड की राजधानी रांची पहुंचीं। जापान से बेंगलुरु होते हुए रांची पहुंचीं चारों चैंपियन खिलाड़ियों के स्वागत के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हॉकी झारखंड के पदाधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी ढोल-नगाड़ों के साथ मौजूद थे। जैसे ही चारों खिलाड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकलीं, पूरा परिसर ढोल-नगाड़ों की गूंज से झूम उठा। खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने हॉकी स्टिक उठाकर तथा फूल-मालाओं के साथ अपनी चैंपियन बेटियों का जोरदार स्वागत किया। सबसे भावुक क्षण उस समय देखने को मिला, जब चारों खिलाड़ियों ने अपने माता-पिता और परिजनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने चारों खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा एयरपोर्ट परिसर 'भारत माता की जय', 'झारखंड की बेटियां जिंदाबाद' और भारतीय हॉकी के जयघोष से गूंजता रहा।

स्वागत समारोह में हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज कोनबेगी, कोषाध्यक्ष अस्त्रिता लकड़ा, महानिदेशक विजय शंकर सिंह, एसोसिएट उपाध्यक्ष माइकल लाल, संयुक्त सचिव दुलारी टोपनो, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ के प्रशांत मुखर्जी, झारखंड की पहली अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, सुमराय टेटे, हॉकी सिमडेगा के कमलेश्वर मांझी, हॉकी खूंटी के दशरथ महतो, भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह, हॉकी प्रशिक्षक करुणा पूर्ति, शिक्षा विभाग के चंद्रदेव सिंह सहित चारों खिलाड़ियों के परिजन, सैकड़ों हॉकी खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। 44 वर्षों बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक दिलाने वाली झारखंड की इन चार बेटियों का स्वागत केवल खिलाड़ियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि झारखंड की समृद्ध हॉकी संस्कृति, संघर्ष और उस परंपरा का सम्मान भी रहा, जिसने देश को लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के सितारे दिए हैं।

## 'ओलंपिक के लिए जल्दी क्वालीफाई करने से तैयारी का समय मिलता है', गोल्ड मेडल जीतने के बाद बोले मनप्रीत

**काकामिगाहारा।** भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक 2028 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने से भारतीय टीम को लॉस एंजिल्स गेम्स से पहले तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। शनिवार को काकामिगाहारा के गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मलेशिया पर शानदार 5-1 से जीत के साथ एशियन गेम्स 2026 का गोल्ड मेडल बरकरार रखते हुए भारतीय पुरुष टीम ने ओलंपिक का टिकट हासिल किया। तीन एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले एकमात्र भारतीय हॉकी खिलाड़ी बने मनप्रीत ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का महत्व एशियन गेम्स की कामयाबी से कहीं ज्यादा है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद मनप्रीत ने 'आईएएनएस' से कहा, "एशियाई खेल हमारे लिए एक अहम टूर्नामेंट था। हमने लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। इसी वजह से हमें क्वालिफायर राउंड नहीं खेलना होगा और हम खुद पर और उन चीजों पर काम कर सकते हैं जिन पर सुधार की जरूरत है। एशियन गेम्स 2023 में जीत के बाद भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया था। इससे भी भारतीय टीम को तैयारी के लिए कुछ समय मिला और टोक्यो गेम्स 2021 में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद वे एक और ब्रॉन्ज मेडल के साथ लौटे। भारत एकमात्र ऐसी टीम थी जिसने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक दोनों में मेडल जीता, जबकि बाकी दो मेडल जीतने वाली टीमें दोनों संस्करणों में अलग-अलग थीं। अगस्त में वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद मिली यह जीत




भारत के लिए एक बड़ा सहारा भी है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में आठवें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। पुरुष टीम ने एशियन गेम्स 2026 में गोल्ड जीता जबकि महिला टीम ने भी इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में गोल्ड जीतकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में सीधी जगह पक्की कर ली। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम ने एशियन गेम्स के फाइनल में मौजूदा ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन को 1-0 से हराया। यह पहली बार था जब भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने एक ही एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीता। 1982 के खेलों में मिली जीत के बाद, इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम का यह केवल दूसरा गोल्ड मेडल था।

## पीएम मोदी ने पहलवान अंतिम पंघाल व महिला गोल्फ टीम को सिल्वर जीतने पर दी बधाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स 2026 में शनिवार को कुश्ती में सिल्वर मेडल जीतने वाली अंतिम पंघाल और महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर जीतने वाली अदिति अशोक, प्रणवी शरथ उर्स और दीक्षा डागर को बधाई दी है। पीएमओ ने रविवार को पीएम मोदी के हवाले से अंतिम पंघाल को एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, "एशियन गेम्स में अंतिम पंघाल का सिल्वर मेडल सच में बहुत अच्छा था। महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल रेसलिंग इवेंट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए उन्हें बधाई।

उम्मीद है कि वह देश का नाम रोशन करती रहेंगी और दूसरे एथलीटों को प्रेरित करेंगी।"



पीएमओ ने महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर जीतने वाली खिलाड़ियों को पीएम की तरफ से बधाई देते हुए लिखा, "एशियन गेम्स 2026 में महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर अदिति अशोक, प्रणवी शरथ उर्स और दीक्षा डागर को बधाई। यह सफलता खेल के लिए उनके पक्के इरादे और जुनून को दिखाती है। उम्मीद है कि वे आने वाले समय में सफलता की नई ऊंचाइयों को छूती रहेंगी।

## एशियन गेम्स स्वर्ण विजेता प्रणवी को 10 लाख, रजत विजेताओं को 3 लाख

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) की गवर्निंग काउंसिल ने आइची-नागोया एशियन गेम्स में ऐतिहासिक गोल्ड जीतने के लिए प्रणवी उर्स को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके अलावा, सिल्वर जीतने वाली महिला गोल्फ टीम के प्रत्येक सदस्य को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे। महिला टीम में प्रणवी के साथ ओलंपियन अदिति अशोक और दीक्षा डागर शामिल हैं। आईजीयू के प्रेसिडेंट ब्रिजिंदर सिंह ने प्रणवी उर्स को बधाई देते हुए कहा, "आपका शानदार प्रदर्शन इंडियन गोल्फ और इंडियन गोल्फ यूनियन में हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। एशियन गेम्स में गोल्ड जीतना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और यह आपके टैलेंट, कड़ी मेहनत, पक्के इरादे और खेल के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा, "इंडियन गोल्फ




यूनियन की ओर से, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गवर्निंग काउंसिल ने आपके गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रदर्शन के लिए 10 लाख रुपये के कैश अवॉर्ड को मंजूरी दी है। इसके अलावा, आईजीयू ने महिला गोल्फ टीम के हर सदस्य को उनके सिल्वर मेडल के लिए 3 लाख रुपये देने की घोषणा की है। ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, "ये अवॉर्ड आपके शानदार योगदान और इंडियन गोल्फ को बड़ा सम्मान दिलाने के लिए हमारी सराहना का एक छोटा सा तरीका है।

## जापान में दमदार प्रदर्शन कर स्वदेश लौटे भारतीय मुक्केबाज कहा- पदक तालिका में अपना योगदान देख अच्छा लग रहा है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। भारतीय मुक्केबाजों ने 3 स्वर्ण और 3 कांस्य सहित कुल 6 पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजी दल स्वदेश लौट आया है। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हमें इसे आगे




जारी रखना है। एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद स्वदेश लौटे भारतीय मुक्केबाजों और बीएफआई के प्रेसिडेंट ने आईएएनएस से खास बातचीत में जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें गेम्स में हासिल की गई अपनी उपलब्धियों पर बात की। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के प्रेसिडेंट अजय सिंह ने आईएएनएस से कहा, "यह बहुत गर्व की बात है। हमें लगता है कि भारत इस बार एशियन गेम्स में उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और चीन से आगे नंबर वन पर आया, जिन्हें बॉक्सिंग में बड़ी ताकत माना जाता है। इसलिए, टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, और यह बहुत गर्व की बात है। हमें अति आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है और भविष्य में अपनी कमियों को दूर करने पर काम करना है। उन्होंने कहा, "पहले कहा जाता था कि भारत सिर्फ लाइट वेट में अच्छा प्रदर्शन करता है, हैवी वेट में नहीं करता।

## रांची जिला क्रिकेट संघ ने नए सत्र की तैयारियां तेज की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी समिति की बैठक संघ के अध्यक्ष अविनाश कुमार की अध्यक्षता में तीन सितंबर 2026 को जेएससीए स्टेडियम स्थित संघ कार्यालय में हुई। बैठक में नए सत्र की शुरुआत की तैयारियों के साथ पिछले सत्र में आयोजित प्रतियोगिताओं की समीक्षा की गई। बैठक में क्लब, विद्यालय एवं क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों के पंजीयन की तिथि 11 से 25 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई। खिलाड़ियों का पंजीयन रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में होगा। विलंब शुल्क के साथ पंजीयन प्रपत्र 31 अक्टूबर तक जमा किया जा सकेगा। विलंब शुल्क पंजीयन शुल्क के अतिरिक्त उसकी आधी राशि के बराबर देय होगा। बैठक में जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व सचिव शैलेन्द्र कुमार एवं पूर्व कोषाध्यक्ष सौमित्र पटनायक को दोषमुक्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यकारी कोषाध्यक्ष अंजना दुबे के निजी कारणों से इस्तीफा देने के बाद सहायक सचिव सुनील पाल को कार्यकारी कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा, उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, सुनील कुमार, विभूति भूषण प्रसाद अमर, कार्यकारी सचिव शम्भु शरण सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य चंचल भट्टाचार्य, सुरेश कुमार, अनवर मुस्तफा, मुजफर अली, मोहम्मद उजैर, सहायक सचिव सुनील पाल, नंदजी पांडे और माणिक घोष उपस्थित थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# सतत विकास, बेहतर शिक्षा व मुक्त व्यापार से वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा भारत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक अर्थशास्त्रियों ने शनिवार को भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए सतत विकास, शिक्षा, मुक्त व्यापार और आय-आधारित कराधान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये कारक भारत को एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने में मदद कर सकते हैं। 5वें कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2026) के साइडलाइन आईएएनएस से बातचीत में स्वीडिश अर्थशास्त्री डेनियल वाल्डेनस्ट्रॉम ने कहा कि भारत ने विकासोन्मुख नीतियों के जरिए प्रभावशाली प्रगति की है और वह आर्थिक विस्तार को व्यापक सामाजिक लाभ में बदलने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, "तेजी से अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार करने के मामले में भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकास पर ध्यान देना बहुत सकारात्मक रहा है और इससे शिक्षा, बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वाल्डेनस्ट्रॉम ने कहा कि नीति-निर्माताओं को संपत्ति की असमानता की तुलना में आय की असमानता पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आय का स्तर गरीबी और आर्थिक अवसरों की बेहतर



तस्वीर पेश करता है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की बढ़ती संपत्ति अकसर एक बढ़ती हुई और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था का संकेत हो सकती है। कराधान के मुद्दे पर उन्होंने संपत्ति या विरासत कर पर निर्भर रहने के बजाय पूंजीगत आय पर कर लगाने की वकालत की। इसमें कॉरपोरेट मुनाफा, लाभांश और ब्याज से होने वाली आय शामिल है। उन्होंने कहा कि कई ओईसीडी देश धीरे-धीरे संपत्ति और विरासत करों से दूर हुए हैं। यूरोपीय केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष और बैंक ऑफ फ्रांस के पूर्व गवर्नर ज्यां-क्लोद त्रिशे के अनुसार, भारत उस दिशा में "बहुत प्रभावशाली तरीके से" आगे बढ़ रहा है, जो भारत की स्वाभाविक दिशा है और जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण देशों में से एक है। उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से भारत दो प्रमुख उभरते देशों में से एक है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय में एक अग्रणी देश भी है। इसलिए मैं भारत को इसी दिशा में आगे बढ़ते रहने और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। इस बीच, फ्रांसीसी अर्थशास्त्री ज्यां-पियरे लांदू ने भारत-फ्रांस के बीच बढ़ती साझेदारी की सराहना की और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला देश बताया। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ते संरक्षणवाद के बावजूद एशिया में व्यापार और निवेश मजबूत बने हुए हैं। लांदू ने आईएएनएस से कहा, "हम एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल का सामना कर रहे हैं, लेकिन इस समय दुनिया की समस्याओं को हल करने की कोशिश में भारत एक प्रमुख, बल्कि सबसे प्रमुख देशों में से एक है। इसके अलावा, चीन के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर झांग लीकिंग ने भारतीय अर्थव्यवस्था को "काफी गतिशील और काफी मजबूत" बताया। झांग ने कहा, "मेरा मानना है कि अब यह वैश्विक आर्थिक विकास के प्रमुख आकर्षणों में से एक बन गई है। इसलिए मैं भारत की अर्थव्यवस्था के सतत विकास और विश्व अर्थव्यवस्था में उसके बड़े योगदान की उम्मीद करता हूं।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी के आसार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक अगले हफ्ते होने वाली है। बैठक से पहले अर्थशास्त्रियों का मानना है कि सेंट्रल बैंक




अब ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला शुरू कर सकता है। पहले दिसंबर में बढ़ोतरी की उम्मीद थी लेकिन अब इसे अक्टूबर में ही शुरू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बैंक ऑफ अमेरिका (बीओएफए) के मुताबिक, बढ़ती ऊर्जा कीमतों, खाद्य महंगाई और चौतरफा महंगाई के दबाव के कारण अक्टूबर में 25 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की बढ़ोतरी संभव है जबकि पहले यह दिसंबर में अनुमानित थी। बीओएफए ने कहा, "लगभग दो साल की मौद्रिक नरमी के बाद, आरबीआई अक्टूबर एमपीसी में नीतिगत समर्थन वापस लेने के शुरुआती कदम उठाने के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में हमें लगता है कि आरबीआई अक्टूबर एमपीसी में 25बीपीएस की दर से बढ़ोतरी करेगा। एसबीआई रिसर्च ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस समय 25-बीपीएस की दर से बढ़ोतरी का जोखिम काफी बढ़ गया है। महंगाई का दायरा बढ़ना, वैश्विक हालात बिगड़ना, लिक्विडिटी की स्थिति और वैश्विक स्तर पर जोखिमों का दोबारा मूल्यांकन, पहले से कार्रवाई करने की जरूरत को मजबूत कर रहा है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5 से 7 अक्टूबर तक होनी है, जिसमें बेंचमार्क रेपो रेट पर फैसला लिया जाएगा।

## भारत पर बढ़ा वैश्विक भरोसा, मजबूत बुनियादी ढांचा और विकास क्षमता बन रही निवेशकों की पहली पसंद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2026 में दुनिया भर से आए अर्थशास्त्रियों और नीति विशेषज्ञों ने रविवार को वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच देशों की आर्थिक मजबूती बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में भारत की विकास संभावनाओं, वैश्विक व्यापार व्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु जोखिमों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वीडिश अर्थशास्त्री एरिक बर्गलोफ ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि वह इस सम्मेलन से इसकी शुरुआत से जुड़े रहे हैं और समय के साथ इसकी गुणवत्ता तथा अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार पहले की तुलना में कहीं अधिक देशों और प्रतिनिधियों की भागीदारी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां अत्यधिक अनिश्चित हैं और इसी संदर्भ में सम्मेलन की चर्चाएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा, व्यापार और



आपूर्ति शृंखलाओं से जुड़े जोखिमों के बीच अर्थव्यवस्थाओं को अधिक लचीला और सक्षम बनाने पर विचार-विमर्श समय की जरूरत है। एरिक बर्गलोफ ने आईएएनएस से कहा, "भारत की विकास संभावनाएं मजबूत हैं और कोविड-19 के बाद देश ने प्रभावशाली आर्थिक गति हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि की क्षमता बनी हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर भारत समेत कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार ने आम लोगों और कारोबारों को राहत देने के प्रयास किए हैं, लेकिन इससे राजकोषीय दबाव भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकटों के बीच विकास गति बनाए रखना नीति निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है।

## कुंड मोहल्ले में जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

# पिस्तौल दिखाकर धमकी देने की शिकायत

● पुलिस के अनुसार हथियार लहराने वाला आरोपी फरार, शिकायत पर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ले में जमीन पर कब्जा करने के प्रयास और विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में अभिषेक सहाय के लिखित आवेदन पर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पिस्तौल लहराने का आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने भी प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की है। प्राथमिकी के अनुसार कुंड मोहल्ले में खाता संख्या 1256, 1257, 1258 और 1259 की जमीन पर शिकायतकर्ता ने अपना दावा किया है। आवेदन में कहा गया है कि उक्त जमीन वर्ष 1934 में पूर्वज युगल किशोर लाल उर्फ युगल किशोर सहाय को बंदोबस्त हुई थी। इसके बाद से जमीन पर परिवार का कब्जा रहने की बात कही गई है। पारिवारिक बंटवारे में जमीन कमल किशोर सहाय के हिस्से में आई। बाद में निबंधित दस्तावेज के माध्यम से उनके भवह क्षमा प्रिया, पति अरविंद सहाय के नाम जमीन बिक्री किए जाने का उल्लेख आवेदन में है। आरोप है कि क्षतिग्रस्त चहारदीवारी के निर्माण के लिए जमीन पर निर्माण सामग्री गिराकर काम शुरू कराया गया था। इसी दौरान सुनील कुमार गुप्ता उर्फ बब्लू गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए काम रुकवा दिया। आवेदन में जमीन के फर्जी कागजात तैयार करने और वहां से चले जाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता के 85 वर्षीय पिता के साथ भी धमकी देने का आरोप है। । वहीं, घटना के दौरान पिस्तौल दिखाकर शिकायतकर्ता और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि जमीन विवाद को लेकर पूर्व में अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर मेदिनीनगर के समक्ष प्रक्रिया चली थी, जिसमें शिकायतकर्ता के पक्ष में निर्णय होने की बात कही गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## खनवा में जमीन विवाद सुलझाने को हुई पंचायत, नहीं निकला समाधान

● 30 लाख रुपये के जमीन सौदे में 20 लाख अग्रिम देने का दावा, रजिस्ट्री नहीं होने से बढ़ा विवाद



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में जमीन विवाद के समाधान को लेकर रविवार को पंचायत बैठक हुई। इसमें दोनों पक्षों के लोग, अधिवक्ता और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। काफी देर तक चली चर्चा और मध्यस्थता के बाद भी दोनों पक्षों के बीच अंतिम सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद जल्द ही दोबारा पंचायत बैठक बुलाने पर सहमति बनी। जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को अनारवा देवी, जीतन महतो और नरेंद्र कुमार मेहता के बीच पैतृक जमीन और अर्धनिर्मित मकान के संबंध में 30 लाख रुपये में एग्रीमेंट हुआ था। दावा है कि सौदे के तहत 20 लाख रुपये अग्रिम दिए गए थे। इकरारनामे में दो महीने के भीतर जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात तय थी। निर्धारित अवधि में रजिस्ट्री नहीं होने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मामला बढ़ने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय और न्यायालय तक पहुंचा। रविवार को स्थानीय स्तर पर पंचायत के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक में दोनों पक्षों ने अपने-अपने दावे और दस्तावेज प्रस्तुत किए। जीतन मेहता ने कहा कि एग्रीमेंट में रजिस्ट्री के लिए निर्धारित दो महीने की अवधि समाप्त हो चुकी है। पंचों और दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने जमीन के दस्तावेज और एग्रीमेंट की शर्तों पर चर्चा करते हुए आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया, लेकिन कोई सर्वमान्य निर्णय नहीं हो सका। अंततः दोनों पक्षों की सहमति से अगली पंचायत बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह, नरेंद्र मेहता, अरविंद महतो, सहदेव महतो, रामाशीष महतो, अधिवक्ता वीरेंद्र प्रसाद, जीतन मेहता, विजय मेहता, दिनेश्वर मेहता और अजय मेहता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानों के औचक निरीक्षण में कई दुकानें बंद मिलीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पूर्व निगरानी समिति अध्यक्ष सह विधायक के निगरानी प्रतिनिधि रामजनम सिंह ने रविवार को विभिन्न पंचायतों में पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानें बंद मिलीं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। रामजनम सिंह ने बड़ेपुर, बनियाडीह बराही, दंगवार और बेल विगहा पंचायतों की दर्जनों पीडीएस दुकानों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के दौरान गरीब और जरूरतमंद लोगों को राशन लेने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी पीडीएस संचालक समय पर दुकान खोलकर पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने दुकानदारों को पहली बार चेतावनी देते हुए कहा कि फिलहाल हिदायत देकर छोड़ा जा रहा है। भविष्य में दुकान बंद मिलने या खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से लिखित शिकायत कर कार्रवाई कराई जाएगी।

● निगरानी प्रतिनिधि ने जताई नाराजगी

### भीमचूल्हा में जिउतिया पारण के लिए जुटीं माताएं, सुनी जीमूतवाह

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचूल्हा परिसर में रविवार को जिउतिया व्रत के पारण को लेकर आसपास के कई गांवों की माताओं की भीड़ जुटी। व्रती महिलाओं ने कोयल नदी में स्नान कर भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की और व्रत की कथा सुनी। व्रतधारियों को पुजारी गंगा तिवारी ने कथा सुनाई। सतबहिनी, नौगढ़, कादल, राणाडीह, सोनबरसा और शिलापर सहित आसपास के गांवों से महिलाएं पहुंचीं। स्नान, दान और पूजा-अनुष्ठान के बाद महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया। पुजारी ने बताया कि महाभारत काल से जुड़ी मान्यता के कारण भीमचूल्हा क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। करीब पांच वर्ष पूर्व स्थल को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित किया गया। पार्क, वॉच टावर और मोटर बोट की सुविधा भी उपलब्ध है।

# दुर्घटना संभावित स्थलों का एसडीपीओ ने लिया जायजा, वाहन जांच तेज करने का निर्देश

● छतरपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग, बिना हेलमेट और सड़क पर गलत तरीके से पार्किंग पर कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के दुर्घटना संभावित और पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुके स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क की स्थिति, तीखे मोड़, अंधे क्षेत्र, तेज गति वाले स्थानों और सड़क किनारे अनियमित रूप से खड़े वाहनों से उत्पन्न जोखिम का जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों को ऐसे स्थलों को चिह्नित कर नियमित वाहन जांच करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, नशे में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल और खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। मुख्य सड़क, मोड़, पुल और चौराहे पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान विनोद दीक्षित को साथियों ने दी भावभीनी

**मोहम्मदगंज।** भीम बराज और नियंत्रण कक्ष की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान विनोद दीक्षित की सेवानिवृत्ति पर रविवार को साथी जवानों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। नियंत्रण कक्ष के समीप बैरक में आयोजित सादे समारोह में जवानों ने उन्हें उपहार भेंटकर सम्मानित किया और स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया। मौके पर कमलेश सिंह, महेंद्र सिंह, ईश्वरी सिंह, ब्रजेश सिंह, दीपक सिंह, विवेक कुमार सिंह, बिजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश चौधरी, शिवनाथ यादव समेत अन्य होमगार्ड जवान मौजूद थे।

## दस दिनों से ठप पेयजल आपूर्ति आज से बहाल होने की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले दस दिनों से ठप पेयजल आपूर्ति सोमवार से बहाल होने की उम्मीद है। शहरी जलापूर्ति योजना की मोटर में तकनीकी खराबी और इसके बाद केबल जलने से शहर में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी। इससे विभिन्न वार्डों के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने बताया कि रविवार को मोटर और केबल की मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। सोमवार से सभी वार्डों में जलापूर्ति शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट को लेकर नगर पंचायत गंभीर है। तकनीकी खराबी के कारण पिछले दस दिनों से आपूर्ति बाधित थी, लेकिन मरम्मत पूरी होने के बाद अब शहरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को मारी टक्कर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर छतरपुर थाना क्षेत्र के मसीहानी बाईपास में रविवार को कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बगैया गांव निवासी जालिम भुइयां (62) के रूप में हुई है। घायल संजय यादव (35) का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार (यूपी 67 एम 6009) ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान जालिम भुइयां की मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा आधा दर्जन यात्री घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** जपला बाजार क्षेत्र में रविवार सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी थीं। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और 2 वाहन सड़क पर पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से ओवरलोडिंग तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दैनिक बाजार का पुराना चापानल महीनों से बंद, अतिक्रमण की जद में पहुंचा

● सड़क ऊंची होने के बाद चापानल का हैंडल जमीन से सटने लगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** दैनिक बाजार क्षेत्र का पुराना चापानल रखरखाव के अभाव में कई महीनों से बंद है और अब अतिक्रमण की जद में पहुंच गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्टेशन रोड के पीसीसीकरण और किनारे मिट्टी भराई के बाद चापानल को ऊंचा नहीं किया गया। इससे उसका हैंडल जमीन से सटने लगा और आसपास नाली का गंदा पानी जमा होने लगा। धीरे-धीरे इसका उपयोग बंद हो गया। वर्तमान में चापानल के आसपास फुटपाथ पर दुकानें लग रही हैं और उसे ढंक दिया जाता है। इसके बंद होने से आसपास के दूसरे चापानल पर पेयजल के लिए दबाव बढ़ गया है। लोगों ने चापानल को ऊंचा कराने या उखाड़-गाड़ योजना के तहत पुनर्स्थापित कर चालू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि दैनिक बाजार क्षेत्र के दोनों सोलर जलमीनार और अन्य चापानल खराब होने की स्थिति में यह पुराना चापानल पेयजल संकट में उपयोगी साबित हो सकता है।

## देवी मंदिर हैदरनगर के शारदीय मेले में रेल फाटक बनेगा बड़ी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सिद्धपीठ देवी मंदिर में शारदीय मेला की तैयारी शुरू हो गई है। मेला शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन हैदरनगर रेल फाटक पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है। इससे मेले के दौरान श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हैदरनगर स्टेशन परिसर के समीप रेल फाटक संख्या 50 बीटी से होकर बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों का आवागमन होता है। ट्रेनों के परिचालन के दौरान फाटक लंबे समय तक बंद रहने से सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। मेला, पर्व और लगन के दौरान समस्या और बढ़ जाती है। फाटक के समीप सरकारी अस्पताल होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरओबी निर्माण को लेकर पिछले कई वर्षों से मांग उठती रही है। रेलवे की ओर से डीपीआर तैयार करने की बात कही जाती रही है, लेकिन निर्माण की दिशा में अब तक ठोस पहल नहीं हुई। वैकल्पिक रूप से अंडरपास और रेलवे ट्रैक के किनारे सड़क निर्माण का प्रस्ताव भी सामने आया था, लेकिन उस पर भी काम शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने इस समस्या को लेकर रेल महाप्रबंधक हाजीपुर और मंडल रेल प्रबंधक से जानकारी मांगी थी।

## लातेहार के विवेक उरांव का भारतीय टीम में चयन का रास्ता साफ, गोवा में देंगे ट्रायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिले के प्रतिभावान एथलीट विवेक उरांव भारतीय टीम के चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए गोवा रवाना हुए। बंबोलिम, उत्तर गोवा में 4 से 8 अक्टूबर तक आयोजित चयन प्रक्रिया में देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों के बीच भारतीय टीम के लिए चयन होगा। विवेक खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, लातेहार में प्रशिक्षण ले रहे हैं और 11वीं कक्षा के छात्र हैं। चयन ट्रायल में सफल होने पर उन्हें 3 से 8 दिसंबर 2026 तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले आईएसएफ वर्ल्ड स्कूल गेम्स 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स समेत विभिन्न खेलों के मुकाबले होंगे। प्रशिक्षक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि विवेक का चयन ट्रायल के लिए जाना जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विवेक ने मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास से अपनी प्रतिभा को निखारा है।

## पेज एक के शेष

### झारखंडी बेटियों की...

उन्होंने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए राज्य सरकार प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों से बेहद आत्मीयता के साथ बात की। उन्होंने एशियन गेम्स के दौरान खिलाड़ियों की दिनचर्या, अभ्यास, खान-पान, आराम और प्रतियोगिता के अनुभवों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि जापान में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण किस प्रकार होता था, वे कितने बजे उठती थीं, कितने बजे अभ्यास करती थीं और लंबे अंतरराष्ट्रीय सफर के दौरान उन्हें किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों के प्रति व्यवहार आत्मीय और एक अभिभावक जैसा रहा। उन्होंने चारों खिलाड़ियों के परिवार और उनकी खेल यात्रा के बारे में भी जानकारी ली तथा उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पहले, जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम को 44 वर्षों बाद स्वर्ण पदक दिलाने वाली झारखंड की चारों बेटियां रविवार को रांची लौटीं। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे के साथ निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खेलप्रेमियों और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर खिलाड़ियों के साथ हॉकी झारखंड के डीजी विजय शंकर सिंह, महासचिव मनोज कोनबेगी, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच एवं सीईओ झारखंड रजनीश कुमार एवं जेनरल सेक्रेटरी मनोज कुमार प्रसाद भी उपस्थित थे।

### कल्पना सोरेन ने...

उन्होंने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों के मैच देखे हैं और सभी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चारों को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकती हैं। इस दौरान बातचीत का माहौल बिल्कुल एक मां और बेटियों के बीच होने वाली आत्मीय बातचीत जैसा रहा।

### जमशेदपुर के मानगो...

छापेमारी के दौरान पानी टंकी के पास से एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम समशाद खान बताया। इसके बाद राजपत्रित पदाधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके मैरून रंग के कुर्ते की दाहिनी जेब से हरे कागज में लिपटी 71 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुईं। बरामद ब्राउन शुगर का कुल वजन 10.46 ग्राम बताया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करता है। पुलिस अब उसके साथ जुड़े अन्य लोगों की पहचान और उनकी भूमिका की जांच कर रही है। समशाद के खिलाफ मानगो थाना में वर्ष 2022 में हत्या, अपहरण, लूट और आपराधिक साजिश सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज होने की जानकारी भी पुलिस ने दी है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जिउतिया विसर्जन के...

उपेंद्र की पत्नी जिउतिया विसर्जन करने के लिए रविवार की सुबह लगभग 6 बजे गुलहरिया तालाब में गई थी। उसके साथ उसका 13 वर्षीय पुत्र राकेश भी साथ में गया था। तालाब पर काफी भीड़ थी। साथ में नहाने के क्रम में अचानक राकेश गहरे पानी में समा गया। नहा कर मंदिर जाने के क्रम में महिला को अहसास हुआ कि उसका पुत्र साथ नहीं आया है। उसकी खोजबीन शुरू की गई। काफी देर बाद तालाब के गहरे पानी से राकेश को निकाला गया और इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। राकेश दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। राकेश के पिता उपेंद्र गुप्ता पारा शिक्षक रह चुके हैं। पारा शिक्षक पद से हटाए जाने के बाद निजी स्कूल का संचालन करते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर पुलिस ने घटनास्थल और अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली और छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की तैयारी चल रही थी।

### साहिबगंज में मॉर्निंग...

कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजमहल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विमलेश कुमार त्रिपाठी और पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास से साक्ष्य जुटाए हैं। फॉरेंसिक टीम की मदद से भी घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात के पीछे क्या कारण हो सकता है और हमलावर कौन थे। हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### आपत्तिजनक टिप्पणी को...

शिकायतकर्ता श्रवण सिंह खरवार ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने रूपी सोरेन को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की है। शिकायत के साथ सामने आए वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान वायरल वीडियो की सत्यता, उसके संदर्भ और शिकायत में लगाए गए आरोपों की पड़ताल की जाएगी। जांच के निष्कर्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव आयोग के...

डॉ अजय कुमार का दावा है कि इसके चलते बिना पर्याप्त भौतिक सत्यापन के बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। पूर्व सांसद ने इस पूरे मामले को चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए डिजिटल साक्ष्यों, इलेक्ट्रॉनिक लॉग और अन्य ऑडिट रिकॉर्ड को तत्काल सुरक्षित रखने की मांग की है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की है। शिकायत में उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 336 और 340 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 72 और 72ए के तहत कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, ईआरओ के अधिकारों में कथित कटौती, वोटर रजिस्ट्रेशन सिस्टम में बदलाव और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड से संभावित छेड़छाड़ की आशंका की जांच की मांग की है। इधर, रविवार को गोलमुरी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने कहा कि पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार की ओर से लिखित शिकायत मिली है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।




## आरक्षण पर वाघेला का 'कचरा दांव'

# सामाजिक अपमान या गुजरात में नई बहुजन राजनीति ?

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** राजनीति में भाषा जब अचानक अनगढ़ व आक्रामक हो जाए, तो समझ लेना चाहिए कि निशाना कोई तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि सत्ता के लिए नई व्यवस्था है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला द्वारा सागबारा के आदिवासी मंच से यह कहना कि 'पटेल, बनिया और ब्राह्मण यदि कचरा उठाएं तो वे उन्हें 50 हजार रुपए महीना देंगे', किसी बुजुर्ग नेता (86 वर्षीय ) की जीभ फिसलना नहीं है। यह गुजरात के उस शांत सामाजिक सागर में जानबूझकर फेंका गया विस्फोटक है, जिससे वे एक खास किस्म का सामाजिक असंतोष उबालना चाहते हैं । इस बयान के गर्भ में छिपे दो सबसे बड़े बुनियादी सवाल हैंः पहला, भारतीय समाज में योग्यता और अधिकार का मापदंड क्या है और दूसरा, क्या गुजरात का बहुजन समाज मौजूदा सत्ता तंत्र द्वारा खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है?

### 'आर्थिक आधार' और 'योग्यता' का दांव

सवर्ण समाज की तरफ से आरक्षण का विरोध हमेशा 'आर्थिक आधार' और 'योग्यता' के नाम पर किया जाता रहा है। वाघेला ने ठीक इसी दलील की जड़ पर कुल्हाड़ी चलाई है।उनका तर्क यह है कि आरक्षण कोई गरीबी हटाने का पैकेज नहीं है, बल्कि सामाजिक बहिष्कार की भरपाई है जो एक वर्ग विशेष पर थोपा गया। 50 हजार रुपए की पेशकश करके उन्होंने सीधे तौर पर यह चुनौती दी है कि अगर सारा झगड़ा केवल पैसे और आजीविका का है, तो क्या विशेषाधिकार प्राप्त जातियां उस अमानवीय काम को अपनाने के लिए तैयार हैं, जिसे दलित और शोषित समाज पीढ़ियों से 'अपनी नियति' मानकर करने को मजबूर किया गया? यहाँ वाघेला उस दांव को आजमाना चाहते हैं जिसे मायावती शुरूआती दौर में आजमाती थी कि जाति केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि श्रमिकों का श्रेणीबद्ध विभाजन है, जहाँ प्रतिष्ठा पहले से तय है।

### क्या इतिहास ऐसा है या भाजपा के शासन में ही वंचितों से छल हुआ है?

वाघेला का निशाना गांधीनगर व दिल्ली के सत्ता प्रतिष्ठान की ओर है। इस बयान के पीछे बढ़ती हिंदू एकता को तोड़ने की गंभीर कूटनीति हैः

**1. प्रतीकों का सम्मान बनाम संसाधनों की लूटः** जिस सागबारा (नर्मदा) की धरती पर यह बयान दिया गया, वह देश के सबसे बड़े आदिवासी वनाधिकार संघर्ष का केंद्र है। भाजपा शासन ने प्रतीकात्मक राजनीति में राष्ट्रपति पद से लेकर बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं तक आदिवासियों को आगे रखा, जबकि आरोप है कि जंगल, जमीन और जल के अधिकार कॉरपोरेट परियोजनाओं और पर्यटन के नाम पर छीने जा रहे हैं। वाघेला इसी विसंगति को 'छलावा' कह रहे हैं—कि पूजा प्रतीकों की हो रही है, लेकिन बेदखल इंसान हो रहे हैं।

**2. बिना संविधान बदले आरक्षण का खात्माः** सरकारी तंत्र में निजीकरण की अंधी दौड़, तृतीय-चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में आउटसोर्सिंग (ठेका प्रथा) और उच्च शिक्षण संस्थानों में रोस्टर की तकनीकी बाजीगरी ने आरक्षित वर्ग के पढ़े-लिखे युवाओं में यह बात बैठा दी है कि सरकारी नौकरियों के दरवाजे पिछले दरवाजे से बंद किए जा रहे हैं। इसे ही वाघेला सत्ता द्वारा किया गया छल मानते हैं—कि कागजों पर आरक्षण बरकरार है, पर नौकरियां ही खत्म की जा रही हैं।

**3. सवर्ण-पूंजी गठजोड़ की मोनोपॉलीः** गुजरात का मॉडल मूलतः हिंदू एकता से बंधे व्यापारिक और सवर्ण (पाटीदार-बनिया) पूंजी की धुरी पर टिका है। वाघेला का कहना है कि राज्य के 70 फीसदी बहुजन (ओबीसी, आदिवासी, दलित) आबादी केवल वोट बैंक हैं, नीति-निर्माण और सत्ता की मलाई पर आज भी उनका कब्जा नहीं है।

### 2027 का राजनीतिक चक्रव्यूहः भाजपा के सामने दोधारी तलवार-

वाघेला अपने आक्रामक रुख से भाजपा को उकसा रहे हैं।

पूर्व भाजपाई और अब मोदी के कट्टर विरोधी वाघेला जानते हैं कि यदि भाजपा उनके इस अपमानजनक बयान का तीखा विरोध करते हुए सवर्णों (पाटीदार, ब्राह्मण) के साथ खड़ी दिखती है, तो विपक्ष तुरंत उसे 'आरक्षण विरोधी और बहुजन विरोधी' घोषित कर देगा।

चुप रहना अपने ही कोर वोट को खोनाः देश में जैसी आरक्षण विरोधी हवा बनाई जा रही है उसमें यदि भाजपा खामोश रहती है, तो उसका तीन दशक पुराना निष्ठावान सवर्ण मतदाता खुद को असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करेगा।

यज्ञेश दवे द्वारा वाघेला को '5 लाख लेकर घर की सफाई' करने का पलटवार इस बात का सबूत है कि वाघेला की बात ने उस दुखती रग को छुआ है जहां से तर्क खत्म होते हैं और अहंकार टकराता है।शंकर सिंह वाघेला ने गुजरात की राजनीति को 2027 के चुनाव से पहले भाजपा को 'सर्वसमावेशी' राजनीति से जातिगत दलदल के पुराने मैदान में खींच लाने की एक बेहद सोची-समझी कूटनीतिक चाल कितनी सफल होती है देखना है क्योंकि संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है न कि पूर्व की घटनाओं के मुआवजे के लिए और आज के मशीनी युग में सर पर मैला ढोने की प्रथा है ही नहीं ।

# अमेरिका ने न्यूयॉर्क से ईरान के दो राजनयिकों को निकाला

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिका ने ईरान के दो राजनयिकों को देश से बाहर भेज दिया। दोनों संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे और महासभा खत्म होने के बाद भी वहीं रुके रहे। एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, महासभा में शामिल होने आए उसके प्रतिनिधिमंडल के दो सदस्य (राजनयिक) न्यूयॉर्क में ही रुके रहे। अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बारे में ईरानी मिशन सूचित किया।

इसके बाद ईरान को दोबारा संदेश भेजकर दोनों को तुरंत अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया। इसके बाद एक राजनयिक शुक्रवार रात और दूसरा शनिवार सुबह न्यूयॉर्क से रवाना हो गया।

# भारत और कनाडा के बीच होगी 5वें दौर की व्यापार वार्ता



**नई दिल्ली ।** भारत और कनाडा सोमवार को ओटावा में अपने प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के लिए पांचवें दौर की बातचीत शुरू करेंगे, क्योंकि दोनों पक्ष 2026 के अंत तक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रख रहे हैं। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के नेतृत्व में पांच दिवसीय दौर 9 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पिछला दौर 18 सितंबर को नई दिल्ली में संपन्न हुआ था, और अब अधिकारी अंतिम समझौते की दिशा में तेजी से प्रगति पर जोर दे रहे हैं। व्यापार वार्ता को अतिरिक्त गति मिली है।

## हल्द्वानी शुद्धिकरण मामले में बोले सीएम धामी

# विपक्ष गढ़ता है मनगढ़ंत मुद्दे रैली में शराब की बोतलें फेंकी गईं थीं

**एजेंसी । बनबसा**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पहली बार बनबसा में कैबिनेट बैठक की। इसके बाद समाचार एजेंसी आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा कि युवराज भारत की संस्कृति और भारत के संस्कार से अनभिज्ञ हैं, उनके व्यवहार में नहीं है, उनके संस्कार में नहीं है। नहीं तो जब प्रधानमंत्री बुजुर्ग माता को कुर्सी देते हैं तो वे उसकी कॉमेडी करते हैं। वह लीडर नहीं रह गए, कॉमेडियन बनना चाह रहे हैं और कॉमेडी बन गए हैं। अजीत डोभाल साहब हमारे देश के गौरव हैं, उत्तराखंड के लाल हैं। उन्होंने पूरा जीवन भारत की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और भाई सुरक्षा में लगाया है। हमें गर्व हैं उन पर, उनके बारे में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं, देशवासी या उत्तराखंड वासी इनको कभी माफ नहीं करेंगे। हमारे राज्य के जनरल बिपिन रावत, जो पहले सीडीएस थे, उनके बारे में गली के गुंडे जैसा शब्द का प्रयोग करना, उनकी पार्टी के लोग करते थे, उनके नेता करते थे। हल्द्वानी में अनुसूचित समाज के शिल्पकार भाई, वाल्मीकि भाई शुद्धि हवन करते हैं क्योंकि वहां पर जिहादी नारे लगते हैं। रैली में गंदगी होती है, शराब की बोतलें फेंकी जाती हैं और अन्य कूड़ा कचरा किया जाता है, उस इस मुद्दे कोराजनीतिक रूप दिया जाता है। हम किसी भी जाति और धर्म अपमान नहीं करते विपक्ष ने कार्यक्रम से पहले न कोई प्रेस विज्ञप्ति और न कोई वीडियो जारी किया था। दलित समाज के लोग उसमें शामिल थे। जब उसकी सच्चाई सामने आई, तो कांग्रेस पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। उनके पास कोई मुद्दे नहीं है, इसलिए मनगढ़ंत मुद्दे बनाते हैं। दो चार दिन बाद उनको मुंह की खानी पड़ती है। इस बार गलत लोगों का नाम हटाए जा रहे हैं, घुसपैठियों के वोट हटाए जा रहे हैं और जिनके तीन-चार जगह पर वोट हैं, उनको हटाया जा रहा है। ये लोग वोटों के चुनाव को प्रभावित करते थे।

# नेपाल में टाइफस से 22 मरे, 90872 संक्रमित



**काठमांडू।** नेपाल के इनर मधेश के जिलों को दहला चुका स्क्रब टाइफस देशभर में फैल गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 से शनिवार तक नेपाल में 9,872 लोग स्क्रब टाइफस से संक्रमित पाए गए हैं। महामारी विज्ञान एवं रोग नियंत्रण महाशाखा के रोग निगरानी एवं अनुसंधान शाखा के प्रमुख हेमराज पाण्डे के अनुसार, डोल्पा, मनांग और मुगु को छोड़कर 74 जिलों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस अवधि में स्क्रब टाइफस से 22 लोगों की मौत हो गई।

# बलोचिस्तान की महिलाओं ने पाकिस्तानी सेना के 18 अधिकारी मार गिराए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान, 04 अक्टूबर (हि.स.)। बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) की महिला शाखा करीमा आर्म्ड असॉल्ट डिवीजन और हरावल दस्ते की कुर्बान यूनिट ने पहली अक्टूबर को संयुक्त रूप से वाशक के मशकिल गुरिंदर इलाके में फ्रंटियर कोर (एफसी) की 58वीं विंग के मुख्य मिलिट्री कैंप को हमला कर तबाह कर दिया। इस दौरान कैंप के 18 अधिकारी मारे गए। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर घोरम बलोच ने दावा किया कि कैंप को घेर कर रॉकेट, ग्रेनेड लॉन्चर और स्वचालित हथियारों से हमला किया गया। इस हमले में पाकिस्तान सेना के 18 अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए।

इस दौरान सेना के रई जवान कैंप छोड़कर भाग गए। सेना की मदद के लिए पहुंचे अतिरिक्त बल को भी निशाना बनाया गया। इस दौरान कई जवान मारे गए। अतिरिक्त बल को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया गया। बलोच ने कहा कि सेना मृतकों की संख्या छुपा रही है, लेकिन बाद में सेना ने शव हेलीकॉप्टर से पंजगुर पहुंचाए।

# भदोही बना संत रविदास नगर दलित-राजभर को संदेश, सीएम योगी ने एक नाम में जोड़ी दो विरासत

**एजेंसी । संत रविदास नगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही को 'संत रविदास नगर भदोही' नाम देने की बात दोहराकर इतिहास के साथ राजनीतिक संदेश भी दिया है। संत रविदास का नाम जिले की पहचान में वापस लाने से दलित समाज की आस्था और सम्मान जुड़ा है, वहीं 'भदोही' को बरकरार रखने से भार राज से जुड़ी ऐतिहासिक पहचान भी कायम रहेगी। पूर्वांचल के सामाजिक समीकरण में अहम दलित और राजभर समाज के लिहाज से भी इस फैसले के मायने हैं। सीएम योगी ने पहली बार 29 जुलाई 2026 को वाराणसी में भदोही का नाम बदलने की घोषणा की थी। रविवार को भदोही की धरती से उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट किया कि जनपद 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा।



### 112 प्रोजेक्ट्स का किया शुभारंभ

दरअसल, योगी आदित्यनाथ भदोही में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने 1,340 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 112 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**'इंडिया कारपेट एक्सपो' के स्वर्ण जयंती संस्करण का किया शुभारंभ :** वहीं सीएम योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "जनपद भदोही में आज एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय हस्तनिर्मित कालीन व्यापार मेला 'इंडिया कारपेट एक्सपो' के स्वर्ण जयंती संस्करण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कालीन उद्योग से जुड़े निर्यातकों, विक्रेताओं एवं प्रमुख उद्यमियों से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री 1,340 करोड़ रुपए से अधिक की 112 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 30 जून 1994 को वाराणसी से अलग कर भदोही को नया जनपद बनाया। इसके तीन साल बाद 4 दिसंबर 1997 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के सम्मान में भदोही का नाम बदलकर 'संत रविदास नगर' करने का नोटिफिकेशन जारी किया। करीब 17 साल बाद 6 दिसंबर 2014 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कैबिनेट की बैठक के माध्यम से 'संत रविदास नगर' का नाम बदलकर फिर 'भदोही' कर दिया। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'संत रविदास नगर' और 'भदोही' दोनों को जिले के नाम में स्थान दिया है। भदोही का इतिहास जिला बनने से सदियों पुराना है। जिला प्रशासन के आधिकारिक इतिहास के अनुसार इसका नाम यहां के 'भार राज्य' से पड़ा, जिसने भदोही को अपनी राजधानी बनाया था। क्षेत्र में भार शासकों से जुड़े पुराने टीले और तालाब भी बताए गए हैं। अकबर के शासनकाल में भदोही को दस्तुर बनाकर इलाहाबाद (प्रयागराज) सरकार में शामिल किया गया।

